राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 101
लखनऊ, गुरुवार 28 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म के क्षेत्र में बढ़ीं संभावनाएं 03

नियम 267 पर सभापति के निर्णय का सम्मान होना चाहिए : धनखड़ 12

## संभल हिंसा में संलिप्त लोगों के चौराहों पर लगेंगे पोस्टर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के बाद कड़ा रुख अपनाया है। हिंसा में शामिल पत्थरबाजों और अन्य आरोपितों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है।

सरकार ने ऐलान किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पत्थरबाजों और हिंसा में शामिल आरोपितों के पोस्टर लगाए जाएंगे ताकि उनकी पहचान जनता के बीच उजागर हो और उन्हें पकड़ने में मदद मिले। संभल में 24 नवंबर को मस्जिद का सर्वे करने गई टीम पर एक समुदाय विशेष से जुड़े उपद्रवियों की भीड़ एकत्र हो गयी थी। सर्वे करने वाली टीम, अधिवक्ता और पुलिस बल पर पत्थरबाजी शुरू कर दी थी। पत्थरबाजों ने इतना तांडव किया कि पुलिस को आंसू गैस के गोले तक छोड़ने पड़े। इस घटनाक्रम में चार लोगों की मौत हो गयी। हालांकि पुलिस प्रशासन स्पष्ट कर चुका है कि किसी की भी मौत पुलिस की गोली से नहीं हुई है। अब योगी सरकार ऐसे सभी चिह्नित लोगों के चौराहों पर पोस्टर लगाकर उनके चेहरे को सार्वजनिक करने जा रही है। सरकार इन उपद्रवियों पर इनाम भी घोषित कर सकती है।

## रिकॉर्ड : सबसे तेज टी-20 शतक बनाने वाले भारतीय बने उर्विल पटेल

### सैयद मुश्ताक अली मैच के दौरान सिर्फ 28 गेंदों में पटेल के शतक लगाते ही ऋषभ पंत के सबसे तेज भारतीय व प्रारूप में दूसरे सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड टूटा

लगाए सात चौके व 12 छक्के



एजेंसी

**इंदौर।** गुजरात के 26 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल ने बुधवार को त्रिपुरा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली मैच के दौरान सिर्फ 28 गेंदों में शतक लगाया, इसी के साथ उन्होंने ऋषभ पंत के सबसे तेज भारतीय और प्रारूप में दूसरे सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

त्रिपुरा के खिलाफ 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उर्विल बल्लेबाजी करने आए और विपक्षी गेंदबाज़ी की धज्जियाँ उड़ाते हुए सात चौके और 12 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 322.86 था। उन्होंने अपनी टीम को आठ विकेट और 58 गेंदें शेष रहते मैच जीता दिया। उनके सलामी जोड़ीदार आर्य देसाई (24 गेंदों में 38 रन, चार चौके और दो छक्के) ने भी अहम पारी खेली और एक छोर संभाले रखा। इससे पहले, गुजरात ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। त्रिपुरा के लिए श्रीदम पॉल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 49 गेंदों में 57 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने चार चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत त्रिपुरा ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाए। गुजरात के लिए अरज़ान नागवासवाला ने 35 रन देकर 3 विकेट लिए, चिंतन गजा ने भी तीन ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि अक्षर पटेल को एक विकेट मिला।

### आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे जसप्रीत बुमराह



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत दिलाने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मैच में 8 विकेट लेने वाले बुमराह ने जोश हेजलवुड और कैगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है और करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रेटिंग पॉइंट पर पहुंच गए हैं, जो किसी भारतीय सीम गेंदबाज द्वारा अब तक का सबसे अधिक रेटिंग पॉइंट है। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (904) और रवींद्र जडेजा (899) भारत के एकमात्र गेंदबाज हैं जिन्होंने उच्च अंक हासिल किए हैं। यह तीसरी बार है जब बुमराह इस साल रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं। फरवरी और अक्टूबर में वे शीर्ष स्थान पर थे। पांच टेस्ट मैचों में से पहले टेस्ट में भारत की बड़ी जीत का असर शतकवीर यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली सहित कई अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने पर्थ में दूसरी पारी में 161 रन बनाकर शीर्ष स्कोरिंग के बाद हैरी ब्रूक और केन विलियमसन को पछाड़कर करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग हासिल की है, जबकि कोहली की नाबाद 100 रन की पारी ने उन्हें नौ पायदान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जो 10 साल में पहली बार शीर्ष 20 बल्लेबाजों से बाहर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र को मिला 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' का सम्मान

कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स का आयोजन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग को नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित प्रतिष्ठित ट्रेवल एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स में 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यटन क्षेत्र में प्रदेश द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों के लिए दिया गया है। पर्यटन व संस्कृति विभाग विभाग के प्रमुख सचिव एवं मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश में पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिये हमारे प्रयासों को और गति प्रदान करेगा। मध्य प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिये पर्यटन विभाग द्वारा नवाचार किये जा रहे हैं।

### सरकार देश में डॉपलर मौसम रडार की संख्या बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** मिशन मौसम के तहत पूर्वानुमान प्रणाली की सटीकता में सुधार के लिए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने देश में डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। यह जानकारी आज केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि मिशन मौसम के तहत दो से तीन वर्षों में कुल 87 डीडब्ल्यूआर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। पूरे देश को कवर करने वाले ये डीडब्ल्यूआर देश की मौसम निगरानी क्षमताओं को बढ़ाएंगे। कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है। हालांकि, कैबिनेट मंत्री और सांसदों ने कर्नाटक में डीडब्ल्यूआर की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजे हैं।

### भाजपा संगठन चुनाव के लिए तावड़े बने यूपी-बिहार के पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी संगठन चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विभिन्न राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और प्रदेश इकाई के समन्वय से संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराएंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश और बिहार का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य में संगठन चुनाव कराना तावड़े की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की जिम्मेदारी दी गई है।

### अडानी को गिरफ्तारी से बचा रही है मोदी सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उद्योगपति अडानी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है। श्री गांधी ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा जाहिर है, अडानी उन पर लगे आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जैसा कि हम कह रहे हैं। उन्होंने कहा सैकड़ों लोगों को मामूली आरोपों के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है। अडानी पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप लगाया गया है। उन्हें जेल में होना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है।

## भारत की सांस्कृतिक विरासत की छाप छोड़ेगा महाकुंभ : सीएम योगी

स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण



सीएम ने महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों को गति देते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। योगी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ हम सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

वेणीमाधव भगवान व मां गंगा ने हम सबको ये अवसर दिया है कि हम सभी मिलकर इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागी बनकर देश और दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रयागराज की महत्ता के बारे में बताएं। इस पौराणिक और दुनिया के सबसे बडे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माध्यम से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दुनिया के मंचों पर देगा। इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है तो यह जरूर पूर्वजन्मों के पुण्यों का ही प्रताप है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक इस आयोजन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद आप सभी का अभिनंदन करने फिर यहां आएंगे। 2019 में स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का प्रतिबिम्ब बना था कुम्भ सीएम योगी ने कहा कि दिव्य, भव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना साकार करने के लिए प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन की नींव स्वच्छताकर्मी, सफाईकर्मी, नाविक और इस पूरे अभियान से जुड़े जितने भी कार्मिक हैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कुम्भ के माध्यम से आने वाला हर व्यक्ति एक सुकून महसूस करके असीम आध्यात्मिक शांति की अनुभूति करता हो, यह दृश्य 2019 के प्रयागराज कुम्भ में देखने को मिला था। पहले से भी वृहद और भव्य होगा महाकुम्भउन्होंने कहा कि प्रातः काल से ही प्रयागराज में अलग-अलग स्थानों पर जो कार्यक्रम होने जा रहे हैं उसकी तैयारी में सभी जुटे हुए हैं। 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच में जो 6 प्रमुख स्नान होने हैं, उनमें 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकरसंक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान होंगे।

### इलाहाबाद विवि के 136वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए योगी




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाना जाता है। इस विश्वविद्यालय ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर कार्य करने के लिए देश को ऊर्जावान पीढ़ियां प्रदान की हैं। विश्वविद्यालय ने विपरीत परिस्थितियों तथा झंझावातों का चुनौतीपूर्वक सामना करते हुए फिर से उस प्रतिष्ठा को प्राप्त करने की अंत:वेदना को महसूस किया है। मुख्यमंत्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पदक विजेता छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किये तथा डॉ0 कुमार विश्वास को विश्वविद्यालय की विशेष मानद उपाधि प्रदान की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सार्वजनिक जीवन, सेवा, साहित्य, विज्ञान आदि क्षेत्रों के लिए प्रतिभावान युवाओं को प्रदान करने के साथ-साथ देश की न्यायिक सेवाओं में उच्चतम न्यायालय से लेकर जनपद स्तर तक न्यायिक अधिकारियों की एक लम्बी श्रृंखला प्रदान करने का कार्य किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रशासन के क्षेत्र में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से लेकर कैबिनेट सेक्रेटरी तक प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई देते हैं।

## एक्सप्रेस-वे पर तीन डॉक्टर समेत पांच लोगों की मौत



समृद्धि न्यूज़

**कन्नौज।** आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कार डिवाइडर से टकराने में पलट गई। और दूसरी ओर ट्रक से टकरा गई। जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौत और एक गंभीर घायल हो गया।

बुधवार तड़के सुबह करीब 4 बजे थाना तिर्वा क्षेत्रान्तर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 196 पर लखनऊ से आगरा की तरफ जा रही स्कार्पियो कार संख्या यूपी 80 एचबी 0703 अनियंत्रित हो जाने के कारण डिवाइडर तोड़कर आगरा से लखनऊ साइड में आ गई। आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक संख्या आरजे 09 सीडी 3455 से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में कुल 06 लोग सवार थे। जिसमें से पांच लोगों की मृत्यु हो गई है। और जयवीर सिंह (39) पुत्र करण सिंह निवासी मझोला बुद्ध विहार मुरादाबाद गंभीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने घायल को तिर्वा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। मृतकों के शवों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज मोर्चरी में रखवा दिया। जानकारी के अनुसार मृतक अनिरुद्ध वर्मा (29) पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा, संतोष कुमार मोर्य (46) पुत्र जीत नारायण मौर्य उम्र निवासी राजपुरा भदोही संत रविदास नगर हाल पता टाइप 2 ब्लॉक 306 न्यू कैंपस रिम्स सैफई, अरुण कुमार (34) पुत्र अंगद लाल तेरा मल मोतीपुर कन्नौज, नरदेव (35) पुत्र राम लखन गंगवार उम्र 35 वर्ष निवासी बायपास रोड नवाबगंज बरेली, राकेश कुमार (38) पुत्र कलुआ सिंह निवासी जीवनपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर है।

बताया जा रहा है। कि सैफई मेडिकल कॉलेज में संतोष कुमार लैब टेक्निशियन तथा राकेश कुमार स्टोर कीपर व अन्य सभी डॉक्टर हैं। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

### रांची में आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत के बाद हेमंत सोरेन गुरुवार को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर की शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शपथ ग्रहण करायेंगे। इस समारोह में कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, एनसीपी पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड संगमा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, अखिलेश यादव आदि शामिल होंगे

## गवाहों को धमकाने के आरोपों पर आशीष मिश्रा से जवाब-तलब

एजेंसी

खीरी में 2021 के हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 2021 के हिंसा मामले के आरोपियों में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को गवाहों को धमकाने के आरोप पर चार सप्ताह में अपना जवाब देने का बुधवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने शिकायतकर्ताओं में से एक का पक्ष रख रहे वकील ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उन्होंने मिश्रा द्वारा गवाहों को धमकाने का दावा करते हुए याचिका दायर की थी।

इस पर पीठ आरोपी आशीष के अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा। श्री दवे ने हालांकि आरोपों से इनकार किया और कहा कि यह एक 'अंतहीन प्रक्रिया' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तस्वीरों में उनका मुवक्किल नहीं है। पीठ पर श्री दवे की इन दलीलों का असर नहीं हुआ।

### एनआईए ने दविंदर बंबीहा के खिलाफ पंजाब-हरियाणा व यूपी में मारा छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों में नौ स्थानों पर दविंदर बंबीहा सिंडिकेट के सहयोगियों से जुड़े परिसरों की व्यापक तलाशी ली। एनआईए की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह तलाशी हथियार, गोला-बारूद, नशीले पदार्थों, विस्फोटकों आदि जैसे आतंकवादी हार्डवेयर की तस्करी के लिए आपराधिक साजिशों में लगे आतंकी संगठनों पर एनआईए की निरंतर कार्रवाई का हिस्सा है। एनआईए की टीमों ने हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम जिलों, पंजाब के जालंधर जिले और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट मामले में संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली।

## कार्रवाई : डिप्टी सीएम ने झांसी अग्निकांड में प्रधानाचार्य को पद से हटाया, तीन निलंबित

मामले में कमिश्नर लेवल पर भी जांच के दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड के बाद से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लगातार एक्टिव दिख रहे थे। वहीं अब दस बच्चों की मृत्यु के मामले में डिप्टी सीएम ने बड़ी कार्रवाई करके हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य को हटा दिया है। साथ ही कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आरोप पत्र एवं तीन अन्य को निलंबित कर दिया है।

बता दें कि ब्रजेश पाठक के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह एक्शन लिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हृदय विदायक घटना को लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई गई है। इस संबंध में कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर को आरोप पत्र दिया गया है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता (विद्युत) संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौर को तत्काल निलंबित करते हुए आरोप पत्र दिया गया। बता दें कि इस मामले में कमिश्नर लेवल पर भी जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## हिंदुओं को एक मंच पर लाकर श्री कृष्ण का मंदिर निर्माण कराने का फैसला

इसके लिए एक 11 सदस्य समिति का किया जाएगा गठन

समृद्धि न्यूज

**मथुरा।** वृंदावन के केशव धाम में बुधवार को हुई अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण करने का अहम फैसला लिया गया। इसके लिए एक 11 सदस्य समिति का गठन किया जाएगा।

यह समिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाति तोड़ो, समाज जोड़ो अभियान चलाएगी। जो हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को ने केवल मुंह तोड़ जवाब देगी, दुनिया भर के हिंदुओं को एक मंच पर लाने और साधु संत मठ मंदिर गाय गोरी की रक्षा करने के साथ साथ सनातन धर्म को मजबूत करने का भी कार्य करेगी। श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के बैनर तले संत गोविंदानंद तीर्थ महाराज जी की अध्यक्षता में हुई अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि के एक हिस्से पर बनाई गई शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने ईदगाह मस्जिद का पुरातत्व विभाग से सर्वेक्षण करने और वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर न्यायालय में चल रहे मुकदमे की ताजा स्थिति को रखा। महेंद्र प्रताप सिंह ही श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के वादी भी हैं। उन्होंने बताया कि मस्जिद का जल्द सर्वे कराने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है।

सदन

### सपा सदस्य सदन के बीचोबीच आ गए व 'संभल के हत्यारों को फांसी दो, फांसी दो' नारे लगे लगाने

## लोकसभा में संभल हिंसा को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लोक सभा की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी।



आज दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होते ही समाजवादी पार्टी (सपा) और अन्य विपक्षी सदस्य संभल में हुई हिंसा के विरोध में शोरशराबा और नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्य शोरगुल करते हुये सदन के बीचोबीच आ गये और 'संभल के हत्यारों को फांसी दो, फांसी दो' नारे लगाने लगे। कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदपवार) और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य भी इस दौरान अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर सपा सदस्यों की नारेबाजी का साथ दे रहे थे। इस बीच, पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। श्री सैकिया ने शोरशराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने का बार-बार आग्रह किया लेकिन विपक्षी सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को उनकी बात कहने का मौका दिया जायेगा, वे अपने-अपने स्थान पर जायें और सदन की कार्यवाही चलने दें। सदन का समय बहुत कीमती है और सारा देश इसे देख रहा है। हंगामा जारी रहने पर श्री सैकिया ने सदन की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। इससे पहले आज पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होते ही अडानी मामले में बहस कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा में आज प्रश्नकाल नहीं चल पाया और सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गयी।

### राज्यसभा में शून्यकाल बाधित, सदन स्थगित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति, और उत्तर प्रदेश के संभल और मणिपुर में हिंसा तथा अडानी समूह की कथित अनियमिताओं की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर शोरशराबा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई और शून्यकाल बाधित हुआ। सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले स्थगन के बाद 11 बजकर 30 मिनट पर जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य शोर शराबा करने लगे। श्री धनखड़ ने सदस्यों से शांत होने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करना चाहिए। इस बीच कांग्रेस के जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी ने बोलने का प्रयास किया तो सभापति ने कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं लेने के निर्देश दिए।

# गायों की सुरक्षा के लिए गौशाला की रखी गई आधारशिला

▸ किसानों की समस्याएं होंगी दूर

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पूजा कर विधि विधान से गौशाला का शिलान्यास किया।

जिले में शासन के निर्देश पर गोवंश की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने धौरहरा तहसील के मूड़ी गांव में ग्राम समाज की भूमि पर पूजन कर गौशाला निर्माण के लिए शिलान्यास किया। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी और सीडीओ खीरी अभिषेक कुमार ने पूजा कर विधि विधान से शिलान्यास किया है। सीडीओ ने करीब एक करोड़ की लागत से 4, माह में गौशाला बनने की बात कही है। धौरहरा तहसील क्षेत्र मे ईसानगर ब्लाक के मूडी गांव सहित अन्य गांवों में आवारा गोवंश ओर जानवरों को लेकर किसान कई वर्षों से परेशान होते चले आ रहे है। प्रशासन से तमाम शिकायतों के बाद भी किसानों की समस्याएं कम नहीं हो रही थी जिसको लेकर बीजेपी के क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीएम योगी से मदद की गुहार लगाई थी। शासन के निर्देश पर गौशाला निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया है। अब क्षेत्रीय किसानों की फसलों के साथ साथ आवारा जानवरों को खाने पीने की बेहतर व्यवस्था किए जाने का खाका तैयार किया गया है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप कुमार चौधरी भी रहे मौजूद, विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने गौशाला भूमि पर पूजा कर ईट गाड़कर काम की शुरुआत की है। स्थानीय किसानों को इस गौशाला के बनने से जानवरों की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

## आज होगा परिषदीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



**बाँकेगंज (खीरी)।** खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक बाँकेगंज के सभी न्याय पंचायत स्तरीय खेल आयोजन में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं द्वारा बाँकेगंज ब्लॉक रामलीला मैदान में सभी न्याय पंचायतों के बच्चों द्वारा आयोजित होंगी परिषदीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता,जिसमे छः साल से लगाकर चौदह साल के परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं द्वारा खेल का आयोजन किया जायेगा, जिसको लेकर तैयारियां पूर्ण क़र ली गयी थी मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, ए. आर. पी. मुकेश वर्मा पहुँच क़र निरीक्षण भी किया,खेल का मैदान बनाने में खेल अनुदेशकों में रवि वर्मा, मो. इस्लाम,जगदीश प्रसाद वर्मा ,प्रवीण कुमार, संदीप कुमार शुक्ला,राजदीप शुक्ला, प्रमोद कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता,राणा, आदि लोगो ने सहयोग किया।

पोषण भी पढ़ाई भी-

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

▸ जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने सभी आंगनवाड़ियों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन ब्लॉक सभागार मे बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण एवं शालापूर्व शिक्षा को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मजबूत किए जाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के अन्तिम दिन जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण के साथ-साथ बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा की महत्व पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण उपरांत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व के बारे में अवगत कराया तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ पूजा त्रिपाठी ने पोषण एवं स्वास्थ्य के अन्तर्गत माता एवं नवजात शिशुओं की देखभाल, निरन्तर स्वास्थ्य जांच, गर्भवती महिलाओं एवं शिशु का आहार, शिशु की वृद्धि निगरानी और कुपोषण रोकने के उपाय के विषय में चर्चा की। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर एवं रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक बृजेन्द्र अग्निहोत्री ने पोषण भी पढाई भी के अन्तर्गत नवचेतना एवं आधारशिला के राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क, प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं देखभाल तथा रॉकेट लर्निंग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शालापूर्व शिक्षा की आवश्यकता और महत्व , समावेशी शिक्षा और आईसीडीएस विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली छह सेवाओं के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया पूरक पोषण,प्री-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा,पोषण एवम् स्वास्थ्य शिक्षा प्रतिरक्षा एवं स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त अन्य विभागो के साथ समन्वय जैसी मुख्य सेवाएं आईसीडीएस द्वारा प्रदान की जा रहीं है। इन छह सेवाओं में से तीन यानी टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं और इन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से प्रदान किया जाता है। ये सेवाएं आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिका के माध्यम से जमीनी स्तर पर प्रदान की जाती हैं।

इस अवसर पर ब्लाक कॉर्डिनेटर इंद्रजीत राठौर ने पोषण ट्रैकर, सैम और मैम बच्चों के प्रबंधन तथा मुख्य सेविका माया देवी टीकाकरण और वी एच एस एन डी सत्र के विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्य सेविका कृष्णा कुमारी ने विभागीय कार्यों का उचित संचालन करने के विषय में निर्देश दिए। डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर प्रमोद रस्तोगी द्वारा पोषण ट्रैकर के समस्त बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## सिलेंडर लीक से भड़की आग, नियंत्रित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बुधवार को चाट पकौडी की एक ठेली दुकानदार के यहां भटठी में लगे सिलेडर में अचानक आग लग गई। किसी तरह से आग पर काबू किया गया। बता दें कि शहर के अर्जुन नगर कालोनी निवासी नीरज दुकानदार ने बताया। कि वह नानक चौकी के समीप ठेला लगाता है। बुधवार को अचानक गैस की पाइप लीक होने के कारण गैस सिलेंडर में आग लग गई थी।

# खबरें एक नजर में

## बिजली विभाग द्वारा समाधान शिविर का आयोजन



**मितौली खीरी।** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिल तथा मीटर खराब अन्य समस्याओं को लेकर मितौली मुख्यालय पर कोतवाली के सामने समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए बिजली समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर बिजली विभाग के एसडीओ तथा अवर अभियंता तथा अधिशासीय अभियंता अमित कुमार उपस्थित रहे।

## 30 नवंबर तक भुगतान न होने पर रविवार को आठ घंटे मिल बाधित करेंगे किसान



**लखीमपुर खीरी।** पलिया में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बजाज चीनी मिल द्वारा 30 नवंबर तक संपूर्ण भुगतान न किए जाने पर एक दिसंबर से हर रविवार को चीनी मिल में आठ घंटे मिल बाधित करने की चेतावनी दी है। साथ ही जल्द से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग भी की गई है। बुधवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष तरसेम सिंह के नेतृत्व में गन्ना किसानों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बजाज चीनी मिल द्वारा पिछले सत्र का 150 करोड़ रूपए का किसानों का भुगतान अभी तक नहीं किया है जिससे किसान काफी परेशान है और मिल द्वारा अब नए सत्र का शुभारंभ भी कर दिया है, लेकिन पिछले सत्र का भुगतान करने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में किसानों ने तय किया है कि जब तक पिछले सत्र का संपूर्ण भुगतान नहीं होता है तब तक एक दिसंबर से हर रविवार को आठ घंटे मिल की तौल को बाधित करने का काम किसान करेगा। हर रविवार को मिल बंद कराई जाएगी और आठ घंटे तक किसान मिल में बैठकर अपना पुराने सत्र का संपूर्ण भुगतान करने की मांग करेगा। एसडीएम से भी पिछले सत्र का संपूर्ण भुगतान दिलाने की मांग किसानों ने की है। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह, राजा सिंह संधू समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## रामलीला में सेतु बंधु रामेश्वर और अंगद-रावण संवाद की लीला का हुआ मंचन



**उचौलिया खीरी।** उचौलिया में शिव मंदिर रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को कलाकारों ने दिखाया कि रावण के छोटे भाई विभीषण लंका नरेश को समझाते हैं कि वह राम से बैर न लें। यह बात सुन रावण क्रोधित हो जाता है और विभीषण को लंका से बाहर कर देता है। विभीषण श्री राम की शरण में पहुंचते हैं। श्री राम विभीषण को लंका का राजा बनाने की घोषणा करते हैं। वहीं वानर सेना समुद्र तट पर पहुंचती है। श्री राम तीन दिन तक समुद्र से रास्ता देने के लिए विनती करते हैं, लेकिन समुद्र रास्ता नहीं देता। बाद में श्रीराम समुद्र किनारे रामेश्वरम की स्थापना कर आराध्य शिव की आराधना करते हैं। इसके बाद श्री राम की सेना लंका पहुंचती है। इसके बाद भगवान राम ने बालिपुत्र अंगद को रावण के पास शांतिदूत के रूप में भेजा, लेकिन रावण ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया। इस दौरान अंगद ने रावण के सामने शर्त भी रखी कि यदि उसकी सभा का कोई भी राक्षस उनका पैर उठा दे तो भगवान राम अपनी हार मानकर बिना युद्ध किए ही वापस लौट जाएंगे। इस शर्त को सुनकर सभी राक्षसों ने उनका पैर उठाने के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। अंगद युद्ध का संदेश लेकर वापस आता है और राम को सारा हाल सुनाता है। रावण की भूमिका में रामवीर कुशवाह मेघनाथ की भूमिका में तीरथ राम अंगद की भूमिका में राममिलन प्रजापति विभीषण की भूमिका में शंभू कुशवाहा राम की भूमिका में धीरज गुप्ता लक्ष्मण की भूमिका में आदर्श विश्वकर्मा हनुमान की भूमिका में इंद्रपाल प्रजापति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

## अग्निकांड प्रभावित ग्रामीणों के लिए बीडीओ ने की आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था



**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम ग्रंट इनायत चीफ मे गत दिवस हुए अग्निकांड प्रभावित ग्रामीणों को खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार के निर्देशन में ग्राम प्रधान द्वारा राशन एवं आवश्यक उपभोगी वस्तुओं की व्यवस्था कराई गई गांव की ग्रामीणों द्वारा भी अग्नि प्रभावित नागरिकों का सहयोग किया गया।

## मैलानी जीआरपी पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल, महिला का खोया पर्स कराया बरामद



**मैलानी खीरी।** लखीमपुर खीरी के मैलानी चौकी जीआरपी पुलिस ने एक महिला का खोया हुआ पर्स बरामद कराकर मानवता की मिसाल पेश की है। पुलिस द्वारा ज़ब महिला को उसका खोया हुआ पर्स सौंपा गया तो महिला ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी महिला यात्री राधा देवी द्वारा जीआरपी पुलिस को सूचना दी गई कि उसका एक पर्स जिसमें 15000 रूपये, एक डायमंड रिंग व सोने की ज्वेलरी आदि है उसका पर्स गोमती एक्सप्रेस ट्रेन की ऐसी बोगी में छूट गया है। सूचना के बाद जीआरपी गोला पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए जीआरपी चौकी मैलानी को सूचना दी गई। चौकी जीआरपी मैलानी पुलिसबल द्वारा ट्रेन के स्टेशन पर आने पर समस्त एसी बोगी में उक्त गुमशुदा बैग को तलाश किया। तदोपरांत कोच अटेंडेंट को तलाश किया। मोबाइल से संपर्क न होने पर उसके घर गोला पर पहुंचकर जानकारी की गई तो कोचअटेंडेंट ने पर्स लौटाते हुए बताया कि ट्रेन की सफाई के दौरान उसे यह पर्स मिला था। उसने इसे चेक किया तो इसमें नाम पता संबंधित कोई डॉक्यूमेंट नहीं होने के कारण उसने इसे सुरक्षित रख लिया था।उक्त पर्स को बरामद करते हुए महिला यात्री राधा उपरोक्त को सकुशल सपुर्द किया गया जिस पर महिला ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जीआरपी मैलानी चौकी इंचार्ज सुधेश कुमार, हेड मोहरिर्र दिनेश सिंह यादव, हेड कांस्टेबल राम बहादुर, हेमंत कुमार, मो. वसीम हाशमी, रोशनलाल, कांस्टेबल संदीप बालियान व प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# मोहम्मदी मंडी समिति में किसान नेता राकेश टिकैत की हुई महापंचायत

▸ डीएपी, एनपी खाद की समस्या का समाधान हो, स्मार्ट मीटर न लगाया जाए फ्री बिजली दी जाए



**मोहम्मदी खीरी।** मंडी समिति के गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत किसान की समस्याओं को लेकर हुई जिसमें किसान नेता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। इस महा पंचायत मे अनेक जिलो के जिलाध्यक्ष भी शामिल हुये। किसानों की समस्या, गन्ने का भुगतान समय पर न होना, डीएपी खाद की काला बाजारी, छुट्टा जानवर, पराली के माध्यम से किसानों का शोषण सहित अन्य बिन्दु रहे। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार को 9 सूत्री ज्ञापन दिया गया। किसानों की महा पंचायत मे पहुचे राकेश टिकैत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश को अमेरिका की तरह पूंजीपतियों के हाथों में देने की तैयारी हो रही है। हम लोग मजदूर की तरह काम करेंगे। कार्यक्रम में अनेक थानों की पुलिस प्रशासन अधिकारी व मोहम्मदी उपाधिक्षक अरूण कुमार सिंह, मोहम्मदी कोतबाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह, चौकी मोहम्मदी रामबाबू, उपजिलाधिकारी मोहम्मदी डॉ. अवनीश कुमार, व उपजिलाधिकारी मितौली विनित कुमार उपाध्याय, व तहसीलदार सदर लखीमपुर सुशील प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## राजभाषा हिन्दी के 75 वर्ष विषय पर गोष्ठी



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राजभाषा हिन्दी के 75 वर्ष विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के सीजीएनपीजी कालेज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मंजू शुक्ला ने किया। इसी कडी में वक्ताओं डा. रश्मिशील ने उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के इतिहास, पं. शिवदत्त मिश्र ने राजभाषा हिन्दी एवं देव नागरी लिपि के महत्व, डा धर्म नारायण ने हिन्दीतर पट्टी में हिन्दी की चुनौतियों एवं तकनीकी नवाचारों, अमित सिंह परिहार ने राजकीय कार्यो में हिन्दी के महत्व, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने हिन्दी के विकास क्रम व आजादी के समय हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अंजू सिंह, गरिमा सिंह, अमित सिंह परिहार, जितेन्द्र कुमार, रश्मिशील, आचार्य राकेश कुमार अग्रहरि सहित प्रखर हिन्दी वक्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तीसरे दिन कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधी समां

लखीमपुर महोत्सव

▸ एसडीएम ने भी मंच पर मचाया धमाल

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को लखीमपुर महोत्सव की श्रृंखला में तीसरे दिन शहर के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम पब्लिक इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अमन गिरि, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जला कर किया। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने प्रेम पुजारी फिल्म का फूलों के रंग से, दिल की कलम से,तेरा मेरा प्यार गीत गाकर समां बांध दिया। उसके बाद कलाकारों की अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दीं। उसके बाद देश भक्ति गायन एवं नृत्य रविशंकर एण्ड पार्टी के द्वारा,शिव तांडव नृत्य, चंद्रकांत भारद्वाज के द्वाराभजन संध्या, रामपाल निषाद द्वारा मयूर नृत्य, सचिन अवस्थी द्वारा,शिव विवाह सेजल साहू, गंगा अवतरण प्रस्तुति उर्मिला पांडे,गोला शिव मंदिर पर आध्यात्मिक प्रस्तुति महेंद्र सिंह ,नुक्कड़ नाटक उमेश तिवारी,जादू मुन्ना द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसको लेकर दर्शक देर रात तक स्टेडियम में जमे रहे। एलइस मौके पर विधायक अमन गिरि, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आज से शुरू होगी पलिया नपा के उप चुनाव की नामांकन प्रक्रिया

▸ तहसील परिसर में देर शाम तक चलती रहीं तैयारियां

▸ 28 से तीन दिसंबर तक होगा नॉमिनेशन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के नगर पालिका पलिया के उप चुनाव को लेकर तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के बीच 28 नवम्बर से नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू हो रही है। एसडीएम की मौजूदगी में चुनाव की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बुधवार की देर शाम तक कर्मचारी डटे रहे। वहीं चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों भी अपने अभिलेखों को दुरुस्त कराते नजर आए। प्रत्याशियों ने सोशल मीडिया पर अपना प्रचार शुरू कर दिया है।

बता दें कि निर्वाचन आयोग उप्र ने मंगलवार को नगर पालिका के उप चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करते हुए प्रशासन को शान्ति पूर्वक निर्धारित तिथियों में चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए थे। चुनाव तिथियों की घोषणा होने के बाद चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाने वाले प्रत्याशियों में खलबली मच गई थी। नोटिफिकेशन के मुताबिक 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक नामनेशन, 4 दिसंबर को फार्मो की जांच, 6 दिसंबर को पर्चा वापसी और चुनाव चिन्हों का आवंटन, 17 दिसंबर को मतदान और 19 दिसंबर को मतगणना कराए जाना सुनिश्चित किया गया है। कम समय में तैयारियों को पूरा करने के लिए स्थानीय प्रशासन लगातार लगा हुआ है। गुरुवार से तहसील परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव पालिका कर्मियों व पुलिस के साथ कार्य को अंतिम रूप देने में जुटे नजर आए।

## पार्टियों से ये हो सकते हैं संभावित प्रत्याशी

उप चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद हालांकि पार्टियों ने अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं लेकिन सबसे अधिक टिकट की मांग को लेकर सपा और भाजपा में आवेदकों की लाइन होनी बताई जा रही है। कांग्रेस टिकट के लिए भी प्रत्याशी लाइन में हैं। अगर भाजपा की बात करें तो स्व. चेयरमैन केबी गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी गुप्ता, सपा से पूर्व चेयरमैन महमूद हुसैन खां, कांग्रेस से बलराम गुप्ता या सूफी अनवार अहमद के बेटे मोइन अहमद जावेदी मजबूत संभावित प्रत्याशी के रूप में मानें जा रहे हैं। वहीं कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों के भी मैदान में आने की संभावना जताई जा रही है।

# दस दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन, दिव्यांगजन बनेंगे उद्यमी



**लखीमपुर खीरी।** संस्था जयति भारतम् एव इनेबल इण्डिया द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जिला लखीमपुर में इन्डियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था द्वारा 35 शिक्ष्यांगजन दिव्यांगजन को दस दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में दिव्यांग जन को सफल उद्यमी बनने हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसमे अगरबत्ती, धूपबत्ती और मोमबत्ती बनाना सिखाया गया, जिससे वह इस प्रकार की सामग्री निर्माण करके स्वरोजगार विकसित कर आत्मनिर्भर बनेंगे। जिला लखीमपुर खीरी आर सी टी में यह पहली बार शिव्यांगजन को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सभी 18 से 45 वर्ष के दिव्यांगजन शामिल हुए। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया इस अवसर पर संस्था जयतिभारतम् की चीफ रेनू अग्निहोत्री, आरसीटी निदेशक राकेश कुमार जिला अस्पताल लखीमपुर के सीएमएस डॉ आरके कोली, समाज सेवी सुशांत सिंह, पंकज अग्निहोत्री तथा जी.एस.सी.ओ. मुकेश कुमार वर्मा व जयति भारतम टीम की गरिमामय उपस्थित रही।

# लगभग तीन वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा डेबर घाट का पुल

▸ 85 किमी कम हो जाएगी धौरहरा क्षेत्र से लखनऊ की दूरी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले की धौरहरा तहसील को वाया सीतापुर, लखनऊ से जोड़ने के लिए शारदा नदी के डेबर घाट पर पुल का निर्माण शुरू हो गया है। बरसात में काम रुक गया था। अब निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया है।

लखीमपुर खीरी में दो जिलों को जोड़ने वाले डेबर घाट मानपुर पुल का निर्माण बरसात के बाद फिर से शुरू हो गया है। यह पुल तीन वर्षों में बनकर तैयार होगा। शासन की मंजूरी के बाद शारदा नदी पर 17 सौ मीटर लंबे पुल का शिलान्यास प्रदेश के तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने किया था। इस पुल के बनने से धौरहरा से लखनऊ की दूरी लगभग 85 किलोमीटर कम हो जाएगी। धौरहरा तहसील को वाया सीतापुर, लखनऊ से जोड़ने के लिए डेबर घाट मानपुर पुल का निर्माण शुरू हो चुका है। इस पुल में अब तक 17 पिलर बन चुके हैं। निर्माण कार्य बरसात में तीन माह तक शारदा नदी में अधिक पानी होने की वजह से बाधित रहा, लेकिन अब फिर से काम शुरू हो गया है। बता दें कि डेबर घाट से शारदा नदी में नाव से लोग धौरहरा से जिला सीतापुर के तंबौर कस्बे को जाते हैं, इससे कई बार दुर्घटनाएं भी होती रही हैं।

## धौरहरा विधायक बोले-

**धौरहरा** विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने बताया कि धौरहरा क्षेत्र के विकास की नींव की ईंट यह डेबर घाट का पुल साबित होगा। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र को बड़ा तोहफा दिया है। यह पुल करीब तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा, क्षेत्र की जनता के लिए ये मेरे द्वारा किया गया अथक परिश्रम है धौरहरा क्षेत्र का बेहतर विकाश हो ये मेरी पहली प्राथमिकता है ।

## वर्षों बाद वजूद में आएगा मल्लापुर स्टेट

**धौरहरा** तहसील क्षेत्र के ब्लॉक ईसानगर का गांव मल्लापुर स्टेट कभी रियासत का हिस्सा था, पर शारदा नदी की विनाश लीला के चलते यह रियासत का गांव अपना वजूद खोता चला गया। इस गांव को जाने के लिए सुगम रास्ते भी नहीं बचे थे, हालांकि बीते दस वर्षों में इस गांव को जोड़ने के लिए पक्की सड़कें बनीं, अब पुल निर्माण होने से एक बार फिर मल्लापुर स्टेट वर्षों बाद अपने वजूद में आएगा।

## वर्षों से जनता कर रही थी पुल की मांग

**डेबर** घाट पर पुल निर्माण के लिए धौरहरा और सीतापुर जिले की जनता वर्षों से मांग कर रही थी। पूर्व में धौरहरा सांसद रहे जितिन प्रसाद से भी यहां की जनता ने डेबर घाट पर पुल के निर्माण की मांग की थी, पर उस दौरान पुल निर्माण की दिशा में कोई काम नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में जब जितिन प्रसाद सूबे के लोक निर्माण मंत्री बने तो क्षेत्रीय जनता ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी की अगुवाई में पुनः शारदा नदी के डेबर घाट पर पुल के निर्माण को लेकर सरकार से मांग की। इसके बाद बीते वर्ष में इस पुल के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मिली थी।

# कार्रवाई : पैसा लेकर ट्रक छोड़ने के आरोप में सहायक आयुक्त सहित दो लोग निलंबित

समृद्धि न्यूज

▸ प्रमुख सचिव एम. देवराज ने की कार्रवाई

**लखनऊ।** योगी सरकार की तरफ से एक बार फिर सरकारी अधिकारियों पर सख्त एक्शन लिया गया है। राज्य कर विभाग में सहायक आयुक्त और राज्य कर अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है।

दोनों अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने पैसा लेकर ट्रक छोड़ा है। जिसके चलते सहायक आयुक्त अपूर्वा पटेल और राज्य कर अधिकारी नरेश कुमार के निलंबन का आदेश पारित किया गया है। मेरठ के सचल दल में तैनात दोनों अधिकारियों को प्रमुख सचिव एम. देवराज द्वारा मंगलवार देर शाम सस्पेंड किया गया है। इस कार्रवाई के बाद से विभाग में खलबली मच गई है।बता दें कि सन एंड मून कंपनी का माल लदा ट्रक 25 अक्टूबर को हरियाणा से हल्द्वानी जा रहा था। इस दौरान ट्रक को रोककर सहायक आयुक्त अपूर्वा पटेल और राज्य कर अधिकारी नरेश अग्रवाल ने इसकी जांच की। ट्रक में गिफ्ट आइटम थे। फिर भी ट्रक को पैसा लेकर छोड़ा गया। इसी मामले में शिकायत हुई थी। जिसके जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। दोनों अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद पूरे प्रकरण की जांच के लिए विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विजय कुमार को नियुक्त किया गया है। जबतक दोनों अधिकारी सस्पेंड हैं तबतक वह अपर आयुक्त ग्रेड-1 झांसी से संबद्ध रहेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 11 वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। सभी अधिकारियों पर आदेशों का अनुपालन न करने और राजस्व वृद्धि का टारगेट पूरा न करने की वजह से कार्रवाईयां की गई थी।

# भाजपा शासन में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के प्रति सौतेला व्यवहार

## सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस- वे पर सड़क दुर्घटना में चार चिकित्सकों समेत पांच की मौत पर दी प्रतिक्रिया

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क दुर्घटना में चार चिकित्सकों समेत पांच लोगों की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में एक्सप्रेस-वे के प्रति सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दुर्घटना के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए जानमाल के नुकसान को एक दुखद हादसा बताया। उन्होंने कहा, हर एक जान अनमोल होती है, लेकिन जान बचाने वाले डॉक्टरों की जान जाना और भी अधिक दुखद घटना है। श्रद्धांजलि! सपा प्रमुख ने इसी संदेश में आगे कहा, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को ये सोचना चाहिए कि एक्सप्रेस-वे पर अचानक हादसों की संख्या क्यों बढ़ गयी है।

क्या भाजपा सरकार सपा के समय में बने इस विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे की देखरेख करने की योग्यता और क्षमता नहीं रखती है या फिर जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने तंज करते हुए कहा, क्या हाइवे की पुलिसिंग कोने में गाड़ी लगाकर मोबाइल देखने के लिए ही रह गयी है? जब मोबाइल से सिर उठाएंगे तब तो देखेंगे कि कौन गलत-सही गाड़ी चला रहा है। क्या स्पीड पर निगाह रखने वाली सीसीटीवी टेक्नोलॉजी केवल चालान काटकर पैसा कमाने के लिए है या चेतावनी देकर जान बचाने के लिए भी है। यादव ने कहा, अगर सरकार में कोई भी एक जिम्मेदार हो तो जवाब भले न दे पर जनता के जीवन को बचाने के उपाय जरूर करे।

### टोल कमाने का जरिया भर बनकर रह गया एक्सप्रेस-वे

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, क्या जानवरों की आवाजाही के नियंत्रण का कोई भी उपाय सरकार के पास नहीं है, जो सैकड़ों बार हादसों का कारण बन रहे हैं। भाजपा राज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के प्रति द्वेष भरा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसकी कीमत जनता अपनी जान गंवाकर चुका रही है। उन्होंने पूछा, सपा के लिए एक्सप्रेस-वे एक बड़ी सोच का ठोस रूप था, जिसका लक्ष्य सुरक्षा के साथ आवागमन-परिवहन को गतिमान बनाकर, बीच के सभी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, कृषि और कारोबार को प्रगति और विकास के मार्ग से जोड़ना रहा लेकिन भाजपा के लिए ये केवल करोड़ों का टोल कमाने का जरिया भर बनकर रह गया है। ये टोल कलेक्शन का काम भी प्राइवेट कंपनी को ही दिया गया है, और क्यों दिया गया है, ये समझाने की जरूरत जनता को नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### प्रॉपर्टी डीलर को किया किडनैप, बांध कर की पिटाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में कार सवार युवकों ने लेनदेन के विवाद में एक युवक को अगवा कर जमकर पीटा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी चेन और रुपए भी लूट लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद शांति भंग में चालान किया है। अलीगंज पांडेय टोला निवासी विशाल साहू 24 नवंबर को दोस्त के घर शादी की सब्जी लेने मंडी गया था। यहां पर कुछ लड़कों ने आदिल का नाम लेते हुए पैसों की डिमांड की। विरोध पर मारपीट शुरू कर दी। इस बीच सफेद कार से आदिल, युवराज और शुभम के साथ आए। इन्होंने बंदूक दिखाकर कार से अगवा कर लिया। फिर एक फ्लैट में ले जाकर जमकर पीटा। साथ ही ससुराल से मिली एक चैन और 13 हजार रुपए लूट लिए। अलीगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। यह लोग प्रापर्टी डीलिंग और ब्याज का काम करते हैं। सभी एक दूसरे के परिचित हैं। कमीशन के लेनदेन के विवाद में मारपीट हुई थी। आरोपियों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की जा रही है।

### अमेजन के वेयरहाउस से चार आई-फोन चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बंथरा भौकापुर स्थित अमेजन वेयर हाउस से चार आईफोन गायब हो गए। कंपनी के लोगों ने डिब्बे से मोबाइल गायब होने पर बंथरा थाने में शिकायत की। बंथरा थाने पर सुनवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। भौकापुर में अमेजन सेलर्स का गोदाम है। कंपनी के मैनेजर मोहित गौर ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2022 में गोदाम से माल लोड किया जा रहा था। इस दौरान एक पार्सल का वजन कम था। पार्सल चेक किए जाने पर फटा मिला। जांच में सामने आया कि पार्सल में रखे चार मोबाइल फोन डिब्बा खोलकर कर चोरी कर लिए गए। इसकी कीमत करीब 2.50 लाख रुपए थी। 28 नवंबर 2022 को बंथरा थाने में तहरीर दी गई। उनका आरोप है कि बंथरा पुलिस ने तहरीर लेने के बाद जांच की बात कही, लेकिन महीनों मुकदमा दर्ज नहीं किया। बाद में न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई गई। बंथरा पुलिस के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पत्नी के प्रेमी ने मारी गोली, ट्रामा सेंटर में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महिगवां इलाके में पत्नी के प्रेमी ने युवक को गोली मार दी। गोली के छर्रे दाहिने हाथ में लगे हैं। घायल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। घटना मंगलवार देर रात की है। मड़ियांव का रहने वाला अरुण मौर्या ई-रिक्शा चालक है। उसका पत्नी सरिता मौर्या से विवाद चल रहा था। पत्नी ने 3 महीने पहले अरुण के खिलाफ मड़ियांव थाने में दहेज प्रताड़ना की शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात अरुण कुंराहवां गांव में सवारी पहुंचाकर मड़ियांव अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महिगवां बाजपुर गंगौरा पुलिया के पास पहले से घात लगाए सरिता के प्रेमी मलिहबाद निवासी जितेंद्र मौर्या ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली अरुण के दाहिने हाथ में कंधे के नीचे लगी, जिससे वो मौके पर ही गिर गया।

### शटरिंग कारीगर ने लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राम सुमेर परिवार संग पिपरौली में रहते हैं। उनका बेटा अंशु (28) शटरिंग लगाने का काम करता है। मंगलवार शाम को पड़ोस में किसी बर्थडे पार्टी में शामिल होकर खाना खाकर अपने घर आया। रात में अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काम पर जाने के लिए नहीं जगा। परिजनों ने कमरे में जाकर आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो अंशु का शव फंदे से लटका था। उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक अविवाहित था। फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए है।

### फीनिक्स यूनाइटेड में लकी ड्रॉ का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ ने अपने ग्राहकों के लिए शानदार लकी ड्रॉ का आयोजन किया, जो अपने आप में एक यादगार अवसर बन गया। इस खास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और भाग्यशाली विजेताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। लकी ड्रॉ विजेताओं में सबसे अधिक खरीदारी करने वाले श्री राहुल सिंह ने आई फ़ोन 14 प्रो मैक्स जीता, जबकि लकी ड्रा की विजेता बबिता सिंह को एक शानदार बाइक उपहार में दी गई। इसके साथ 05 लकी विजेताओं को सोने का सिक्का, 02 कपल वॉच और एक एलईडीटीवी दी गई। यह आयोजन उपहारों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें आयोजित म्यूजिकल परफॉर्मेंस ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

### मॉक ड्रिल : हवाई अड्डे पर इंजन फेल, यात्रियों को बचाया गया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर साहस 2024 के तहत मॉक ड्रिल की गई। इसमें पूर्ण स्तरीय हवाई अड्डा आपातकालीन अभ्यास में हवाईअड्डे की आपातकालीन स्थिति से निपटने पर तुरंत एक्शन लिया गया। एक्सवाईजेड एयरलाइंस की फ्लाइट एबीसी-123 ने कोलकाता से लखनऊ आते समय इंजन फेल होने की सूचना दी। विमान ने रनवे 27 पर आपातकालीन लैंडिंग की और टैक्सीवे माइक के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की चपेट में आ गया।

# ईको टूरिज्म के क्षेत्र में बढ़ीं संभावनाएं

## सीएम योगी के नेतृत्व में ईको टूरिज्म में यूपी के बढ़ते कदम से अब नेपाल के अफसर भी सीखेंगे

▸ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सहायता करेंगे भारत-नेपाल

समृद्धि न्यूज



### लग्गाबग्गा कॉरिडोर प्रबंधन पर दोनों देशों में हुई चर्चा

भारत व नेपाल के वनाधिकारियों के मध्य लग्गाबग्गा कॉरिडोर प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। इस एरिया में टाइगर मूवमेंट अधिक है। इनकी सुरक्षा को लेकर भी दोनों देशों के अधिकारियों में चर्चा हुई। इसके अलावा सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। इसके अलावा संयुक्त गश्त, पर्यटन में सहयोग, समुदाय की सहभागिता से संरक्षण, अनवरत स्थानीय व उच्च स्तरीय बैठक, वन्य जीवों के भ्रमण, दोनों देशों के वनाधिकारियों ने टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने के साथ वन्यजीवों के आवागमन की सूचना साझा करने को लेकर चर्चा की, जिससे मानव वन जीव संघर्ष काम हो। बॉर्डर क्षेत्र की समितियां के साथ समन्वय कर वन जीव संरक्षण किया जाएगा।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म में काफी संभावनाएं बढ़ी हैं। साढ़े सात वर्ष में यहां देश-विदेश व प्रदेश के अन्य कोने से आने वाले पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। स्थानीय लोगों को पर्यटन से जोड़कर रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योगी के नेतृत्व में ईको टूरिज्म में यूपी के बढ़ते कदम से अब नेपाल के अफसर भी सीखेंगे। बुधवार को चूका ईको टूरिज्म स्पॉट पर इंडो-नेपाल ट्रांस बॉर्डर को-ऑर्डिनेशन इवेंट फॉर बॉयोडॉइवर्सिटी कंजरवेशन इवेंट का आयोजन किया गया। इसमें दोनों देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश वन विभाग सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) संग बॉर्डर के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएगा। इसका उद्देश्य मानव वन्य जीव संघर्ष कम करने के साथ ही वन्य जीवों की भी सुरक्षा करना है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि मानव-वन्य जीव संघर्ष न्यूनतम करने के साथ ही वन्य जीव की सुरक्षा पर भी प्रदेश सरकार का जोर है। दोनों देश मिलकर वाइल्ड लाइफ मॉनीटरिंग करेंगे। जो वन्यजीव (खास तौर पर टाइगर, तेंदुआ, हाथी, गैंडा) इस देश से उस देश जा रहे हैं, उन्हें ट्रैक करने पर भी जोर देंगे।

इवेंट में नेपाल की ओर से कंचनपुर के डीएफओ राम बिचारी ठाकुर, चीफ वार्डन अधिकारी शुक्ला फाटा राष्ट्रीय निकुंज नेपाल मनोज के शाह, बफर जोन मैनेजमेंट काउंसिल के अध्यक्ष लव विष्ट, एनटीएनसी संरक्षण अधिकारी लक्ष्मी राज जोशी तथा भारत की ओर से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह, डिप्टी कमांडेंट एसएसबी अजय बहादुर सिंह, सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ नरेश कुमार, प्रोजेक्ट ऑफिसर देवल कलम, कृतिका भावे आदि उपस्थित रहीं।

# एसबीआई बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने में निभा रहा है अग्रणी भूमिका

▸ राज्यपाल ने किया राजभवन में एसबीआई के एटीएम का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन परिसर में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के एटीएम का उद्घाटन किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में एसबीआई के सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि बैंक, बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने में देश के सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एटीएम के माध्यम से बैंकिंग से सम्बन्धित लगभग 42 प्रकार की सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। राजभवन परिसर में एटीएम की स्थापना से समय की बचत होगी और असुरक्षा का डर भी नहीं रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि एसबीआई द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। बैंक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने के लिए किटों का वितरण किया गया है। उन्होंने इसके लिए एसबीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बैंक ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित किया है। राज्यपाल ने परिसर में बच्चों के लिए निर्मित स्केटिंग रिंग का भी उल्लेख किया और कहा कि यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होगा। इस अवसर पर एसबीआई के महाप्रबंधक, अनिल कुमार ने राज्यपाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्यपाल ने हमेशा राजभवन परिवार की सुविधा का ध्यान रखा है। श्री कुमार ने एसबीआई पर भरोसा जताने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। एसबीआई लखनऊ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, शरद सत्यनारायण चांडक ने कहा कि राज्यपाल आंगनबाड़ी केंद्रों और उनके बच्चों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने राज्यपाल को एटीएम उद्घाटन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एसबीआई की सामाजिक सेवाओं को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई।

# झांसी मेडिकल कालेज अग्निकांड के आरोपियों को बचा रही सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विगत दिनों झांसी मेडिकल कॉलेज में अग्नि कांड से 18 नवनिहालों की जलकर हुई मृत्यु की हृदय विदारक घटना के बाद यह आइने की तरह साफ हो गया है कि मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा मानकों के साथ किस तरह से खिलवाड़ किया गया और वहां किस कदर भ्रष्टाचार व्याप्त था। इस घटना की आज शासन से आई जांच रिपोर्ट से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार जिस तरह की सिर्फ दिखावटी कार्यवाही कर अपनी छाती पीट रही है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही।

उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे अपराधों में घरों पर बुल्डोजर चलवा देने वाली एवं निर्दोषों को भी जेल में ठूंसने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार पता नहीं किस कारण से झांसी अग्निकांड के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की संवेदनहीनता इस बात से समझी जा सकती है कि इस दुखद अग्निकांड के मुख्य आरोपी झांसी मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य नरेन्द्र सिंह सेंगर जो कि सत्ता के करीबी हैं, उन्हें सरकार द्वारा बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दिखावे के लिए कुछ छोटे कर्मचारियों को निलम्बित कर अपना पल्ला झाड लेना चाहती है जबकि इतने गंभीर और बड़े आपराधिक कृत्य के बाद न जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज हुई और न ही अभी तक किसी दोषी को पकड़ा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि वह स्वयं घटना स्थल पर गये थे। सरकार इस दुखद घटना की लीपा पोती कर रही है, जबकि घटना के मूल आरोपी वहां के कार्यवाहक प्राचार्य नरेन्द्र सिंह सेंगर जो कि सत्ता के करीबी हैं, सरकार द्वारा उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि नरेन्द्र सिंह सेंगर को तत्काल बर्खास्त किया जाए एवं अविलम्ब उनकी गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने कहा कि इतने दर्दनाक हादसे के बाद भी अगर स्वास्थ्य मंत्री आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं तो यह बहुत ही शर्मनाक है।

### रोजगार मेले में 300 लोगों को मिला ऑफर लेटर 1050 ने लिया भाग

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 300 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर मिला। मेले में 1050 अभ्यर्थियों ने हिस्सा और करीब 40 बड़ी कंपनियां शामिल हुईं। मेले का आयोजन महेंद्रा ग्रुप और बोश संस्था ने किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा और महेंद्रा ग्रुप के निदेशक नवीन कुमार जैन ने किया। इसमें टीम लिस, पंच थ्रैड, पीवीटी लिमटेड, ए एंड डी सॉल्यूशन, अयनांश हेल्थकेयर, पीवी आर सिनेमा, एसएमएफजी, वे विन लिमिटेड, फ्लिपकार्ट सहित अन्य कंपनियों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने कहा जब कोई छात्रा कॉलेज में प्रवेश करती है, तो वह आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती है। यह मेला उस सपने को साकार करने में मदद करेगा। महेंद्रा ग्रुप के नवीन कुमार जैन ने बताया कि 1050 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। 300 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। डॉ. नीरज बोरा ने कहा-कोई भी नौकरी छोटी या बड़ी नहीं होती। मेहनत और ईमानदारी से काम करने पर सफलता जरूर मिलती है।

# अधिकारियों के नहीं मिलने पर महापौर भड़कीं

▸ महापौर ने नगर निगम कार्यालय का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के नहीं मिलने पर महापौर सुषमा खर्कवाल भड़क गई। उन्होंने कहा- सुबह 10 बजे से ड्यूटी शुरू हो जाती है। अधिकारी, बाबू और चपरासी 11 बजे तक ड्यूटी पर नहीं आए हैं। सभी की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजेंगे। आउटडोर ड्यूटी ही करनी है तो कुर्सियां क्यों लगाई गई हैं।

महापौर सुबह निगम कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचीं। अटेंडेंस रजिस्टर मंगवाकर चेक किया तो पता चला कि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने अटेंडेंस ही नहीं भरी है।महापौर सुषमा खर्कवाल को मौके पर सिर्फ दो अधिकारी ड्यूटी पर तैनात मिले। टैक्स अधिकारी डॉक्टर अशोक सिंह और अपर नगर आयुक्त अरविंद राव ऑफिस में बैठे थे। इनके अलावा कोई अपर आयुक्त स्तर का अधिकारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा था। इस दौरान भड़की महापौर ने कहा- जो लोग नहीं आए हैं सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। सुबह 11 बजे महापौर सुषमा खर्कवाल नगर निगम कार्यालय पहुंचीं। अधिकारियों की खाली कुर्सी देख महापौर भड़क गईं, नगर निगम कार्यालय के एक-एक रूम को चेक किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी मिले। उनसे महापौर ने कहा खाली कुर्सी के अधिकारी कहां हैं। महापौर ने पूछा कि कितने लोग हैं। कर्मचारियों ने कहा ज्यादा लोग आउट डोर ड्यूटी पर हैं। बाबू की ड्यूटी पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि दो हैं, लेकिन आउटडोर ड्यूटी पर हैं। इस पर महापौर ने कहा यहां पर आकर कर्मचारी हाजिरी लगाएंगे इसके बाद ही तो जाएंगे। जब ड्यूटी आउटडोर है, तो कुर्सियां किसके लिए लगाई गई हैं। 11 बजे पूरा ऑफिस खाली है। महापौर ने निरीक्षण के दौरान अटेंडेंस रजिस्टर भी चेक किया। कई कर्मचारियों की अटेंडेंस नहीं लगी थी। उन्होंने निर्देश दिया कि ऑफिस पहुंचते ही अटेंडेंस लगाएं। महापौर ने खाली कुर्सियों की वीडियो और फोटोग्राफी भी कराई।

### इजराइल की अर्थव्यवस्था में छाएंगे यूपी के युवा : कौशल विकास मंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए अभूतपूर्व पहल कर रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में, कौशल विकास योजना के अंतर्गत राज्य के हजारों श्रमिकों को इजराइल में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि इजराइल में उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी के तहत, अब तक 9,000 से अधिक श्रमिक इजराइल में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। अगले चरण में 5,000 और युवाओं को इजराइल भेजने की योजना बनाई गई है। श्रमिकों को भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन, और तकनीकी कार्यों में काम करने का मौका दिया जा रहा है। इन कार्यों के लिए उन्हें 1.25 लाख से 1.5 लाख तक का मासिक वेतन मिल रहा है। इसके साथ ही, श्रमिकों को भाषा और तकनीकी दक्षता में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे कार्यस्थल पर आसानी से ढल सकें। मंत्री ने राजकीय आईटीआई, लखनऊ में पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को डिमांड आधारित प्रशिक्षण दे रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवा उन क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं, जहां उनकी क्षमता और हुनर का अधिकतम उपयोग हो सके।

# बच्चों ने नृत्य के माध्यम से बेहतर दुनिया बनाने का दिया सन्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्टडी हॉल प्रेप ने 27 नवंबर को संत गाडगे ऑडिटोरियम में अपना वार्षिक कॉन्सर्ट आयोजित किया, जिसमें बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से सामूहिक और पर्यावरणीय चेतना का शक्तिशाली संदेश दिया। इस कॉन्सर्ट की थीम फेरिस व्हील ऑफ वर्ल्ड डांसिस था।

कार्यक्रम की शुरुआत हेडमिस्ट्रेस रचना सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने बच्चों और स्टाफ को इस कॉन्सर्ट की तैयारी में उनके कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमारे बच्चों ने यह संदेश दिया है कि उनका सपना एक ऐसी दुनिया का है, जहां लोग संगीत और नृत्य के माध्यम से जुड़े हों, और भाषा, भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार कर सकें। स्टडी हॉल की प्रिंसिपल मीनाक्षी बहादुर ने भी सभी अभिभावकों का स्वागत किया। इस दौरान साल्सा, पर्शियन, फ्रेंच, घूमर और भारतीय व पश्चिमी शास्त्रीय नृत्यों का मिश्रण जैसे विभिन्न नृत्य रूप प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि जीवन का सार खुशी में है और संगीत, नृत्य और उत्सव हमें एकजुट करते हैं। वाइस प्रिंसिपल मीनाक्षी शाह ने बच्चों और शिक्षकों के परिश्रम और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संदेश पर गर्व और धन्यवाद व्यक्त किया।

### पांच बाइक चोर गिरफ्तार सरकारी अस्पतालों के बाहर से चुराते थे बाइक

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बाइक चुराने वाले 5 शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 बाइक बरामद की गई हैं। आरोपी शहर के अस्पतालों और सरकारी संस्थानों के बाहर खड़ी बाइक को चुराते थे।

बुधवार को एडीसीपी साउथ राजेश कुमार यादव ने एसीपी गोसाईगंज किरण यादव की मौजूदगी में बाइक चोर गैंग का खुलासा किया। एडीसीपी साउथ ने बताया कि सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में बीती 4 नवंबर को बाराबंकी जिले के पीर पुर कोठी के रहने वाले शिवम वर्मा की बाइक कल्याण सिंह कैंसर संस्थान से चोरी हो गई थी। वहीं विकास नगर के रहने वाले अभिषेक सिंह की बाइक 26 अक्टूबर की शाम को चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में चोरी का केस दर्ज कर पुलिस टीम चोरों को तलाश रही थी।

**सुविधा** | पर्यटकों के लिए आरामदायक हो यात्रा, मोटल, ढाबों, फूड कोर्ट में मिले बेहतर सुविधाएं

# 12 पर्यटन सर्किट में सड़कों के किनारे विकसित करें ढाबे व फूड कोर्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन बढ़ाने के लिए सड़क किनारे अच्छी पर्यटक सुविधाओं का होना आवश्यक है। 12 टूरिस्ट सर्किट स्थित गंतव्य स्थलों तक प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट विकसित किए जाएं।उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत दी जा रही 25 से 30 प्रतिशत तक की छूट पाने के लिए जो आवेदक योग्य हैं, उन्हें इस योजना का लाभ अवश्य मिले।

प्रदेश में वे साइड एमिनिटीज ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट बनाने के लिए जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप ड्यूटी फ्री की सुविधा दी जा रही है। इकाइयों के निर्माण पर 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। वर्तमान में संचालित वे साइड एमिनिटी में ओपन रेस्टोरेंट, फैमिली रेस्टोरेंट, एसी रूम, शौचालय, बच्चों के लिए प्ले एरिया, आरओ सिस्टम, माड्यूलर किचन, फ्रीजर, सोलर लाइट आदि लगाने पर सब्सिडी देने का प्रावधान है। पर्यटन विभाग मोटल, ढाबा आदि का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार भी करेगा। साइनेज व वेबसाइट के माध्यम से सूचना दी जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ अनुबंध के बाद एसी बसों को ढाबों पर रुकने की व्यवस्था की जाएगी। ढाबे पर दिव्यांग कर्मचारी रखने पर प्रोत्साहन दिया जाएगा। जमीन के निर्माण भाग की भूमि पर भी अनुदान मिलेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ राज्य है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ था। घरेलू पर्यटन के मामले में अभी हम पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों या देशों के सैलानियों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन स्थलों के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं का विकास बेहद जरूरी है। सड़क किनारे अच्छी सुविधाओं से सुसज्जित मोटल, ढाबों, फूड कोर्ट आदि पर्यटकों को सुविधाएं प्रदान करेंगे। उत्तर प्रदेश को 12 पर्यटन सर्किट में बांटा गया है। इनमें रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, जैन सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, वाइल्ड लाइफएवं इको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट और स्वतंत्रता संग्राम सर्किट हैं। पर्यटक अपने पसंदीदा गंतव्य स्थलों तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच स्टेट हाइवे एसएच सहित अन्य प्रमुख मार्गों होकर गुजरते हैं।

### सहारनपुर से सोनभद्र तक रथयात्रा निकलेगी निषाद पार्टी

**पूर्व की सरकारों ने किया निषाद समाज को छलने का काम**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद आज मेरठ के दौरे पर पहुंचे।मीडिया से मुखातिब श्री निषाद ने कहा कि निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल 卐निषाद पार्टी卐 का राष्ट्रीय अधिवेशन, दिल्ली स्तिथ इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बुलाया गया था, किंतु दिल्ली सरकार के उच्च अधिकारियों ने मुझे बताया कि उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और ए किव आई के सबसे खघ्राब स्तर पर पहुँचने के चलते दिल्ली में बाहरी राज्यो के साधन-संसाधन को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है और ऐसी स्तिथि में दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुरोध पर राष्ट्रीय अधिवेशन को स्थगित किया जा रहा है। निषाद पार्टी आगामी 30 नवंबर से सहारनपुर से सोनभद्र तक रथ यात्रा निकालने जा रही है। यात्रा के माध्यम से निषाद पार्टी प्रदेश में मछुआ समाज समेत अन्य समाज की दशा-दिशा जानने का कार्य करेगी।

# समय से पूरे किए जाएं सभी निर्माण कार्य : डीएम

- निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा बैठक
- निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान तीन विभाग के अधिकारियों को जारी हुआ स्पष्टीकरण




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है अतः कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शतप्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कर कर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए।

### इन अधिकारियों को जारी हुआ स्पष्टीकरण

बैठक में समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता उ0प्र0 आवास विकास परिषद गोण्डा, अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जनसंसाधन तथा परियोजना प्रबंधक उ0प्र0 सेतु निगम लि0 सेतु निर्माण इकाई अयोध्या को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ राजेश पाण्डेय, एक्सईएएन प्रान्तीय खण्ड प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएएन सीडी- 1, 2, एक्सईएएन ग्रामीण अभिन्यंत्रण विभाग, सहायक पर्यटन अधिकारी वन्दना पाण्डेय, प्राधानाचार्य जीजीआईसी, एबीएसए नगर, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सहित अन्य सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर उप निदेशक महिला कल्याण को कारण बताओ नोटिस जारी

**देवीपाटन मण्डल/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

- आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने जारी किया उप निदेशक को कारण बताओ नोटिस

देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने महिला कल्याण उप निदेशक नरेन्द्र प्रताप सिंह को बिना अवकाश स्वीकृति मुख्यालय छोड़ने और झूठा आश्वासन देने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

आयुक्त ने इस कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए उपनिदेशक महिला कल्याण को तीन दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। मंडलायुक्त द्वारा दी गई ये नोटिस न्याय पीठ बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट के आधार दी गई है। जिसमें वन स्टॉप सेंटर की संरक्षित एक पीड़ित बालिका के मामले में देरी और उप निदेशक की गैर-उपस्थिति का मुद्दा उठाया गया था। आयुक्त ने इसे गंभीर लापरवाही और नियमों का उल्लंघन करार देते हुए कहा कि बिना अवकाश स्वीकृति मुख्यालय छोड़ना कर्तव्यहीनता की श्रेणी में रखा है। न्याय पीठ से प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी अधिकारी को किसी भी न्यायालय, फोरम या आयोग रिपोर्ट में द्वारा व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए बाध्य करना विधि के अनुरूप नहीं है। वहीं दूसरी ओर 25 नवंबर को दूरभाष के माध्यम से उप निदेशक नरेन्द्र प्रताप सिंह को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने आश्वासन तो दिया, लेकिन देर रात तक न तो वे पहुंचे और न ही उनका फोन उपलब्ध था। उन्होंने उस दिन का कोई अवकाश स्वीकृत नहीं कराया था, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ा। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि यदि उपनिदेशक तीन दिनों के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को अधिकारियों के अनुशासन और कर्तव्य पालन को सुनिश्चित करने के एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। आयुक्त ने सितंबर 2024 में भी मंडलीय अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए थे। उन्होंने इस प्रकरण का हवाला देते हुए अधिकारियों को नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी है।

# 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को समिति का समर्थन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**





भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत के बाद गोंडा जिला प्रशासन ने अपराजिता सामाजिक समिति के सहयोग से जागरूकता रैलियों और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोंडा को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। इसे खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

अपराजिता सामाजिक समिति, 250 से अधिक गैर-सरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (JRC) का सहयोगी संगठन है। यह गठबंधन भारत में बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्यरत है।

सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी ने शपथ दिलवाई तथा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सरयू प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज से शुरू होकर, LVS चौक होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में पहुंची। अभियान के राष्ट्रीय महत्व पर अपराजिता प्रदेश कार्यक्रम प्रबंधक/लीड अभय पांडेय ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का यह अभियान बाल विवाह के खात्मे की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। देश में अब भी 23 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह होता है, जिससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

हमें विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के संयुक्त प्रयास से 2030 से पहले ही भारत बाल विवाह मुक्त हो सकेगा। अपराजिता के जिला कार्यक्रम समन्वयक अत्रेय त्रिपाठी और उनकी टीम के अन्य सदस्य जैसे रमाकांत वर्मा, गीता जयसवाल, विपिन यादव, और जितेंद्र कुमार ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया।

### राष्ट्रीय स्तर पर उद्घाटन समारोह

27 नवंबर, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। अपराजिता सामाजिक समिति इस मिशन को सफल बनाने में पूरी निष्ठा से सहयोग कर रही है।

# पीयूष मिश्रा को बनाया गया टामसन इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति का सदस्य



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के प्रतिष्ठित शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह थॉमसन इंटर कॉलेज कॉलेज में पीयूष मिश्रा को प्रबंध समिति का सदस्य नामित किया गया। प्रबंध कमेटी के पदेन अध्यक्ष /जिला अधिकारी गोंडा के अनुमोदन के उपरांत भाजपा गोंडा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रबंधन के सहसंयोजक एवं प्रभारी रायबरेली पीयूष मिश्रा को प्रबंध समिति का सदस्य नामित किया गया है। सदस्य नामित किए जाने पर भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह विधायक प्रेम नारायण पांडे अजय सिंह रमापति शास्त्री बावन सिंह विनय कुमार द्विवेदी जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू विनय शर्मा अविनाश जयसवाल मनीष द्विवेदी सहित जनपद के तमाम लोगों ने बधाई दी।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में महिला और पुरुष किसान बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष पतीराम चौधरी की अगुवाई किसानों ने कलेक्ट्रेट ऑफिस में अपनी मांगे रखी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों का कहना है कि उनके लिए एक आयोग का गठन किया जाए, लेकिन उस आयोग में राजनेता के बजाए किसान को रखा जाए। किसानों का कर्जा माफ करने और हादसे में परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा देने की मांग की। साथ ही कहा कि किसान और मजदूर परिवार से पुलिस की सेवा करते समय शहीद होने पर दो करोड़ रूपये मुआवजा देने, अन्य जवानों को शहीद होने पर पांच करोड़ रूपये मुआवजा देने, समाचार संकलन के दौरान मीडिया के शहीद होने पर परिवार को चार करोड़ रूपये मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा देश के किसानों का बिजली सिंचाई के लिए माफ करने की मांग की।

**देश के सभी किसानों की बिजली सिंचाई हो माफ**

प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया गया। इस दौरान दाधीच कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद सईद खान, लल्लन प्रसाद, फूलचंद्र गुप्ता, रमेश तिवारी, कासिम, लीला सिंह, छेदी राम आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

# राजाटोला से पसका मार्ग को जोड़ने वाली एक किलोमीटर सड़क बदहाल



**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** परसपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम राजाटोला से जबदा होकर पसका मार्ग को जोड़ने वाली करीब एक किलोमीटर सड़क कीचड़युक्त व खराब होने से ग्रामीणों राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे दौलत सिंह गांव से पसका मार्ग तक करीब एक किलोमीटर से अधिक सड़क कच्ची व गड्ढायुक्त है। सड़क पुलिया के दोनों छोर पर जलभराव व कीचड़ होने से राहगीरों का निकल पाना मुश्किल हो रहा है। स्कूली बच्चों व राहगीरों को बरसात के दिनों में तीन किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर आवागमन करने की मजबूरी है। खम्भा पूरे दौलत राजाटोला मार्ग की गिट्टियां उजड़कर तितर-बितर हो गयी हैं। यह मार्ग काफी जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए मौन साधे हुए हैं।

# आखिर कौन रोकेगा ग्राम दरियापुर हरदो पट्टी में चल रहे मनरेगा भ्रष्टाचार को?

- प्रधान प्रतिनिधि, सचिव व मेट लगा रहें मजदूरों की फर्जी हाजिरी
- मस्टर रोल में 211 श्रमिक कार्य कर रहे हैं लेकिन धरातल पर कुछ और




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**
केंद्र की मोदी और योगी सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जीरो टालरेंस की नीति पर काम करने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ पड़री कृपाल ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।जिसके चलते जो वास्तविक मजदूर हैं उनको काम मिलना मुश्किल हो गया है।प्रधान प्रतिनिधि,पंचायत सचिव व मेट द्वारा मनरेगा पोर्टल पर मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।जिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाईं जा रही है,वह मजदूर साइड पर नहीं रहते हैं अन्य लोगों को खड़ा कर फोटो खींच अपलोड कर दिया जा रहा।इस तरह मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल क़र जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों को दर दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है।
मामला पड़री कृपाल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी का हैं। जहां पर मनरेगा योजना के अंतर्गत चार साइड चल रही है जिसमें 23 मस्टर रोल जारी किए गए हैं और 211 श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है।सूत्र बता रहे है कि ग्राम पंचायत में एक साइड पर तालाब सुंदरीकरण हो रहा उसको पहले ट्रैक्टर से जोता गया है।तालाब खुदाई का कार्य चल रहा है।यहां पर तीस मजदूरों की हाजिरी मस्टररोल में लगी हुई हैं वही सूत्र बता रहे है कि मौके पर आठ से दस मजदूर ही काम करते मिले।इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है कि किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है।ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव व मेट द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है।ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव व मेट द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।जमीन स्तर पर पड़ताल की गई तो सूत्रों ने बताया कि दरियापुर हरदो पट्टी गांव सहित विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों में मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की अगर जांच करवाई जाए तो कई परत दर परत खुलकर सामने आ सकती हैं।जो साइड पर कभी नहीं जाते हैं उनके नाम से साइड पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगाई जा रही है।
इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है,कि पड़री विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है।इस तरह प्रधान, पंचायत सचिव व महिला मेट द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर अधिकारियों की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट हो रहा है।
ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक द्वारा फर्जी मनरेगा मजदूर जो कभी काम पर नहीं आते उनकी हाजिरी लगाकर उनके खाते में पैसा भेज कर पैसा निकलवाकर ले लिया जाता है,वही सूत्रों का यह भी कहना है कि वास्तविक जो मजदूर हैं वह काम की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर रहते हैं और उन्हें खाने के भी लाले पड़े रहते हैं।इस तरह मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदार मलाई खा रहे हैं।वहीं मुख्य विकास अधिकारी से मनरेगा के मस्टर रोल में हो रहे फर्जीवाडे की जानकारी दी गईं तो उन्होंने बताया कि अगर ब्लॉक पड़री कृपाल दरियापुर हरदोपट्टी गांव में ऐसा हो रहा है।मौके पर जांच कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्र वाई सुनिश्चित होंगी।

# बिना लाइसेंस के खाद बिक्री करने पर केस, दुकान सील

- जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ की छापेमारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के फखरपुर करबे में बिना लाइसेंस और प्राधिकार प्रमाण पत्र के खाद बिक्री कर रहे दुकानदार के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। साथ ही उसके दुकान को कृषि विभाग ने सील कर दिया है। इससे अन्य खाद और बीज व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।फखरपुर कस्बा में जय करन पुत्र अशोक कुमार की ओर से धड़ल्ले से खाद की बिक्री की जा रही थी। जय करन की ओर से बिना लाइसेंस के ही विभिन्न प्रकार के खाद की बिक्री की जा रही थी। इसकी जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव को मिली। जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बिना लाइसेंस के खाद की दुकान का संचालन मिला। जिस पर



जिला कृषि अधिकारी ने दुकान को सील कर दिया। इसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने थाने पहुंचकर दुकान संचालक जय करन के विरुद्ध उर्वरक अधिनियम का नामजद केस दर्ज कराया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खाद बेचने वाले व्यक्ति के पास विभाग द्वारा जारी प्राधिकार प्रमाण पत्र भी नहीं मिला। जिस पर कार्यवाई की गई है। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस और प्राधिकार प्रमाण पत्र के जो भी खाद बिक्री करता पाया गया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने के साथ दुकान सीज करने की कार्रवाई की जायेगी।

# हम दो हमारे दो के मंत्र से विकसित होगा नया भारत : आलोक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




- कुल प्रजनन दर को कम करने को एक साथ हुए कई विभाग
- तहसील स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक संपन्न
- बाल विवाह रोकने और परिवार नियोजन को बढ़ावा देने में विभागीय समन्वय महत्वपूर्ण

परिवार नियोजन और बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रमों में समन्वय से ही विकास का पहिया तेजी से घूमेगा, यह संदेश उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने कैसरगंज तहसील सभागार में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में दिया। यह बैठक स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन और मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से संचालित उम्मीद परियोजना के अंतर्गत पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, आईसीडीएस, आजीविका मिशन और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने कहा, बाल विवाह का सीधा असर न केवल किशोरियों के स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। सभी विभाग मिलकर विद्यालयों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाएं, जिससे किशोर-किशोरियां और उनके अभिभावक बाल विवाह के नुकसान को समझ सकें। कैसरगंज की खंड विकास अधिकारी अपर्णा ने कहा कि किशोरियों को शिक्षित करने और कम उम्र में विवाह न करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने बाल विवाह रोकने के लिए स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने और सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बीके जैन ने बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना, किट वितरण और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थायी साधनों का सही उपयोग मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. कुंवर रीतेश ने कहा, विभागीय समन्वय से परिवार नियोजन कार्यक्रमों का प्रभाव बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है - आज ही शुरुआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें। 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक इच्छुक दंपतियों को सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता या एएनएम से संपर्क किया जा सकता है । बैठक में शामिल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने सुझाव दिया कि स्कूलों में बाल विवाह विरोधी विशेष सत्र आयोजित किए जाएं। पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के दौरान इस विषय पर चर्चा की जाए ताकि अभिभावकों को भी जागरूक किया जा सके। सभी विभागीय अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि समुदाय तक सेवाओं की प्रभावी पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के लिए आपसी समन्वय और साझा प्रयास आवश्यक हैं।

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए चलाया जनजागरूकता अभियान

- हेलमेट, सीट बेल्ट तथा वाहनों की गति सीमा व यातायात नियमों के पालन करने की अपील

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी के आदेश के क्रम में यातायात माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात वृजेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा मय टीम के साथ पुलिस मार्डन स्कूल और गुरूकृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में तथा सेवंथ डे स्कूल में तथा टीएसआई ध्रुव नारायण मय टीम के साथ सहादत इंटर कॉलेज, नानपारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया। तथा उन्हें अपने परिचितों, रिश्तेदारों को इन नियमों की जानकारी देने व उन्हें भी जागरूक बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, जनपद के विभिन्न स्थलों पर यातायात पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को भी पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया।दोनक्का तिराहा, शिवनगर तिराहा, कैलाश होटल तिराहा और गोलवाघाट मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया गया जिससे कि रात के समय वाहन दृष्यता बढ़ तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया, जिसमें दिनांक यातायात पुलिस और नागरिक पुलिस द्वारा 444 वाहनों का चालान किया गया और 4,74,600/- का जुर्माना अधिरोपित किया।इसके अतिरिक्त सड़क पर सुरक्षित और अनुशासित यातायात सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालकों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह अभियान से जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित होगा।

# कैम्प लगाकर विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को वितरित किये उपकरण




- बीआरसी रिसिया पर एलिम्को व बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क उपकरण वितरण कैम्प आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र रिसिया पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए एलिम्को उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करणवीर सिंह रहे। तथा अध्यक्षता प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच ने की। कार्यक्रम में विकास खंड मिहींपुरवा, बलहा, शिवपुर, नवाबगंज तथा रिसिया विकास खंड के परीक्षण उपरांत चयनित 121 दिव्यांग बच्चों में से 79 बच्चों को निःशुल्क उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी रिसिया रणजीत कुमार, एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि कैम्प में 17 ट्राई साइकिल, 18 व्हील चेयर, 4 सीपी चेयर, अति गंभीर मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बैसाखी 18, रो लेटर 01, ब्रेल किट 9, सुगमय केन 7, हेयरिंग ऐड 52, तथा 09 बच्चों को कैलीपर्स उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम संचालन शिक्षक संतोष सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौर, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, उमेश कुमार, संजय, जयवीर सिंह, विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार, गिरजेश कुमार पांडेय, हरिश्याम, दीपक कुमार, गंगासागर, उग्रसेन समेत स्पेशल एजुकेटर्स उपस्थित रहे।

# दो दिसम्बर से प्रारम्भ होगा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान का द्वितीय चरण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से प्रारम्भ होगा अभियान



विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर 02 दिसम्बर 2024 से सेवा से संतृप्तिकरण अभियान का शुभारम्भ हो रहा है।

अभियान के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 दिसम्बर को तहसील सदर के ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अलिया बुलबुल, नानपारा के शिवपुर की ग्रा.पं. बितनिया में 03, पयागपुर के हुजुरपुर की ग्रा.पं. लौकाही में 04, कैसरगंज के फखरपुर की ग्रा.पं. अचौलिया में 05, तहसील व ब्लाक महसी की ग्रा.पं. औराही में 06 तथा तहसील व ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत सेमरहना में 07 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक शिविर आयोजित होगा। इसी क्रम में सप्ताह के सोमवार, मंगलवार, बुधवार, वृहस्पतिवार, शुक्रवार व शनिवार को क्रमशः तहसील सदर, नानपारा, पयागपुर, कैसरगंज, महसी व मिहींपुरवा के एक ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होगा।

फैमली आईडी, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना के अन्तर्गत पजीकरण/ आवेदन, अन्नप्रासन, राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना, हेल्दी बेबी शो, 10 नवजात बालिकाओं को बेबी किट का वितरण, पेंशन, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्रों का निस्तारण, परिवार रजिस्टर की नकल, कौशल विकास अन्तर्गत समूह बनाना तथा दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता, राशन, आधार फीडिंग एवं सीडिंग, उज्जवला योजना, ईकेवाईसी, कार्ड डिलीशन की स्थिति, बैंक खाता आधार से सीड करना, जन धन खाता खोलना, बैंक मुद्रा लोन, जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा व अटल पेंशन योजना, कृषि, पशुपालन व श्रम विभाग की योजनाओं के लिए पंजीकरण तथा बच्चों, वृद्ध एवं महिलाओं के लिए आधार बनाने हेतु अलग-अलग काउण्टर लगाये जायेंगे।

राजस्व एवं कृषि अन्तर्गत वरासत दर्ज कर खतौनी एवं आवंटन प्रमाण-पत्र का वितरण, धारा- 24, 116, 80, 67, 34, 33 व अन्य लम्बित वादों का निस्तारण, अवैध अतिक्रमण हटाने व पैमाइश, अंश निर्धारण की त्रुटियों को दुरूस्त करने, खतौनी को पढकर सुनाना व घरौनी सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

# उधारी लेने गए दुकानदार को श्रमिक ने जमकर पीटा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



शहर के कचहरी रोड पर जनरेटर मैकेनिक का काम करने वाले दुकानदार को काम करने वाले श्रमिक ने जमकर पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दरगाह पुलिस ने घायल का मेडिकल करवाया है।कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी कमाल अहमद (44) पुत्र जमील अहमद की जनरेटर रिपेयरिंग की दुकान कचहरी मार्ग पर है। दुकान पर दरगाह थाना क्षेत्र के इमामगंज पलरीबाग निवासी एक युवक काम करता था। जिला अस्पताल में भर्ती कमाल अहमद ने बताया कि दुकान पर काम करने वाले युवक ने एडवांस में 4200 रूपये ले लिया। वह काम करने भी नहीं आ रहा है। जिस पर मंगलवार शाम को वह उसके घर पैसा मांगने गया। वहां पर उसने कमाल अहमद की जमकर पिटाई कर दी। साथ ही घर पैसा मांगने कैसे आ गए, इसका विरोध किया। घायल को सड़क किनारे फेंक दिया। दरगाह पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर जनरेटर मैकेनिक का इलाज चल रहा है। इस मामले में थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेडिकल हुआ है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हरकत में आया आबकारी विभाग, छह महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

**दबिश देकर 135 लीटर कच्ची शराब बरामद कर, पांच कुंतल लहन मौके पर नष्ट**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए, सदर आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार के द्वारा गांव के बाजारों में नालों, तालाबों एवं घरों में धधक रही अवैध कच्ची शराब कारोबारियों के भट्ठियों को नेस्तनाबूद करते हुए शिकंजा कसा गया। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने और बेचने के वायरल वीडियो को तत्काल संज्ञान में लेते हुए आबकारी टीम द्वारा दुर्गागंज, कोरिहर, मोती का पुरवा के बाजारों में, ग्राम गोझारी, आशा राम का पुरवा आदि गांवों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 135 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 500 किलो ग्राम महुआ लहन बरामद किया गया। लहन को मौके पर नष्ट कर कुल 6 महिलाओं को सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। मौके पर उपस्थित बीट सिपाहियों को भविष्य में उक्त गांवों पर सतर्क दृष्टि रखने एवं अवैध कच्ची शराब के निर्माण/बिक्री की सूचना प्राप्त होते ही प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई त्वरित की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सदर के विभिन्न गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाजारो, स्थानों के अंतर्गत दबिश की कार्रवाई की गई। लेकिन हम आपको अवगत कराना चाहते है कि आबकारी विभाग के समस्त उप निरीक्षक लगातार क्षेत्र में पैनी नजर रखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैदी से अवैध कच्ची शराब कारोबारी पर लगातार निगरानी रखकर उन पर अंकुश लगाने का कार्य लगातार कर रहे है। सोशल मीडिया या ग्रामीणों के शिकायत मिलने पर भी उसको संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है।

-रविंद्र प्रताप सिंह
(जिला आबकारी अधिकारी)

## जमीनें कब्जा कर रहा है कीकर

**महराजगंज/रायबरेली।** आज जहाँ अतिक्रमण हटाओ अभियान सरकार की प्राथमिकता में है वही शहर से लेकर गाँव तक कीकर सुरक्षित जमीनों से लेकर बागों सड़क मार्गो यहाँ तक कि गाँव के अन्दर गली कूचों में इसका दबदबा कायम है। अगर पर्यावरण का कोई दुश्मन है तो वह कीकर ही है बरगद की यह फैलता जाता है और अगर गौर करें तो इसके नीचे किसी भी तरह के बीज अंकुरित नही होते किन्तु पेड़ के हट जाने पर बहुतायत में कीकर के पौधों का जमाव हो जाता है। जिस भी गाँव में इसकी सफाई मनरेगा से की जाती है तो यह दूनी ताकत से दुबारा फिर तैयार हो जाता है आज सरकार को एक अभियान के तहत इस आक्रामक पेड़ का समूल नाश करने हेतु कार्य करना चाहिए जिसमें जनसहभागिता अति आवश्यक है यह आज़ जन जन की समस्या है अतः समाज को जगना पड़ेगा।

# सेल्फी प्वाइंट लगाकर यातायात के प्रति किया गया जागरूक

**यातायात नियमों का अनुपालन न करने वाले 289 वाहनों का हुआ चालान**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत नई पहल के तहत यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों के उत्साहवर्धन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया, यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों के साथ सेल्फी लेकर उनको जागरूक करते हुए उनसे यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई तथा पंपलेट व हैंड बिल वितरित किए गए तथा रायबरेली शहर में जगह-जगह रात में चमकने वाले यातायात नियमों सम्बन्धी बोर्ड लगवाए गए।

## वाहनों मे लगावाए गए नि:शुल्क रिफ्लेक्टर



**शीत** ऋतु में कोहरे के कारण दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु माल वाहक वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर ट्रालियों में नि:शुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए व जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, एवं शहर में भिन्न-भिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को जागरुक करते हुए सुरक्षित वाहन चालान हेतु प्रशिक्षित किया गया, इसके अतिरिक्त रायबरेली शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करने के कारण जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया, चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई।

## खबरें एक नजर में

### पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन



**रायबरेली।** बुधवार को ग्राम टिकरॉन ब्लॉक डलमऊ में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान सुनील सिंह द्वारा गोपूजन व फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शिविर में 450 पशुओं का निशुल्क इलाज किया गया तथा विभागीय योजनाओं के बारे में पशुपालकों को संपूर्ण जानकारी दी गई ताकि पशुपालकों की आय दोगुनी हो सके शिविर में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डलमऊ डॉक्टर अशोक उमराव पशु चिकित्सा अधिकारी कटघर डॉक्टर शैलेंद्र कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी मधुकरपुर डॉक्टर नितेंद्र सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी मोबाइल वेटरनरी यूनिट डलमऊ डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं ग्राम प्रधान श्री सुनील सिंह तथा सैकड़ो की संख्या में पशुपालकों ने प्रतिभाग किया।

### नीलगाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर छोटी नहर में गिरी, दंपति को आई मामूली चोटें



**बछरावां, रायबरेली।** कार के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे छोटी नहर में जा गिरी, कार सवार पति और पत्नी को आई मामूली चोटें। घटना सोमवार व मंगलवार भोर 3:00 बजे के आसपास की है जब शादी समारोह से वापस आते समय कार सवार के सामने नीलगाय आ जाने से वह अनियंत्रित होकर छोटी नहर में जा गिरी। गनीमत यह रही कि कार के एयरबैग खुल जाने से पति और पत्नी को मामूली चोटे आई है। जिनका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। घायल आमोद विश्वकर्मा पुत्र देवनाथ विश्वकर्मा निवासी आशियाना लखनऊ अपनी पत्नी रानी विश्वकर्मा के साथ शादी समारोह में शामिल होकर, वापस आते समय चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर ग्राम सरौरा के निकट कार हादसे का शिकार हो गए। हाईवे से गुजर रहे राहगीरो के द्वारा दोनों पति और पत्नी को बाहर निकाला गया। और उनका निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों में मारपीट, थाने में शिकायत

**बछरावां, रायबरेली।** जमीनी विवाद लगातार क्षेत्र में बढ़ते जा रहे हैं, इसी क्रम में सगे छोटे भाई ने बड़े भाई को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज कराया है। घटना बुधवार दोपहर 3:00 बजे पीड़ित व्यक्ति के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जब रसूलपुर गांव के रहने वाले मंसाराम पुत्र शिवपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके सगे भाई प्रेमचंद जमीन के बंटवारे को लेकर आए दिन विवाद करते रहते हैं। जबकि पूर्व में पिता द्वारा 2020 में जमीन का बंटवारा कर दिया गया है और पिता की 2022 में मौत भी हो गई थी। जिसके बाद किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। परंतु कुछ दिनों से लगातार विवाद चल रहा है। बुधवार दोपहर इसी बात को लेकर वह मारपीट पर आमादा हो गया और उसने डंडे से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। घायल को इलाज के लिए भेजा गया है।

### बभनी बुजुर्ग में संस्थापक दिवस समारोह, जरूरतमंदों को बांटें जाएंगे कंबल

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विकास खंड में स्थित ग्राम पंचायत बभनी बुजुर्ग में 30 नवंबर 2024 को संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाया जाएगा। बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी के संयोजक और ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान राम गोपाल चौधरी ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा होंगे। समारोह का उद्घाटन बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी के प्रबंधक विधापति चौधरी के नेतृत्व में किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहने की उम्मीद है। संस्थापक दिवस के मौके पर गरीब, मजलूम और बेसहारा लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कंबल वितरण का कार्य पूर्व जिला जज और विधायक द्वारा किया जाएगा। यह पहल ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से की गई है। संयोजक राम गोपाल चौधरी ने बताया कि यह आयोजन न केवल संस्थापक दिवस का स्मरण है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग का संदेश देने का भी माध्यम है। कंबल वितरण कार्यक्रम से क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिलेगा और उनकी सर्दियों की मुश्किलें कुछ हद तक कम होंगी। कार्यक्रम की घोषणा के बाद क्षेत्रीय लोगों में उत्साह है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह आयोजन समाज सेवा और सामुदायिक एकता को मजबूत करने का उदाहरण है। संस्थापक दिवस समारोह के माध्यम से न केवल संस्थान की उपलब्धियों को याद किया जाएगा, बल्कि जरूरतमंदों की मदद कर समाज में सकारात्मक संदेश भी दिया जाएगा। ऐसे आयोजनों से समाज में सामूहिकता और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

### जर्जर सड़क बन रही हादसों का कारण, अभिभावकों ने की मरम्मत की मांग



**उतरौला (बलरामपुर)।** डुमरियागंज मुख्य मार्ग से तहसील के बगल होते हुए छिपिया नई बस्ती जाने वाला मार्ग बदहाली का शिकार हो चुका है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और स्थानीय लोग यात्रा करते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। मंगलवार को इस बदहाल सड़क पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया जब बच्चों से भरा एक ऑटो रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में कई बच्चों को चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल बच्चों को बाहर निकाला। हालांकि बच्चों को मामूली चोटें आई बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा गये, लेकिन इस घटना ने सड़क की स्थिति को लेकर प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय निवासियों और बच्चों के अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण यहां यात्रा करना खतरनाक हो गया है। यह मार्ग स्थानीय स्कूलों और कोचिंग सेंटरों से जुड़े हुए क्षेत्र को जोड़ता है, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थी रोजाना इस रास्ते से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि उन्हें समय पर अपनी मंजिल तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने इस हादसे के बाद प्रशासन से तत्काल इस मार्ग की मरम्मत की मांग कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों से इस विषय पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही मिल सकी।

# एनिमल ब्रीडिंग सेंटर में मनाया गया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

**सलोन रायबरेली**




एनिमल ब्रीडिंग सेंटर में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।यह दिन दूध के पिता के नाम से प्रसिद्ध डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डॉ. कुरियन ने भारत में दुग्ध क्रांति का नेतृत्व कर भारत को विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सलोन के बगहा स्थित एनिमल ब्रीडिंग सेंटर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जूनियर माध्यमिक विद्यालय केवली महिमा में दूध के पोषण और स्वास्थ्य लाभों पर जागरूकता कर बच्चों और ग्रामीण समुदाय को दूध के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई।

पशुओं की बेहतर देखभाल और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई।बच्चों को दूध वितरित कर इसके लाभों के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रबंधक मानव संसाधन शिव पांडेय ने किया।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का उद्देश्य डॉ. कुरियन के योगदान का सम्मान करना दुग्ध उद्योग के सतत विकास को प्रोत्साहित करना और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम में डॉ. अग्रहरी, मनीष अवस्थी, अनुज शुक्ला, अक्षय कुशवाहा, मुकेश यादव रामदेव आदि लोग उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**महराजगंज रायबरेली।** दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत आज दिनांक 27 नवंबर 2024 को थाना महाराजगंज पुलिस टीम द्वारा थाना महाराजगंज पर पंजीकृत मुकदमा पांक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त राहुल कुमार यादव स्वर्गवासी श्री राम निवासी ग्राम सुक्खा का पुरवा थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के हरचंदपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया है।

## जेसीबी लेकर दौड़े अफसर, विशंभरपुर नहर की कराई सफाई

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**


नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

खबर का असर

समृद्धि न्यूज़ अखबार में छपी खबर के बाद सिंचाई विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में अधिकारी जेसीबी मशीन से रात्रि में ही नहर की सफाई करवाने लगे। सादुल्ला नगर क्षेत्र के विशम्भरपुर में नहर की सफाई रातों रात शुरू हो गई। नहरों की सफाई के नाम पर होने वाले खेल का खुलासा समृद्धि न्यूज़ अखबार ने 26 नवम्बर के अंक में प्रकाशित नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की खबर प्रकाशित की गई थी। जिसे देख अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जिससे नहरो की सिल्ट की सफाई रातों-रात शुरू कर दिया गया।

# भारतीय स्टेट बैंक ने दुर्घटना में मृत्यु पर दिए 75 लाख रुपए

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय 5 रायबरेली ने प्रत्येक भारतीय का बैंक होने का परिचय देते हुए एवं हमारे पुलिस कर्मियों के कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए एक कदम आगे बढ़कर पुलिस कर्मी राम केवल पुत्र लालू निवासी ग्राम रसडी पोस्ट सराय गणेश घोसी जनपद मऊ पी नंबर 980560828, जिनकी मृत्यु सड़क दुर्घटना में दिनांक 9 जून 2024 को हो गई थी एवं उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती रीता भी थी अपने पीछे तीन बच्चों रोशन कुमार उम्र 19 वर्ष श्वेता उम्र 16 वर्ष एवं अभिषेक उम्र 13 वर्ष को छोड़कर चले गए। भारतीय स्टेट बैंक ने अपना कर्तव्य निभाते हुए पुलिस सैलरी पैकेज के तहत बच्चों को 75 लख रुपए आकस्मिक मृत्यु भुगतान किया जो की क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रजभानु सिंह द्वारा रोशन पुत्र राम केवल को प्रदान किया गया। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक मुख्य शाखा रायबरेली सर्वेश कुमार त्रिपाठी क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक सील प्रिय मिश्रा मुख्य प्रबंधक आनंद सिंह चौहान मुख्य प्रबंधक चेतना शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने 23,777 व्हीलों की फोर्जिंग कर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से 21 नवम्बर 2024 तक 8 माह से भी कम समय में कुल 23777 व्हीलों की फोर्जिंग कर अपने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान की गई कुल 23631 व्हीलों की फोर्जिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। जब से फोर्ल्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व आरेडिका को प्राप्त हुआ है। आरेडिका प्रशासन फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को उच्च आयाम पर ले जाने के लिए प्रयासरत है। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है और आगे भी हम इसी तरह लगन के साथ कार्य करते रहेंगे। देश में फोर्ज्ड व्हीलों की उपलब्धता रेलवे में मांग की तुलना में कम है। इसलिए इस कमी को दूसरे देशों से व्हीलों के आयात से पूरा किया जाता है। अब हम स्वंय के निर्मित व्हीलों को अपने कोचों में लगा रहे हैं जिससे श्रम, समय और साधन तीनों की बचत हो रही है।

# एनसीसी के आल इंडिया ट्रैकिंग में सड़क सुरक्षा व स्वास्थ्य कैंप का हुआ शुभारंभ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के तत्वावधान में सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे आल इंडिया ट्रैकिंग कैम्प द्वितीय के छठवें दिन बुधवार को सड़क व स्वास्थ्य सुरक्षा मंत्र के साथ कैम्प का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कैडेटों ने बाबा विभूतिनाथ का दर्शन किया। बुधवार की सुबह कैम्प कमांडेंट कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में सुहेलवा, राप्ती, श्रावस्ती, थारू और देवीपाटन ग्रुप के केडेट्स अपने एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ के साथ अपने निर्धारित मार्गों पर ट्रैकिंग के लिए प्रस्थान किये। कैडेटों ने बाबा विभूतिनाथ मंदिर पर पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। वहां के पुजारी ने कैडेटों को बाबा विभूतिनाथ की पौराणिकता से परिचित करते हुए बताया कि मान्यता के अनुसार विभूतिनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना पांडव पुत्र भीम ने अपने वनवास के अंतिम चरण में की थी। और यहीं से अज्ञात वास के लिए चले गए थे। यह भी बताया कि विभूतिनाथ के उत्तर स्थित यक्ष सरोवर जिसे अब रजिया ताल कहा जाता है। यहीं पर युधिष्ठिर और यक्ष का शास्त्रार्थ हुआ था। जिससे प्रसन्न होकर यक्ष ने सभी भाईयों को जीवनदान दिया था। और पांडव पुत्रों को अज्ञात वास के लिए विराट नगरी का पता बताया था। जिसके बाद पता चलने पर दुर्योधन और कर्ण पांडवों को खोजते हुए द्वैतवन में आए थे। और विभूतिनाथ मंदिर के आस पास रमणीक स्थान देख कर कुछ समय रुक कर तपस्या भी की थी। और पानी की किल्लत को देखते हुए कर्ण ने भगवान शिव से पानी के लिए प्रार्थना की थी। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मंदिर के पास दो जलस्रोत उत्पन्न किए। इस अवसर पर विभिन्न निदेशालय के एन सी सी अधिकारी व पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा: जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**उतरौला (बलरामपुर)।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पुरुष नसबंदी पखवाड़े के अंतर्गत जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर सीएचसी के अधीक्षक सीपी सिंह ने जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सारथी वाहन के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को पुरुष नसबंदी के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। वाहन में लगे लाउडस्पीकर और पोस्टर के जरिए परिवार नियोजन के उपायों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सीपी सिंह के साथ अभिषेक तिवारी (डीईओ), अरुण चौधरी (बीसीपीएम), आशुतोष उपाध्याय, विजय तिवारी, स्टाफ नर्स, बीपीएम और अन्य सीएचसी स्टाफ मौजूद रहे। इन सभी ने अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पुरुष नसबंदी को परिवार नियोजन का एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय बताया गया। अधीक्षक सीपी सिंह ने कहा कि पुरुष नसबंदी न केवल परिवार को आर्थिक रूप से स्थिर बनाती है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक है। उन्होंने यह भी बताया कि नसबंदी की प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और प्रभावी है। कार्यक्रम में पुरुष नसबंदी के प्रति सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने और इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में देखने की अपील की गई। सीएचसी स्टाफ ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां नसबंदी संबंधी सभी सवालों का समाधान और मुफ्त सुविधाएं दी जाएंगी। पुरुष नसबंदी पखवाड़े के तहत चलाया गया यह जागरूकता अभियान समाज में जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा।

# बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल इंटई मैदा का पेराई मंत्रोउच्चारण के साथ शुरू

**मीडिया प्रभारी केपी सिंह के प्रयास से मिल क्षेत्र में गन्ना बुवाई में हुई बढ़ोत्तरी**

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इटाई मैदा, उतरौला, बलरामपुर नवीन गन्ना पैराई सत्र 2024-2025 का शुभारंभ पंडित मयंकेशपति त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रो के उच्चारण व विधि विधान पूजन के तत्पश्चात कैन करियर में गन्ना डाल कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रनिधि एवं प्रसाशनिक अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर देवीपाटन मंडल के उपगन्ना आयुक्त डॉ आर.बी. राम, उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिलागन्ना अधिकारी संजय कुमार, गन्ना समिति अध्यक्ष बलरामपुर रंनू सिंह, गन्ना समिति उतरौला के अध्यक्ष तोता राम, विधायक प्रतिनिधि चन्दन मिश्रा, पूर्व विधायक अनवर महमूद, पूर्व विधायक जगराम, पूर्व विधायक शैलेन्द्र सिंह, सचिव गन्ना समिति बलरामपुर अविनाश सिंह, सचिव तुलसीपुर रविंद्र बाबू एवं प्रगति शील किसान चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्रधानचार्य जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय उपस्थित थे। इकाई प्रमुख राकेश यादव, गन्ना महा प्रबंधक डॉ. आरपी सही ने प्रथम बैलगाडी किसान बृजलाल एवं ट्रॉली कृषक अगयाराम यादव को सम्मानित किया। इस अवसर पर एचआर हेड बृजेश चंद्र मंडल, इंजीनियरिंग हेड कोमल सिंह, प्रोडक्शन हेड राघवेंद्र श्रीवास्तव, अकाउंट हेड विनोद सिंह, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन केपी सिंह, अशोक पांडे, डॉ विक्रमदित्या प्रधान उपस्थित थे। इकाई प्रमुख राकेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि चीनी मिल 36 गन्ना क्रय केंद्रों गन्ना तौल करेगी।

## एमएलके कॉलेज में रोवर्स रेंजर का प्रशिक्षण शुरू



**बलरामपुर।** दिनांक 27 नवंबर 2024 को प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय जी के निर्देशन में रोवर्स/ रेंजर्स प्रवीण/निपुण जांच शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ योग से हुआ। जारवा के आनंद मार्ग से योग प्रशिक्षक आचार्य रागानुगानंद आचार्य मेघदीपानंद ने शिविर के दौरान रोवर/रेंजर को वज्रासन, पद्मासन, धनुरासन, शिव तांडव, सर्वांगसम एवं अन्य विभिन्न प्रकार के आसन के द्वारा योग की शिक्षा दी। इस दौरान प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने योग प्रशिक्षक का स्वागत किया। प्राचार्य के साथ साथ डॉ. आलोक शुक्ला, डॉ. ऋषि रंजन पाण्डेय, डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. राहुल बिसेन, डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, डॉ. केपी मिश्रा, डॉ. पीएन पाठक, डॉ. केके सिंह, अभिषेक सिंह, मसूद मुराद रमेश गुप्ता ने भी योग किया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. जेपी पाण्डेय के साथ रोवर प्रभारी डॉ. एसके त्रिपाठी तथा रेंजर प्रभारी डॉ. वंदना सिंह ने आनंद मार्ग जरवा से आए हुए योग प्रशिक्षक आचार्य रागानुगानंद एवं आचार्य मेघदीपानंद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात तत्पश्चात संतोष कुमार यादव ट्रेनर तथा बलरामपुर के डीओसी सिराजुहक एवं डॉ एस के त्रिपाठी प्रभारी रोवर्स ने भारत स्काउट गाइड का ध्वज शिष्टाचार किया। स्काउट गाइड का इतिहास, वर्दी, झंडा की बनावट तथा कैंप फायर की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ अनामिका सिंह, लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान, डॉ एस के मिश्र, डॉ कृतिका तिवारी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जलवायु संकट की अनदेखी

आज ग्लोबल वार्मिंग संकट दुनिया के तमाम देशों के दरवाजे पर दस्तक देकर रौद्र रूप दिखा रहा है। ऐसे में बाकू में संपन्न कॉप-29 सम्मेलन में दुनिया की आबोहवा बचाने की दिशा में ठोस निर्णय न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, विकसित देश विगत में की गई अपनी घोषणाओं से पीछे हट रहे हैं। वे गरीब मुल्कों को ग्लोबल वार्मिंग संकट से निपटने के लिये आर्थिक मदद देने को तैयार नहीं हैं। ऐसा भी नहीं है कि दुनिया पर जलवायु संकट के गंभीर परिणामों से विकसित देश वाकिफ नहीं हैं। अमेरिका से लेकर स्पेन तक मौसम के चरम का त्रास झेल रहे हैं। लेकिन इसके घातक प्रभावों को देखते हुए भी सभी देश समाधान निकालने को लेकर सहमति क्यों नहीं बना पा रहे हैं। कहना गलत न होगा कि विकसित देशों द्वारा अक्सर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन हाथी के दिखाने के दांत साबित हो रहे हैं। दशकों से चले आ रहे सम्मेलनों के बावजूद जलवायु संकट दूर करने के लिये सभी देशों की हिस्सेदारी व जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि कॉप-29 में विकासशील देशों की चिंता व नाराजगी को भारत ने आवाज दी है। भारत ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ देशों का नेतृत्व करके धनी देशों को आईना दिखाया। यह हकीकत है कि धनी देशों के रवैये के चलते विकासशील देश खुद को छला महसूस कर रहे हैं। अपने विकास की कीमत पर ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने पर सहमत हुए गरीब मुल्क इसके मुकाबले के लिये धनी देशों की मदद की तरफदेख रहे हैं। यह विडंबना है कि अजरबैजान में कॉप-29 सम्मेलन का समापन तल्ख बयानों व असहमति के बीच हुआ। आखिर धनी व गरीब मुल्कों के बीच सम्मेलन के बाद भी अविश्वास का वातावरण क्यों बना हुआ है। निश्चित रूप से यह स्थिति भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिये साझा प्रयासों की संभावना को ही खत्म करेगी। विगत में विकसित देशों ने वायदा किया था कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयास में होने वाले खर्च की पूर्ति के लिये 1.3 ट्रिलियन डॉलर सालाना मदद दी जाएगी। लेकिन अब ये देश मामूली रकम देने को ही तैयार हैं। इससे पर्यावरणीय क्षति को रोकने के प्रयासों हेतु आर्थिक संसाधन जुटा पाना संभव न होगा। वहीं दूसरी ओर इस दिशा में निर्धारित लक्ष्य अपर्याप्त ही हैं। इस गंभीर मुद्दे पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। दूसरे विकसित देश सीमित मदद को सीधे देने के बजाय ऋण के रूप में देने की बात कर रहे हैं। जाहिर है कर्ज के साथ शर्तें भी कठोर हो सकती हैं। दरअसल, अपनी पिछली पारी में पर्यावरण संकट पर बेरुखी दिखाने वाले नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भी दुनिया के मुल्क असमंजस में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि दुनिया की महाशक्ति अमेरिका क्लाइमेट चेंज प्रभाव को रोकने के लिये धन उपलब्ध कराने में ना-नुकर कर सकता है। भले ही संकट से निपटने के लिये पर्याप्त धन न जुटाया जा सके,लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस मुद्दे में दुनिया के देशों में सहमति बन सके। निस्संदेह, मतभेद मनभेद में न बदलें और दुनिया के तमाम देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबले के लिये एकजुट होने का संकल्प लें। यही वजह है कि भारत ने टूक शब्दों में कहा कि जलवायु संकट से निपटने की जिम्मेदारी सिर्फविकासशील देशों की ही नहीं है। निस्संदेह, धनी मुल्कों को जवाबदेही से भागने से बचना चाहिए। हालांकि, बाकू में जलवायु संकट पर गंभीर मंथन तो हुआ पर समस्या की गहराई को समझने की ईमानदार कोशिश नहीं की गई। यदि जलवायु वित्त पैकेज पर सहमति बनती तो इससे जुड़े मुख्य मुद्दों के समाधान की राह खुलती। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया। यह निर्विवाद सत्य है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिये विकासशील देशों को अपने विकास को धीमा करना पड़ेगा। लेकिन औद्योगिक क्रांति के जरिये प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने वाले विकसित देश अपने आर्थिक लक्ष्य हासिल करने के बाद विकासशील देशों को ऐसा करने से रोक रहे हैं।

# दिल्लीवासी चुनाव से पहले स्वच्छ हवा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग करें

*कल्याणी शंकर*

दिल्ली के निवासियों को हर साल प्रदूषण का सामना क्यों करना पड़ता है, जबकि शासक वर्ग इसके लिए पड़ोसी राज्यों हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने को दोषी ठहराता है? क्या वे इस बात पर बहस करने के बजाय कि पराली जलाने वाली मशीनों और अन्य संबंधित खर्चों का भुगतान कौन करेगा, इसका स्थायी समाधान नहीं खोज सकते? दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से आठ गुना अधिक है। यह उस स्तर पर पहुंच गया है जहां न्यायपालिका, कार्यपालिका और संसद एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं और प्रदूषण का गंभीर स्तर जारी है।

अमेरिका में एक महीने की छुट्टी से लौटते हुए, मैं इस सप्ताह आधी रात के बाद दिल्ली पहुंचते ही प्रदूषण संकट की गंभीरता से तुरंत प्रभावित हो गयी। अंधेरे आसमान, धूल की चादर, गर्मी और सांस लेने में कठिनाई ने एक कठोर चेतावनी और कार्रवाई के लिए एक जरूरी आह्वान के रूप में मेरा स्वागत किया।

इस सप्ताह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस खतरनाक स्तर के कारण राज्य के अधिकारियों ने आवाजाही सीमित कर दी है और विषाक्त पदार्थों को साफकरने के लिए कृत्रिम बारिश को प्रोत्साहित करने की योजना पर चर्चा को फिर से शुरू कर दिया है। इसने शहर को घने भूरे रंग के धुएं में ढकने के कारण स्कूलों और दफ्तरों को बंद करने के लिए मजबूर किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। बच्चों और वृद्धों में श्वसन संबंधी बीमारियों की संख्या बढ़ रही है, साथ ही अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी। उत्तर में ठंडी सर्दियों में, हर साल धुआं पूरे क्षेत्र को ढक लेता है और आग, निर्माण और कारखानों से निकलने वाले हानिकारक प्रदूषकों को फंसा लेता है। यह समस्या तब और भी बदतर हो जाती है जब किसान नयी फसल की तैयारी के लिए चावल की कटाई के बाद अपने खेतों में पुआलको जला देते हैं।हर साल यही या इससे भी बदतर स्थिति सामने आती है, जो समय के साथ खतरनाक स्तर तक पहुंच जाती है। नागरिक असहाय महसूस करते हैं जबकि राजनेता दोषारोपण के खेल में लगे रहते हैं।

नतीजतन, जनता खराब वायु गुणवत्ता को झेलती है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से खतरा है। अमीर लोग अक्सर सर्दियों के दौरान गर्म जगहों पर चले जाते हैं, लेकिन बच्चों और वृद्धों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई स्कूल बंद हो गये हैं और निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गयी है। निर्माण कार्य रोक दिया गया है और सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऑड-ईवन वाहन उपयोग नीति लागू करने पर विचार कर रही है। हालांकि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन संकट की गंभीरता को देखते हुए बिना किसी देरी के प्रभावी समाधान की आवश्यकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य निगरानी एजंसियों के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 1,200 से 1,500 के बीच है। भारत का एक्यूआई 200 से अधिक होने पर खराब, 300 से अधिक होने पर बहुत खराब और 400 से अधिक होने पर गंभीर या खतरनाक श्रेणी में आता है। अनुशंसित एक्यूआईसीमा 0 से 100 के बीच है। यह भयावह स्थिति अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और प्रवासी भारतीयों को अपनी वार्षिक यात्राओं की योजना बनाने से हतोत्साहित करती है। सरकारें और राजनेता समस्या के मूल कारण से अच्छी तरह वाकिफहैं, लेकिन दोषारोपण का खेल खेलते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को प्रदूषण से निपटने का आदेश दिया है। अतीत में, इसने दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व भी किया है। इसने शहर में कौन से वाहन चल सकते हैं, इस बारे में नियम तय किये हैं, हवा को प्रदूषित करने वाली कई फैक्ट्रियों को दूसरी जगह ले जाने का आदेश दिया है और उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यवसायों को बंद करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सरकार पर कार्रवाई करने का दबाव भी बनाया। गलती क्रियान्वयन में है। पिछले महीने, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि स्वच्छ हवा एक मौलिक मानव अधिकार है। इसने केंद्र सरकार और राज्य अधिकारियों दोनों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। हालांकि, वाहनों पर प्रतिबंध, औद्योगिक नियमन और जन जागरूकता अभियान जैसे अधिकांश उपाय, खराब होती वायु गुणवत्ता को रोकने में अधिक प्रभावी होने चाहिए।



**अमीर लोग अक्सर सर्दियों के दौरान गर्म जगहों पर चले जाते हैं, लेकिन बच्चों और वृद्धों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई स्कूल बंद हो गये हैं और निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गयी है। निर्माण कार्य रोक दिया गया है और सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऑड-ईवन वाहन उपयोग नीति लागू करने पर विचार कर रही है। हालांकि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन संकट की गंभीरता को देखते हुए बिना किसी देरी के प्रभावी समाधान की आवश्यकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य निगरानी एजंसियों के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 1,200 से 1,500 के बीच है। भारत का एक्यूआई 200 से अधिक होने पर खराब, 300 से अधिक होने पर बहुत खराब और 400 से अधिक होने पर गंभीर या खतरनाक श्रेणी में आता है। अनुशंसित एक्यूआईसीमा 0 से 100 के बीच है। यह भयावह स्थिति अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और प्रवासी भारतीयों को अपनी वार्षिक यात्राओं की योजना बनाने से हतोत्साहित करती है। सरकारें और राजनेता समस्या के मूल कारण से अच्छी तरह वाकिफहैं, लेकिन दोषारोपण का खेल खेलते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को प्रदूषण से निपटने का आदेश दिया है। अतीत में, इसने दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व भी किया है। इसने शहर में कौन से वाहन चल सकते हैं, इस बारे में नियम तय किये हैं, हवा को प्रदूषित करने वाली कई फैक्ट्रियों को दूसरी जगह ले जाने का आदेश दिया है और उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यवसायों को बंद करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सरकार पर कार्रवाई करने का दबाव भी बनाया। गलती क्रियान्वयन में है। पिछले महीने, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि स्वच्छ हवा एक मौलिक मानव अधिकार है। इसने केंद्र सरकार और राज्य अधिकारियों दोनों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। हालांकि, वाहनों पर प्रतिबंध, औद्योगिक नियमन और जन जागरूकता अभियान जैसे अधिकांश उपाय, खराब होती वायु गुणवत्ता को रोकने में अधिक प्रभावी होने चाहिए।**

आलोचक सवाल उठाते हैं कि न्यायालय के फैसले कितने प्रभावी हैं और न्यायपालिका पर कार्यकारी मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपने 2024 के घोषणापत्र में पिछले वादों के विपरीत, प्रदूषण को कम करने के वादे शामिल करने चाहिए थे। इसके बजाय, घोषणापत्र में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) और प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। आप ने नागरिकों की भागीदारी की आवश्यकता और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का उपयोग करने की योजना पर प्रकाश डाला। अब जबकि यह खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, केंद्र और राज्य सरकारों को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के संबंध में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो वास्तविक दोषी हैं। हर सर्दियों में खेतों में लगी आग से निकलने वाला धुआं दिल्ली को अपनी चपेट में ले लेता है और दिल्ली के आसमान को ढक लेता है। किसान आग जलाना पसंद करते हैं क्योंकि यह उनके खेतों को साफ करने का सबसे सस्ता तरीका है। राज्य सरकारें मांग करती हैं कि केंद्र किसानों को धुआं उत्सर्जन कम करने में सहायता के लिए धन मुहैया कराये, लेकिन यह समस्या हर साल बनी रहती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अब समय आ गया है कि आधे-अधूरे उपायों को छोड़ दिया जाये और व्यापक समाधान लागू किये जाएं। उदाहरण के लिए, ग्रेप-3 को ग्रेप-4 में अपग्रेड किया जाना चाहिए, जिससे ऑड-ईवन नियम को लागू करना आसान हो सके। दिल्ली विधानसभा का चुनाव नजदीक है। लोगों को इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहिए। इस बीच, दिल्ली के निवासियों को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए। प्रदूषण से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर विचार करें, जैसे मास्क पहनना, घर के अंदर हवा को शुद्ध करने वाले पौधे लगाना, तथा अमीर लोगों द्वारा एयरप्यूरीफायर का उपयोग करना, भाप स्नान करना, स्वस्थ भोजन खाना, तथा अपने घरों में उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करना। नागरिकों को प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए अधिकारियों की सहायता भी करनी चाहिए।

विचार

# महाराष्ट्र विस चुनाव : महिला मतदाताओं की मुखरता से बदल रही तस्वीर

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महिलाओं के 6 प्रतिशत अधिक मतदान ने चुनावी परिणामों को पूरी तरह बदल कर रख दिया। इसी साल की शुरुआत में हुए लोकसभा के चुनाव परिणामों से महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाअघाड़ी गठबंधन अतिउत्साह में था और लगभग यह मान कर चल रहे थे कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे उनके पक्ष में ही होंगे। अत्यधिक आत्मविश्वास के चलते चुनावी अभियान की सही दिशा व समझ नहीं पाए और इसका परिणाम यह रहा कि भाजपा नीत गठबंधन ने विजय के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।

मानें या ना मानें पर चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही। मध्य प्रदेश से निकली लाड़ली बहना महाराष्ट्र तक आते-आते माझी लाड़की बहना योजना हो गई जिसे महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसी साल लागू करने और चुनाव से पहले ही इसकी तीन किश्तें लक्षित महिलाओं के खातों में जाने से पूरा माहौल बदल गया। योजना शुरू करने पर विपक्ष ने विरोध किया और यहां तक कि कोर्ट में जनहित याचिकाएं लगाई गई पर कोर्ट द्वारा योजना को सही ठहराने और सीधे खाते में पैसे आने से महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास जगा वहीं, महाअघाड़ी गठबंधन महिलाओं से जुड़ी इस योजना को समझने में ही देरी कर दी और भले ही बाद में चुनाव घोषणापत्र या यों कहें कि चुनावी वादों में अधिक पैसा देने का वादा भी किया पर महिलाओं का विश्वास नहीं जीत पाए। सही मायने में देखा जाए तो महिला शक्ति गेम चेंजर बन कर सामने आई। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि महिलाएं जिनके साथ हैं, सत्ता भी उनके हाथ ही लगेगी।



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनाव चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के, देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने लगे हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी के मामले में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं, वहीं गत 2024 के आमचुनाव में 74 महिला सांसद चुन कर आई हैं। हालांकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम रह जाती है। अनुभव यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक-तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते हैं। इस बार महाराष्ट्र चुनाव में 50 महिलाओं को टिकट दिए गए और 21 महिलाएं चुनाव जीत कर विधायक बनी हैं।

सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों की हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीदवारी भी जताती हैं तो चुनाव कैंपेन के दौरान उपस्थिति भी दर्ज कराती हैं। दूसरी ओर मतदान में भी आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहें कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास करते हैं। महिला मतों के लिए उनसे जुड़ी योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा पत्रों में उन्हें शामिल किया जाता है। क्योंकि यह साफ है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसे दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं।

देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भविष्य के चुनावों में भी राजनीतिक दलों को सत्ता का स्वाद चखना है तो उन्हें महिला मतदाताओं का खास ध्यान रखना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## नभ के तारे पूछ रहे हैं

**उज्जवल कुमार**

नभ के तारे पूछ रहे हैं
कब चमकोगे प्यारे तुम
जीत चाहते हो ख़ुद से
फिर क्यों हो मन से हारे तुम
जग को जानने के चक्कर में
कहीं तुम ख़ुद को भूल ना जाना
जीत उन्हीं को मिलती यहाँ
जिन्होंने है ख़ुद को पहचाना
तुलना क्या करना किसी से
सब यहाँ अलग-अलग है
तुमसे आगे लोग वही है
जो तुमसे ज्यादा सजग है
प्यारे तुम ख़ुद को पहचानो
हमारी बस ये बात मानो
दिल में दिया जलालो आस का
ख़ुद से ही तुम ज़िद ठानो
मेहनत करो बन जाओगे
सब के आँखों के तारे
तब जा कर चमक पाओगे तुम प्यारे



## राशिफल

**मेष:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन:-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छवि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकर:-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीन:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

# आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी वस्त्रों में नवाचार

*प्रियंका सौरभ*

उच्च प्रदर्शन सामग्री के रूप में तकनीकी वस्त्र आयात पर निर्भरता को कम करके और स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देकर रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी वस्त्र, जैसे कि जियो टेक्सटाइल, बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की स्थायित्व और दक्षता को बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, खासकर प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त क्षेत्रों में। तकनीकी वस्त्र क्षेत्र एक नए युग का वस्त्र है, जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में होता है। तकनीकी वस्त्र ऐसा कपड़ा उत्पाद है, जो गैर-सौंदर्य प्रयोजनों के लिए निर्मित होता है, जहाँ कार्य प्राथमिक मानदंड होता है।

तकनीकी वस्त्रों में ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए वस्त्र, चिकित्सा वस्त्र, भू-वस्त्र, कृषि-वस्त्र और सुरक्षात्मक कपड़े शामिल हैं। सरकार ने तकनीकी वस्त्रों और उनके अनुप्रयोगों में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन भी शुरू किया है। पूर्वोत्तर भारत के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सड़कों को स्थिर करने के लिए जियो टेक्सटाइल का उपयोग किया जाता है, जिससे विदेशी समाधानों पर निर्भरता कम होती है। रक्षा और एयरोस्पेस के लिए उन्नत वस्त्र यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत अपनी रणनीतिक आवश्यकताओं को स्वतंत्र रूप से पूरा करे।

डीआरडीओ द्वारा सैन्य उपयोग के लिए स्वदेशी अरामिड-आधारित सुरक्षात्मक गियर विकसित किया गया था, जिससे महंगे आयात पर निर्भरता कम हुई। सर्जिकल मास्क, पीपीई और बायोडिग्रेडेबल मेडिकल फैब्रिक जैसे मेडिकल टेक्सटाइल स्वास्थ्य सेवा में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करते हैं, जो आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए महत्त्वपूर्ण है। महामारी के दौरान भारत ने पीपीई किट के घरेलू उत्पादन को बढ़ाया और कुछ ही महीनों में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली। एग्रोटेक फैब्रिक्स जैसे तकनीकी वस्त्र कृषि उत्पादकता में सुधार करते हैं, ग्रामीण विकास का समर्थन करते हैं और आयातित कृषि-समाधानों पर निर्भरता कम करते हैं। पॉलीहाउस कवर और फ़सल सुरक्षा जाल सालभर खेती के लिए नियंत्रित वातावरण बनाकर पैदावार बढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी वस्त्र इकाइयाँ स्थापित करने से रोजगार सर्जन को बढ़ावा मिल सकता है, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ने में मदद मिल सकती है और स्थायी आजीविका का समर्थन हो सकता है। ग्रामीण महाराष्ट्र में तकनीकी वस्त्र निर्माण के विकास ने स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया है। चूंकि तकनीकी वस्त्र आयात-निर्भर संसाधनों की आवश्यकता को कम करते हैं इसलिए वे भारत की अर्थव्यवस्था को जलवायु-संचालित वैश्विक आपूर्ति झटकों के प्रति कम संवेदनशील बनाते हैं।

बायोडिग्रेडेबल टेक्सटाइल सामग्री का स्वदेशी उत्पादन पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है और आयात निर्भरता को कम करता है। स्मार्ट, टिकाऊ और मिश्रित वस्त्रों में अनुसंधान के लिए मिशन का वित्तपोषण ऐसे नवाचारों को बढ़ावा देता है जो घरेलू



स्तर पर क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। नमी सोखने वाले कपड़ों पर आईआईटी दिल्ली में शोध रक्षा कर्मियों के लिए सुरक्षात्मक गियर को बढ़ाता है। मिशन अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के बीच साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है, जिससे नई तकनीकों के तेजी से व्यावसायीकरण को बढ़ावा मिलता है। उन्नत चिकित्सा वस्त्रों के उत्पादन के लिए एसएमई को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ने घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया है। मानकों और गुणवत्ता में सुधार करके, मिशन वैश्विक बाजारों में उच्च मूल्य वाले तकनीकी वस्त्रों का निर्यात करने की भारत की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलता है। मिशन द्वारा समर्थित गुणवत्ता प्रमाणन के कारण यूरोप को भारत के तकनीकी वस्त्रों के निर्यात में वृद्धि हुई है। समर्पित परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना वैश्विक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करती है, जिससे उत्पाद की विश्वसनीयता में सुधार होता है।

दिल्ली में राष्ट्रीय वस्त्र परीक्षण प्रयोगशालाएँ यूरोपीय मानकों को पूरा करने वाले प्रमाणपत्र प्रदान करती हैं, जिससे निर्यात क्षमता में वृद्धि होती है। नए आईपीआर दिशा-निर्देश स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे भारत के तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के बौद्धिक संपदा आधार को मजबूती मिलती है। स्मार्ट टेक्सटाइल के लिए आईआईटी मद्रास जैसे संस्थानों द्वारा दायर आईपीआर पेटेंट यह सुनिश्चित करते हैं कि मालिकाना तकनीक भारत के भीतर ही रहे। मिशन के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्नत वस्त्र निर्माण के लिए तकनीकी कौशल को बढ़ाते हैं, उत्पादकता और नवाचार को बढ़ाते हैं। कपड़ा क्षेत्र कौशल परिषद के साथ सहयोग ने तकनीकी वस्त्र उद्योग में हजारों लोगों को प्रशिक्षित किया है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक नवाचार को बढ़ावा देता है, जिससे आयात निर्भरता के खिलाफ भारत की लचीलापन बढ़ता है। मिशन के तहत अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल निर्माण में निरंतर निवेश से उच्च प्रदर्शन वाले वस्त्रों में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और मजबूत होगी।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

जनपद के प्रभारी राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु का महोबा दौरा, संभल हिंसा पर बोले-

# विधानसभा उपचुनाव की हार से बौखलाए अखिलेश, दे रहे ऊलजलूल बयान

- धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हिन्दू सनातन पदयात्रा का किया समर्थन, दिया नारा एक रहेंगे तो नेक रहेंगे
- जिले के किसानों की खाद की समस्या को डीएम के साथ बैठक कर करेंगे दूर
- बीजेपी कार्यालय में बैठक कर कार्यकर्ताओं की समस्या सुन निराकरण के दिए निर्देश




**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तरप्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य एवं महोबा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर दो दिवसीय दौरे पर महोबा पहुंचे। जिला बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निराकरण करने की बात कही । तो वही संभल उपद्रव में सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कि विधानसभा उप चुनाव में 09 सीटों में से 07 सीटे हारने पर वह बौखला गए है । यही वजह है कि वह कोई जनाधार न बचने पर मनमानी बाते करते नजर आ रहे है । साथी प्रभारी मंत्री ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू सनातन एकता पदयात्रा का समर्थन करते हुए कहा कि एक रहेंगे तो नेक रहेंगे अगर वह 20 है तो हम 85 है और आगे भी बढ़ जाएंगे, चिंता की कोई बात नही है ।महोबा जिले में पहुंचते ही प्रभारी मंत्री राकेश राठौर का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के हिंदू सनातन एकता पदयात्रा के दौरान विशेष समुदाय पर दिए गए बयान 20 है तो पत्थर बाजी कर रहे हैं 50 हो जाएंगे तो आपकी बहन बेटी उठा कर ले जाएंगे का समर्थन किया है। विधानसभा उपचुनाव हारने के बाद अखिलेश यादव उल जलूल बयान बाजी कर रहे हैं। जबकि सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ काम कर रही है। किसानों को होने वाली खाद की समस्या से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि हम जिलाधिकारी के साथ बैठक कर किसानों को पर्याप्त खाद मुहैया करेंगे उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री ने बिल्कुल सही कहा है। और दूसरी ओर सीएम योगी का विधानसभा चुनाव में दिया गया नारा बाटेंगे तो काटेंगे बेहद सफल रहा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में और बेहतर नारा देकर जनता का विश्वास जीतेंगे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत

**राठ(हमीरपुर)।** बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर नियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। चिकासी थाने के रहंक गांव निवासी 55 वर्षीय जुगल किशोर मिश्रा (55) बुधवार को ट्रैक्टर में डीजल भरवाने के लिए गोहांड के पेट्रोल पंप पर गए थे। डीजल भरवाकर वापस लौटते समय उरई रोड स्थित रहंक बंबी के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। बुधवार को उसके पिता खेत की बखराई के लिए ट्रैक्टर लेकर खेत में गए थे। तभी ट्रैक्टर में दबकर उनकी मौत हो गई है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र मयंक मिश्रा को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी बेबी मिश्रा का रो रोकर बुरा हाल है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए हैं।

## भाकियू ने विरोध-प्रदर्शन कर आन्दोलन की दी चेतावनी, खाद महंगें दामों में बेचने का किया विरोध

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर समेत क्षेत्र में खाद व बीज की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप किसानों को अविलंब खाद व बीज उपलब्ध कराने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में उन्होंने विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। रवि की फसल की बुवाई में किसान दिन रात लगा हुआ है लेकिन नगर की सरकारी समितियां में खाद व बीज नदारत होने से किसानों में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है। नगर व क्षेत्र की सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति न हो पाने के कारण किसानों को मन माफिक खाद नहीं मिल पा रही है जिसके चलते वह बाजार से 1800 से लेकर 1900 रुपए तक प्रतिबोरी डीएपी खाद खरीदने को मजबूर है। पिछले सप्ताह भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। किसानों को खाद व बीच उपलब्ध कराने की मांग की थी लेकिन उसका कोई असर होते न देख बुधवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को पुनः एक ज्ञापन सौंप किसानों को अविलंब खाद व बीज उपलब्ध कराने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में 30 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन तहसील परिसर मौदहा में एक विशाल पंचायत सभा करने व उसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग को जामकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर रज्जू कुशवाहाए श्याम बहादुर बाबूराम मिश्रा वाहिद अली व अनिल कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पनवाड़ी में डीएपी खाद के लिए किसानों की लगी लंबी लाइनें

- राजस्व विभाग एवं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में बंटी डीएपी खाद, एक-एक बोरी डीएपी खाद किसानों को हो रही नसीब

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड पनवाड़ी क्षेत्र में इस समय रवि की बुवाई के लिए किसानों को खाद न मिलने से खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी के चलते आज मंगलवार के रोज साधन सहकारी समिति की खाद को लेकर एक ट्रक 350 बोरी लेकर प्रवेश किया वैसे ही किसानों ने ट्रक को चारों ओर से घेर लिया फौरी तौर पर इसकी सूचना समिति सचिव अशोक पाल ने पुलिस और राजस्व विभाग के लेखपाल विजय पाल, मेघा और कानूनगो बदलू प्रसाद को दी और खाद से भरा ट्रक डांग बंगला में खड़ा करा दिया। और किसानों को लंबी कतार लगाकर पुलिस की सुरक्षा में एक-एक बोरी प्रति किसानों को वितरित की। जो किसानों लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। जिस कारण किसानों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। मालूम हो कि पनवाड़ी क्षेत्र के आसपास गांवों के किसान डीएपी खाद ना मिलने के कारण रवि की बुवाई से वंचित चल रहे हैं। खाद के लिए किसान समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद ना मिलने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आज मंगलवार को डांग बंगला से किसानों को डीएपी खाद की एक-एक खाद की बोरी नसीब हो पाई। इस समय डीएपी खाद का सरकारी रेट 1350 रुपए है वहीं डीएपी खाद प्राइवेट दुकानों पर 1500 रुपए से लेकर 1600 रुपए में खरीदने को किसान मजबूर हैं। जिससे किसानों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक से कुचल कर युवक की मौत

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार दोपहर कानपुर सागर हाईवे पर स्थित पतारा कस्बे में सड़क पार कर रहा युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बाद में उत्तेजित परिवार जनों ने कानपुर सागर हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया जो काफी देर तक जाम रहा और वाहनो की लाइन लग गई बाद में पुलिस ने समझा बूझकर जाम को हटवाया। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाए।

### आंगनवाड़ी व उसके पुत्रों ने सभासद के साथ की मारपीट, दोनों पक्षों ने डीएम से की शिकायत

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्वा स्थित आंगनवाडी कार्यकत्री व उनके पुत्रों द्वारा महिला सभासद व उसके पति के साथ मारपीट की है इस मामले की शिकायत महिला सभासद मालती ने जिलाधिकारी से की है। महिला सभासद मालती ने जिलाधिकारी को बताया कि पिछले दिनों वार्ड नं छह का आगनवाडी कार्यकत्री विजय लक्ष्मी को अनियमितताएं के चलते निलंबित कर दिया गया था। जब इस मामले में सीडीपीओ शशि प्रभा ने मामले की जांच करने गयी तो उनके साथ आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पुत्र प्रवीण,आनंद, व अकिंत तथा भतीजा रोहित भी था सभी ने मालती व उसके पति को मारापीटा। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। मालती का कहना है इस मामले से वह काफी तनाव मे है। इधर आगंनवाडी कार्यकत्री विजय लक्ष्मी ने भी कई कार्यकत्रियों के साथ जाकर डीएम से सभासद की शिकायत की है। मामले को लेकर दोनो पक्षों में तनाव व्याप्त है।

### युवक को किया गया सम्मानित

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे में स्थित राजाबाई शिक्षण संस्थान में सामाजिक कार्य करने वाले युवा को सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज राजपूत में बताया कि धीरेंद्र कुमार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करते हैं। गायों के बीमार होने व उनको आश्रय न मिलने पर वह उनकी देखभाल करते हैं। जिस पर उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अजय हिंगवासियाए जिला संयोजक सचिन शर्माए जिला गौरक्षा प्रमुख फूल सिंह राजपूतए नगर संयोजक सनी साहू आदि मौजूद रहे।

### युवक को जमकर मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)।** रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए एक युवक के साथ मोहल्ले के ही चार युवकों ने गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी ।पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है ।महोबा जनपद के जैतपुर बेलाताल के निवासी आफताब पुत्र कल्लू ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए कस्बे के जुगियाना मोहल्ले में आया हुआ था। तभी मंगलवार शाम करीब 7 करीब पुराने विवाद के चलते जुगियाना निवासी चार युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी ।रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में आए युवक को मारपीट कर किया घायल

### होमगार्ड व उसके परिवारीजनों ने महिला को मारपीट कर किया घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के बिहर में तालाब के किनारे लगे सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई महिला के साथ होमगार्ड के स्वजनों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। बिहार निवासी मुन्नी पत्नी चंद्र प्रकाश ने बताया कि उसके गांव का अशोक राठ कोतवाली में होमगार्ड है। जो गांव के तालाब किनारे लगे हैंडपंप व उसके आसपास की जमीन में कब्जा किये है। बुधवार की सुबह जब वह वहां लगे हैंडपंप में नहाने पहुंची तो वहां मौजूद होमगार्ड की पत्नी नज्जो, उसके पुत्र राहुल तथा केवल नागर पुत्र हरदयाल ने उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब उसने उसका विरोध किया तो उक्त सभी ने मिलकर उसे लात जूतों से पीट कर घायल कर दिया।

### विवाद के चलते मारपीट की, पुलिस से शिकायत

**राठ।** रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए एक युवक के साथ मोहल्ले के ही चार युवकों ने गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी ।पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। महोबा जनपद के जैतपुर बेलाताल के निवासी आफताब पुत्र कल्लू ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए कस्बे के जुगियाना मोहल्ले में आया हुआ था। तभी मंगलवार शाम पुराने विवाद के चलते जुगियाना निवासी चार युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

### मेला के बेहतर कवरेज पर पालिका ने पत्रकारों किया सम्मानित



**चरखारी महोबा।** 1883 से निरन्तर चले आ रहे मेला सहस्त्र एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेला है लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा समुचित प्रयास न किए जाने से आज तक इस मेला को राजकीय मेला का दर्जा न मिलना जनप्रतिनिधियों के मेले के प्रति निष्क्रियता को दर्शाता है तथा बुन्देलखण्ड के महत्वूर्ण मेला को राजकीय मेला का दर्जा न मिलने से लोगों में आक्रोश है। मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज को चलते 141 वर्ष पूर्ण हो चुके है जिसे बुन्देलखण्ड क्षेत्र के गौरव के रूप में जाना जाता है तथा ख्याति प्राप्त मेला है लेकिन शासन व प्रशासन द्वारा जिस तरह से इस मेला की उपेक्षा की जाती है वह निन्दनीय है तथा मेले के गौरवशाली इतिहास की उपेक्षा है। मेला मंच पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान उक्त उदगार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार मुहम्मद यूनुस खान ने व्यक्त करते हुए कहा कि सपा शासनकाल में पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने चरखारी व महोबा के कजली मेला को राजकीय दर्जा दिए जाने की घोषणा की थी लेकिन सपा शासनकाल से आज तक किसी किसी भी जनप्रतिनिधि ने मुख्यमन्त्री आश्वासन समिति से पैरवी करते हुए इसे राजकीय मेला का दर्जा नहीं दिला पाया है। उन्होंने कहा कि यह केवल जनहित का ही नहीं बल्कि धार्मिक मामला भी है। उन्होंने पत्रकारों से आवाहान किया कि मेले का राजकीय मेला का दर्जा दिलाने के लिए अपने कलम को पैनी करें। पत्रकार जुगुल किशोर द्विविदी ने कहा कि भले ही जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में सहयोग न करें लेकिन जनहित व चरखारी हित में सभी पत्रकार मुहिम चलाएंगे। नगर पालिका ईओ अमरजीत' अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा ने सभी पत्रकारों को सम्मानित किया तथा श्री कुशवाहा ने कहा कि गौरवशाली मेला की बेहतर स्थानीय व जिले के पत्रकारों ने किया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खां' सभासद राम महाराज' सरफराज खां' पियूष खरे सहित पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**मौदहा(हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल सभी घायलों को लहू लुहान हालत में प्राथमिक इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पड़ोसी जनपद खन्ना निवासी सहीदन 35 वर्ष पुत्र मंगी प्रजापति मंगलवार की शाम रोड पार करते समय ट्रक की चपेट में आ जाने पर परिजनों ने आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना तेजभान गौहारी निवासी साथ में बाइक सवार मैथी पत्नी चन्ना कौहारी को साथ में लेकर नगर की ओर जाते समय बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

## बहत्तर घंटे बाद भी लाश का नहीं हुआ पोस्टमार्टम

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के गोहानी गांव की विरमा नदी में चार दिन पहले एक महिला का सड़ा गला शव मिला था। जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। लेकिन 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। शनिवार को गोहानी गांव से निकली विरमा नदी किनारे करीब 35 वर्षीय एक महिला का शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। महिला के शरीर में एक बड़ा पत्थर बंधा हुआ था और पैर गल चुके थे। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई है और न ही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि चिकित्सक के मौजूदगी न होने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## वर्षों से खराब स्थिति में पड़े विद्यालय का जल्द ही संचालन होगा शुरू

**मौदहा हमीरपुर।** दशकों से वीरान पड़ा नगर का सरकारी विद्यालय भवन अब जल्दी ही बच्चों को शिक्षक प्राप्त करने के लिए तैयार हो रहा है, जिसका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण कर आश्वासन दिया है। प्रदेश सरकार की मुखिया मुख्यमंत्री मायावती शासन काल के समय नगर के काशीराम कॉलोनी छिमोली रोड के निकट एक बहुमंजिला विद्यालय का निर्माण कराया गया था, बसपा सरकार जाने के बाद उसकी जानकारी अधिकारियों ने लेनी उचित नहीं समझी और वह भवन जर्जर होने की स्थिति पर पहुंच गया। अब जाकर नगर के विवेक चंद्र आसिफ़ व कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने सहित अन्य लोगों ने लगातार प्रयास किया। अब प्रशासन की ओर से मिल रहे संकेत से मानो यह लगता है कि जल्दी ही विद्यालय में कक्षाएं संचालित हो जायेगी। जिसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने दी है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल, अध्यापक मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद शाहीद, अनिरुद्ध प्रसाद तथा मकसूद अहमद लाला मास्टर आदि विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।



## खाद पाने के लिये धक्का-मुक्की, कई महिलाएं लाइन में गिरीं

- प्रायवेट दुकानदार सुबह तड़के व देर रात अधिक दामों में करते है बिक्री



**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा स्थित पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र में डीएपी खाद उपलब्ध होने की जानकारी मिलते ही किसानों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। देर शाम तक केंद्र में लंबी लाइन महिला व पुरुषो की लगी रही। भीड़ को देखते हुए प्रभारी द्वारा दो बोरी एक किसान को दीगई। कृषि उत्पादन मंडी समित के पास स्थित पी सी एफ कृषक सेवा केंद्र में डीएपी खाद के उपलब्ध होने की जानकारी होते ही कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसानो की भारी भीड़ सुबह से ही केंद्र के बाहर एकत्र हो गई। भीड़ को देखते हुए केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने थाना पुलिस को सूचित किया। तब पुलिस ने भीड़ की लाइन लगवा कर खाद का वितरण शुरू कराया। महिलाए भी सैकड़ों की संख्या में खाद के लिए सुबह से ही लाइन लगाए खड़ी रही। धक्का लगाने से कई महिलाएं गिर गई जिससे कुछ देर अफरा तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने महिलाओं को लाइन में खड़ा कराकर पहले खाद दिलाई। देर शाम तक जानकारी मिलते ही लोगो के आने का सिलसिला लगा रहा। केंद्र प्रभारी ने बताया की दो ट्रक डीएपी खाद आई है। प्रत्येक किसान को दो बोरी खाद का वितरण किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर मौजूद रहकर खाद का वितरण कराया। प्राइवेट खाद विक्रेता के यहां छापा मारकर ओवर रेट डीएपी खाद बिक्री करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। तब से अन्य प्राइवेट खाद विक्रेता दिन में अपनी खाद की दुकान बंद किए रहते है तथा सुबह जल्दी व देर शाम महंगी दर पर खाद की बिक्री कर रहे है। कार्यवाही के डर से खाद विक्रेता दिन में दुकान बंद किए रहते है। किसानो ने बताया कि इन दुकानों में डी ए पी काफी मात्रा में उपलब्ध है। गेंहू बुवाई का समय चलने के कारण खाद की मारामारी चल रही है। किसान एक दो बोरी खाद के लिए परेशान घूम रहे है। खाद केलिए किसान महिलाओं को आगे कर रहे है।

## आवारा कुत्ते का आतंक, पालिकाकर्मी सहित तीस को काटा

- जिला अस्पताल में सभी का कराया गया उपचार, नागरिकों ने कुत्ते को पकड़ने की उठाई मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



सावधान शहर में एक आवारा कुत्ते के आतंक से नागरिक दहशत में है। कुत्ते ने एक पालिका कर्मी, राहगीरों सहित महिलाओं बच्चों को अपना निशाना बनाया है। अस्पताल में बुधवार को आकस्मिक अनुभाग में अधिकांश मरीज कुत्ता काटने के पहुंचने से डॉक्टर भी हैरान हो गए है । आवारा कुत्ते से परेशान घायलों ने एक ही कुत्ता के काटने की जानकारी नगर पालिका अधिकारी से कर आवारा कुत्ता को पकड़वाने की मांग उठाई है। महोबा में बुधवार को शहर के हमीरपुर चुंगी से लेकर रेलवे स्टेशन तक आवरा कुत्ता ने लोगों को शिकार बनाया है। कुत्ता काटने के शिकार टीकामऊ निवासी राजेश, बल्देव नगर निवासी बिहारीलाल, लाड़पुर निवासी हरगोविंद, सत्तीपुरा निवासी मनोहर, मवई खुर्द निवासी रामप्रकाश, बल्देव नगर निवासी विनीता, नगर पालिका कर्मी , काशी प्रसाद, टिकरिया महेश, शैलेद्र बरातपहाड़ी, शैलेश तिवारी निवासी बांदा, रोहित निवासी हवेली दरवाजा, यामीन निवासी रामनगर, लक्ष्मणपुरा निवासी शिवराम, ओंमकार सहित 30 लोगों को कुत्ता ने शिकार बनाया है । अधिकांश लोगों को सड़क से गुजरनें पर कुत्ता ने काट लिया है। आकस्मिक अनुभाग में कुत्ता काटने के मरीज ही नजर आ रहे थे। सभी को टिटनेस इंजेक्शन लगाकर घाव में पट्टी कर रेबीज इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी गई है। नागरिकों ने कुत्ता को पकड़ने की मांग उठाई है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि कुत्ता को पकड़ने के लिए टीम को भेजा गया है। कुत्ता की लोकेशन बार बार बदल रही है। कुत्ता को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कुत्ता काटने से परेशान मरीज के इंजेक्शन लगवाने पर मरीज को डॉक्टर की हड़की से दो चार होना पड़ा। डॉक्टर की फटकार से मरीज की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई।

## बाइक चोरी की घटना से आहत सिपाही ने किया वीडियो वायरल

- पुलिस विभाग की कार्यशैली पर किए गंभीर सवाल खड़े, यूपी पुलिस की जमकर हो रही किरकिरी



**महोबा।** जिले में तैनात सिपाही की बाइक चोरी की घटना का मामला तूल पकड़ता जा रहा है विभाग में तैनात सिपाही ने अपने ही पुलिस महकमें पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है वर्दीधारी सिपाही ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर पुलिस महकमें पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो ने पुलिस महकमे की बदनामी करने में कोई कसर नही छोड़ी है।

महोबा जिले में तैनात सिपाही अखिलेश कुमार ने पुलिस नियमावली को ताक में रखकर एक वीडियो वायरल कर अपने ही महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया। फतेहपुर पुलिस से न्याय की आस लगाए सिपाही ने न्याय न मिलता देख अपनी आपबीती सुनाते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया है। सिपाही का कहना है कि वह फतेहपुर जिले के अमौली कस्बे में एक शादी समारोह में गया था जहाँ चोरों ने सिपाही की बाइक चोरी हो गई। सिपाही ने बाइक चोरी की शिकायत सबंधित थाने में की एक सप्ताह बाद बड़ी मुश्किल से फतेहपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया अब पुलिस मेरी बाइक ढूढने का प्रयास नही कर रही है। जब मुझे न्याय नही मिल रहा तो आमजनों का क्या होगा। सिपाही का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जो यूपी पुलिस की किरकिरी कराने के लिए काफी है।

## पुलिस ने जुआं खेल रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. भूपेन्द्र सिंह मय हमराह का. मो. कामिल, क. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम गुढा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 6 नफर अभियुक्तगण क्रमशः चन्द्र प्रकाश पुत्र स्व. गनेशीलाल अहिरवार उम्र 33 वर्ष, वीरेन्द्र कुमार उर्फ राज पुत्र देवकरन सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष, शिया धोबी पुत्र स्व. सरुवा उम्र 58 वर्ष, रामबाबू अहिरवार पुत्र स्व. गनेशीलाल उम्र 40 वर्ष, वीरेन्द्र राजपूत पुत्र प्रकाश उम्र 32 वर्ष,नवल किशोर पुत्र राम प्रकाश राजपूत उम्र 40 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

## दर्जन भर से अधिक दबंगों ने पत्रकार पुत्र के साथ की मारपीट

- मरणासन्न अवस्था में छोड़ जानमाल की धमकियां देते हुये भागे दबंग, सीसी टीबी कैमरे में कैद हुई दिनहदाड़े मारपीट की घटना

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

दिनदहाड़े शहर के व्यस्ततम चौराहे पर लाठी डण्डे व धारदार हथियारों से लैश चौपहिया वाहन से आये दर्जन भर से अधिक दबंगों ने पत्रकार के पुत्र को रास्ते में रोक जानलेवा हमला बोल दिया। पीडित को मरणासन्न देख दबंग जानमाल की धमकियां देते हुये वहां से भाग गये। सूचना पर पहुंचे पत्रकार साथियों ने कोतवाली में दबंगों के खिलाफ लिखित तहरीर सौप दबंगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामदर्ज सहित दर्जन भर अज्ञात दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीडित को चिकित्सकीय परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेजा है।

मुख्यालय में इन दिनों दबंगों के हौसले बुलन्द बने हुये है। जिसके तहत चौपहिया वाहन से आये दर्जन भर से अधिक दबंगों ने एक दैनिक अखबार के संवाददाता के पुत्र के साथ दिनदहाड़े मारपीट की घटना को अंजा दे जानमाल की धमकियां देते हुये भाग गये। दबंगों की गुण्डई वहां लगे सीसी टीबी कैमरे में कैद हो गई। मुख्यालय के पठा तिराहा के पास भटीपुरा निवासी एक दैनिक अखबार के संवाददाता उमाशंकर कुशवाहा के 22 वर्षीय पुत्र अभय प्रताप कुशवाहा प्रतिदिन की भांति अपनी दुकान से घर पर खाना खाने जा रहा था। तभी रास्ते में दोपहिया व चौपहिया वाहन वाहन से दबंग बन्टी तिवारी तथा प्रिन्स तिवारी अपने दर्जन भर से अधिक साथियों के साथ आये और पीडित पत्रकार के पुत्र को रास्ते में रोककर हाकी तथा लाठी डण्डो से जानलेवा हमला बोल दिया। पीडित को मरणासन्न अवस्था में छोड दबंग जानमाल की धमकियां देते हुये भाग गये। सूचना पर पहुंचे पीडित के परिजनों ने युवक को तत्काल उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कलमकार उमाशंकर कुशवाहा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दबंग बन्टी तिवारी, प्रिन्स तिवारी सहित दर्जन भर से अधिक दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीडित को चिकित्सकीय परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेजा है। बता दे कि बन्टी तिवारी व प्रिन्स तिवारी दबंग किस्म के व्यक्ति है और आये दिन मारपीट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते रहते है। वही सूत्रों की माने तो बन्टी तिवारी कल्याण सागर मोक्षधाम स्थित लकडी की टाल पर बैठकर दारुबाजी करते हुये अवैध असलाहों की बिक्री भी करता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने आरोपी दबंगों के खिलाफ अतिशीघ्र कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्यवाही नही की जाती है तो पत्रकार आन्दोलन करने को विवश हो जायेगे।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सामाजिक संस्था संवाद के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारम्भ किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में लगभग 1800 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया।

राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, ए0एच0टी0यू0 अच्छेलाल सरोज, उप प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डॉ0 पूनम सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाराबंकी ममता सहाय, सचिव संवाद अतुल तिवारी, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा छात्राओं ने स्वागत गीत एवं बाल विवाह के विरूद्ध मनमोहक गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए छात्राओं को प्रेरित किया और पढ़ाई कर बेहतर भविष्य बनाने पर बल दिया। सहायक श्रम आयुक्त मयंक सिंह ने कहा, कि यदि महिलाओं का विकास नहीं होगा तो इसका प्रभाव परिवार, समाज और देश पर पड़ेगा, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोककर महिला विकास में सभी योगदान दें। राजेश शुक्ला ने सभी छात्राओं को बाल विवाह रोकने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने की जिम्मेदारी दी और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूक किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य डॉ पूनम सिंह द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी बनने, आगे बढ़ने एवं अन्याय का विरोध करने पर बल दिया और कहा अपने अधिकार को पाने के लिए स्वयं आगे बढ़ना होगा।

संतोष देव पांडे ने कहा कि अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का उदाहरण देकर देशहित में बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया जाए तभी 2047 में विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। सचिव संवाद अतुल तिवारी बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी आदि समस्त सामाजिक बुराइयां तभी दूर हो सकती हैं जब हम सभी सरकार के प्रति उत्तरदायी हों, मन में सेवा भाव हो । मुख्य अतिथि श्याम त्रिपाठी ने कहा कि यदि बालिकाएं दृढ़ प्रतिज्ञा कर लें कि वे न तो बाल विवाह करेंगी और न ही करने देंगी एवं विवाह 18 वर्ष के उपरांत ही करेंगी तभी बाल विवाह से मुक्ति पूर्णतः संभव है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। लेकिन अब हमें विश्वास है कि सरकार/ स्वयंसेवी संस्थाओं/ पंचायत प्रतिनिधियों/ सामाजिक कार्यकर्ताओं के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली।

## दो दिवसीय लोकनृत्य एवं शास्त्रीय गायन का शुभारंभ



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के द्वारा संस्कृत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग से दो दिवसीय लोकनृत्य एवं शास्त्रीय गायन कार्यक्रम का आयोजन सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज इसरौली सेठ बाराबंकी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने किया। ट्रस्ट की सचिव रोली देवी के द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष कोठी, सपना वर्मा, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सर्वेश कुमार, पूनम देवी, चांदनी वर्मा, ललिता, प्रिया पटेल, अम्बरीष गुप्ता नवीन, श्रीवास्तव देवनाथ तथा थाने से आए पुलिस के जवान सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ और छात्र छात्राओं सहित अभिभावकगण मौजूद रहें।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हत्या या आत्महत्या में उलझा मामला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** घुंघटेरथानाक्षेत्र के ग्राम छिलगवाँ निवासी एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला, परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए जाने का आशंका व्यक्त की है। छिलगवाँ निवासी संदीप कुमार गौतम आयु लगभग 32 वर्ष पुत्र कीढा बीते मंगलवार की रात करीब 12 बजे घर से शौच जाने को कहकर निकला, जब आधा घण्टे तक वापस नही आया तो परिजन खोजने लगे। रात भर खोजने के बाद भोर में जब स्थानीय लोग शौच के लिए निकले तो घर से करीब 500 मीटर दूरी पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ की टहनी के सहारे शव लटका पाया गया। शव को देखते लोग हत्या कर लटकाए जाने की आशंका जताने लगे। यूकेलिप्टस के दरखत जैसे पेड़ जो पुवाल के ढेर से सटा हुआ लगा है, शव घुटनो से पुआल और जमीन से लगा हुआ, आँखों पर चश्मा, दोनों हाथ पेंट की जेब में, फांसी का फंदा भी इस तरह लगा जैसे किसी ने पेड़ से बांधा हो, शव पेड़ से सटे जमीन व पुआल से घुटनों के बल टेक लगे होने की स्थितियों को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी मिला है जिसे परिजनो का कहना है कि यह सुसाइड नोट में मृतक की राइटिंग नही है। सुसाइड नोट में लिखा गया है कि मेरे भाइयों में बहुत मेल मिलाप है, हम भाइयों में एक दूसरे को बहुत चाहते हैं। मेरी पत्नी व ससुराल वालों से मैं दु:खी हूँ, इस लिए अब जीने का कोई मक़सद नही... मृतक अपने दो छोटे छोटे बच्चों की परिवरिश पढ़ाने के लिए भी अपील किया है। सुसाइड नोट पर परिजन यकीन नही कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग अंत्येष्टि में शामिल हुए। घुंघटेर थानाध्यक्ष का कहना है कि शव की स्थिति से तो हत्या की आशंका जताई जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### जिला जज ने ग्राम न्यायालय का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** जिला जज ने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण कर न्यायाधिकारी कमल कान्त तिवारी से न्यायालय के सम्बंध में वार्ता किया। तत्पश्चात जिला जज ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह व तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा से ग्राम न्यायालय भवन हेतु 15 दिसम्बर तक भूमि प्रस्ताव सहित उपलब्ध कराने के लिए वार्ता किया। बुधवार को जिला जज पंकज कुमार सिंह तहसील सिरौलीगौसपुर स्थित ग्राम न्यायालय पंहुचे । जिला जज ने न्यायाधिकारी कमल कान्त तिवारी से ग्राम न्यायालय के बाबत विस्तृत रुप से चर्चा किया।एंव ग्राम न्यायालय भवन निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी, तहसीलदार से वार्ता करते हुए कहा है कि 15 दिसम्बर तक ग्राम न्यायालय भवन निर्माण हेतु जमीन प्रस्ताव सहित दें। इसके बाद जिला जज ने तहसील सिरौलीगौसपुर प्रांगण में स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन किया।इस मौके पर बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष शिव वरदान सिंह,महन्त दीपक दास एडवोकेट,सत्यनाम वर्मा काशी प्रसाद द्विवेदी,राजाराम नाग अखिलेश वर्मा लवकेश रावत, धनलाल रावत श्रवण सिंह देवेन्द्र सिंह, संग्राम सिंह राजेश दास कालीप्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** चाट के लिए आलू खरीदने के लिए बुधवार की सुबह साइकिल से मंडी आ रहा 57 वर्षीय अधेड़ सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किए गए चाट व्यवसायी की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली हैदरगढ़ के पिचुरी मजरे चौबिसी गांव निवासी 57 वर्षीय सीतासरन पुत्र लखन पिचुरी तिराहे पर चाट का ठेला लगाते हैं। आज सुबह चाट के लिए आलू खरीदने मंडी आ रहे थे जब वह साइकिल लेकर गोसूपुर गांव के निकट पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया ।यहां पर उपचार के दौरान दोपहर बाद अंधेड़ की मौत हो गई।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया बालक झुलसा



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** छत के उपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट के आने से किशोर झुलस गया। आनन-फानन में परिवारीजनों ने बालक को ले करके सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ डाक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है। घटना के बाद बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है। फतेहपुर क्षेत्र के मिर्जापुर गाँव में इलियास की छत के उपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से उसका 17 वर्षीय पुत्र मुमताज उस समय झुलस गया जब वह छत पर रखा कुछ सामना लेने गया था। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर मे भर्ती कराया जहाँ मौजूद चिकित्सकों की निगरानी में घायल का इलाज कराया गया पीडित इलियास ने बताया कि विद्युत लाइन को छत से ऊंची करने के लिए कई बार सिकायती पत्र दिया है लेकिन उसपर कोई संतोषजनक कार्यवाही नही की गयी घनी बस्ती के अन्दर ग्यारह हजार लाइन चलाई जा रही है जो गलत है क्योंकि लोगों के घरो के ऊपर लाइन निकली हुई हैं इसी का नतीजा है कि मुमताज इस दुर्घटना का शिकार हो गया है। वहीं बिजली की लाइन से हूई दुर्घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विद्युत उपखंड अधिकारी फतेहपुर शंभूनाथ ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी हूई जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला, 64 हजार पार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आन लाईन काम करने की लालच देकर साइबर ठगों ने एक महिला से अपने खाते पर चौसट हजार रुपए लगवा लिये।पैसे वापस करने की मांग पर धोखा होते देख पीड़ित ने थाना जैदपुर में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के मोहल्ला मुक्खिन का है।जहां की निवासी सुहैमा खातून पुत्री शहाबुद्दीन ने शिकायत करते हुए बताया कि अलग अलग मोबाइल नम्बरों के वाट्सअप से वार्ता हुई कि आन लाइन जाब करना है।जिसे लेकर यूपीआई के माध्यम से पांच बार 64000 रूपये लगवा लिये।धोखे का पता चलते ही पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग करने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बाइक से गिरी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मायके जा रही वृद्ध मोटर साईकिल से गिर गयी साथ में मौजूद रिस्तेदार ने इलाज के लिए उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के नऊहार निवासी माया देवी (65) पत्नी हीरालाल अपनी बहन लक्ष्मी देवी के साथ इसी थाना क्षेत्र के जरखा गाँव में रहती थी मंगलवार को माया देवी अपनी बहन के बेटे – के साथ मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के उमरी गाँव जा रही थी इस दौरान मिर्जापुर मोड पर वह बाइक से गिर गयी जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गयीं। आनन-फानन मे लोगों ने उन्हे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल फतेहपुर में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गयी। कोतवाल डीके सिंह नें बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अन्य कार्यवाही की जा रही है।

## मौरम पट्टे में साझीदार बना 6.24 करोड़ हड़पने के बाद मारी पलटी

**पीड़ित ने डीएम-एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

यमुना नदी के तरीबुल्दा मौरम खंड का पट्टा आतिफइकबाल के आवंटित था जिसे उसने लिखित एग्रीमेंट के आधार पर दूसरे लोगों से 6 करोड़ 24 लाख रुपये लेकर पांच साल तक संचालित करने के लिये दे दिया था। लेकिन पांच महीने से मोरम खंड संचालित होने के बाद अब पट्टाधारक अपनी बात से मुकर गया इतना ही पट्टाधारक ने मौरम खंड पर असलहाधारियों को भेजकर धमकी दी जो कैरे में कैद हो गयी। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। तो वहीं इस मामले में खनन अधिकारी जेपी दत्ता की भूमिका पर भी सवाल खड़ा हो गया है। फ़िलहाल मामला मीडिया के हाथ आते ही चर्चाओं का बाजार गर्मानि लगा है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को संबोधित देते हुये विकास पांडेय निवासी दक्षिणी गौतम नगर फतेहपुर ने बताया कि तरीबुल्दा के मौरम पट्टाधारक खंड संख्या 36/1 के पट्टाधारक आतिफइकबाल व उसके साथी मोहम्मद जावेद ने धोखाधड़ी कर 6 करोड़ 24 लाख रुपये लेकर उक्त मौरम पट्टा संचालित करने के लिये इकरारनामा किया था। इसके बाद उसके द्वारा पांच महीने तक उक्त मौरम खंड का संचालित किया लेकिन अब पट्टाधारक की नियत में खोट आ जाने से वह अपनी लिखापढ़ी से मुकर गया। विकास पांडेय का कहना था कि अब पट्टाधारक किसी भी तरह से मौरम पट्टा पर अपना कब्जा करने की मंशा से 23 अक्टूबर 2024 को अज्ञात असलहाधारियों को मौके पर भेजकर धमकी दिलवायी थी जिसका वीडिया भी कैमरे में कैद है। उक्त लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मंशा रखते हैं ऐसी स्थिति में यदि हमारे मौजूद स्टाफ के साथ किसी भी तरह की कोई घटना या हादसा घटित होता है तो उसकी जिम्मेदारी आतिफइकबाल व उसके साथी मोहम्मद जावेद की मानी जाये। फ़िलहाल उक्त मामले को लेकर खनन अधिकारी जेपी दत्ता की भूमिका भी संदेह के दायरे में मानी जा रही हैं। कहा जाता है कि कोई भी पट्टाधारक इस तरह से अपने मौरम पट्टे को बेंचकर संचालित नहीं कर सकता है फिर खनन अधिकारी की देखरेख में उक्त एग्रीमेंट कैसे हो गया और पांच माह तक मौरम खनन होता रहा।

## सड़क दुर्घटनाओं में पति-पत्नी सहित पांच की मौत, एक गम्भीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र में बीती रात हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पति-पत्नी सहित 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल ट्रामा सेंटर में उपचार के बीच जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है।

पहली सड़क दुर्घटना मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में शारदा सहायक नहर पटरी के किनारे खैराबीरु गांव के समीप तब हुई जब थाना क्षेत्र के गुरुदत्त खेड़ा गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने आए लखनऊ जनपद के हरदोइया गांव निवासी बाइक सवार पवन वर्मा 39 वर्ष,उनकी पत्नी सीमा 35 वर्ष एवं रिश्ते में साढू लगने वाले थाना लोनीकटरा क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर मजरे सराय पांडे गांव निवासी सुरेश कुमार 48 वर्ष भंडारे से वापस अपने घर लौट रहे थे की तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार मोटर साइकिलो में जोरदार टक्कर मारते हुए खंती में जा गिरी। बताते हैं की टक्कर इतनी जोरदार थी कि हरदोईया निवासी पति पत्नी बाइक से उछलकर नहर में जा गिरे। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से नहर में पड़े हुए वर्मा दंपति को बाहर निकाला। लेकिन तब तक पवन वर्मा एवं उनके साढू सुरेश कुमार की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल सीमा को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया यहां पर डॉक्टरों ने सीमा को भी मृत घोषित कर दिया।

दूसरी सड़क दुर्घटना थाना क्षेत्र में ही लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर रात्रि लगभग 2 बजे छंदरौली कट के पास हुई। जिसमें बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल का ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है।

पता चला है कि गोसाईगंज लखनऊ में आयोजित एक विवाह समारोह में कैटर्स का काम करने के बाद कोतवाली हैदरगढ़ के सरायरवत गांव निवासी श्याम नारायण रावत पुत्र राम कृपाल30 वर्ष जो वर्तमान समय में शिवराजपुर में घर जमाई के रूप में रहते है ,गांव निवासी नाना भगवती प्रसाद श्रीवास्तव के यहां रहने वाले हरि ओम श्रीवास्तव पुत्र संतोष कुमार श्रीवास्तव 18 वर्ष एवं गांव के ही विनय रावत उर्फ छोटू पुत्र राम बहादुर 24 के साथ वापस घर लौट रहे थे। कि तभी छंदरौली कट के पास ईट भट्ठा से आकर लखनऊ की ओर यू टर्न ले रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार तीनों लोग दूर-दूर जा गिरे जबकि मोटरसाइकिल ट्रक में फंसकर आधा किलोमीटर दूर तक घिसटती चली गई। जिसके बाद मोटरसाइकिल को ट्रक से बाहर निकालते ही उसमे आग लग गई। सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज विपिन पाठक द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भिजवाया गया। जहां पर हरिओम श्रीवास्तव व विनय रावत को मृत घोषित कर दिया गया वहीं श्याम नारायण को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर युवक जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।



कब्जे मे लिया गया ट्रक त्रिवेदीगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख गोमती यादव के ईट भट्ठे पर ईट ढोने वाला बताया जा रहा है।

## नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने का करेंगे प्रयास : सिटी मजिस्ट्रेट

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



नवागंतुक सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट किया कि वह शासन के आदेशों व निर्देशों का सफल तरीके से संचालन कराने के साथ ही नगर में शांति व्यवस्था को बनाये रखने में हर जरूरी कदम उठाया जायेगा।

मूल रूप से मेरठ निवासी सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन के आदेश व निर्देशों का सफलता पूर्वक संचालन कराने की रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास जो भी पीड़ित अपनी समस्या लेकर आयेगा उसका प्राथमिकता से समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा ताकि फरियादी जिस मंशा के साथ उनके पास आया है उसकी मंशा पूर्ण हो सके। जब उनका ध्यान नगर में बढ़ते अतिक्रमण व अधिसंख्या में ई-रिक्शा के संचालन से नगर की यातायात व्यवस्था बाधित होने को लेकर सवाल किया तो उनका कहना था कि वह इस बारे में एआरटीओ, सीओ सिटी, ईओ के साथ बैठक कर ठोस कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने का प्रयास करेंगे ताकि नगर वासियों को आवागमन में सुविधा हो सके।

## अधिवक्ता को बैंक कर्मी ने मारा थप्पड़, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



अपने बैंक खाते से पैसा निकालने गए एक अधिवक्ता को बैंक कर्मी द्वारा थप्पड़ मार दिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए कोतवाली पहुंचकर बैंककर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस बैंक कर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली हैदरगढ़ के जासेपुर गाँव निवासी विवेकानंद शुक्ला तहसील हैदरगढ़ में वकालत करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे कस्बा हैदरगढ़ के सुबेहा तिराहे पर स्थित बैंक आफ इंडिया में खाते में आए धान बिक्री के पैसे को निकालने गए हुए थे, जहां पर कैशियर ने पासबुक को काफी पुरानी बताकर मात्र रुपये 50,000 की ही निकासी की और कहा कि जब पासबुक बन जाए तो बाकी पैसा निकालना। अधिवक्ता ने बैंक क्लर्क मनोज कुमार से अपनी समस्या बताते हुए नई पासबुक बनाने की गुजारिश की जिस पर बैंक क्लर्क ने अगले दिन आने की बात कही।

अधिवक्ता द्वारा बार-बार जरूरत व परेशानी बताने की वजह से बैंक क्लर्क झल्ला गया और उसने अधिवक्ता को तत्काल बैंक से निकल जाने का आदेश दे दिया। दुर्व्यवहार का प्रतिरोध करने पर क्लर्क ने अधिवक्ता को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद तहसील पहुंचे पीड़ित अधिवक्ता ने इसकी जानकारी तहसील बार एशोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं को दी। अध्यक्ष राम प्रताप सिंह व महामंत्री कुवर बहादुर यादव ने अधिवक्ताओं की आपात बैठक बुलाई जिसमें बैंक कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद सभी अधिवक्ताओ ने कोतवाली पहुंचकर बैंक कर्मी के विरुद्ध तहरीर दी। अधिवक्ताओं की मांग पर पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## आईटीएम कॉलेज ऑफ लॉ की छात्राओं ने संविधान दिवस पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** आईटीएम कॉलेज ऑफ लॉ, गीडा, गोरखपुर के लिए गर्व का क्षण है, जब उनके द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के द्वारा आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय और सभी डिग्री कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आईटीएम कॉलेज ऑफ लॉ की द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि उपाध्याय ने भाषण प्रतियोगिता में संवैधानिक लोकतंत्र में नागरिक अधिकारों का महत्व विषय पर



अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और संविधान से संबंधित गहन समझ के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि ने अपने भाषण में भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व और मौजूदा समय में इसकी प्रासंगिकता को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कॉलेज की ही छात्रा अपर्णा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

## डीपीएस ने स्टेट रोलर डर्बी चैंपियनशिप में जीते दो सिल्वर



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के नन्हें खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश के नोएडा स्टेडियम, नोएडा में आयोजित स्टेट रोलर डर्बी चैंपियनशिप 2024 - 25 में 2 सिल्वर मेडल जीत कर अपने विद्यालय सहित जनपद इटावा को भी गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता विगत 6 नवम्बर को यूपी के नोएडा स्टेडियम,नोएडा में आयोजित हुई थी जिसमें पूरे प्रदेश से रोलर स्केट की तीन टीमों ने प्रतिभाग किया था।

प्रिंसिपल भावना सिंह ने बताया कि, इस प्रतियोगिता में क्लास 4 की छात्रा वेदांशी ने रोलर डर्बी गर्ल्स केटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है तो वहीं आरुषी यादव ने भी इसी केटेगरी में ही सिल्वर मेडल जीत कर विद्यालय को विजय श्री दिलाई है। इन दोनो बच्चियों ने इस खेल में अपना शानदार प्रदर्शन किया था ।

इस अवसर पर डीपीएस, इटावा के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी नन्हें विजेता बच्चों को शानदार जीत की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## टी एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह आयोजित

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



टी एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल सेक्टर-23 गीडा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आज दिनांक 27 नवंबर 2024 को उद्घाटन स्त्र में भरतीय क्रिकेटर श्री आराध्य यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुआरा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया, इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर, और मार्च पास्ट की सलामी ले कर वार्षिक खेल समारोह को विधिवत प्रारम्भ करने की घोषणा की। अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि श्री आराध्य यादव ने कहा कि खेल हमें हार और जीत दोनों को समान रूप से स्वीकार करना सिखाते हैं, खेल के माध्यम से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अजय यादव भी उपस्थित रहे, उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने उदबोधन में बच्चों को अपने मनपसंद करियर चुनने और और खेल कूद को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य परवेज़ इक़बाल ने कहा कि इस आयोजन में मिख्यातिथि के रूप में श्री आराध्य यादव की उपस्थिति विद्यालय के लिए गर्व का विषय है इनकी उपस्थित बच्चों को खेलों में भी अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करेगा। संस्था के प्रशासक श्री जय सिंह यादव ने अंत मे सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम का संचालन आरोही यादव और कस्तूरी पांडेय ने किया। इस अवसर विद्यालय के सभी अध्यापक गण कर्मचारी गण, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत घुटाई वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/15वां वित्त योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.11.2024 से 04.12.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा/ 15वां वित्त | घुटाई | ग्राम घुटाई में पार्क निर्माण | 9.99 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत काशीपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/आई.सी.डी.एस./15वां वित्त योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.11.2024 से 04.12.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा/आई.सी.डी.एस. /15वां वित्त | काशीपुरा | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र निर्माण | 7.60 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | - | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक-382/एस.बी.एम./2024-25 दिनांक 26.11.2024

**विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना**

**नगर पंचायत हैदरगढ़(बाराबंकी) सीमान्तर्गत समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि “स्वच्छ भारत मिशन शहरी” कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ शौचालय, सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करा दिया गया है। इसके उपरान्त भी यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच करते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 100.00 (रू. एक सौ मात्र) का जुर्माना एवं विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। कोई व्यक्ति खुले में मूत्र विसर्जन करता हुआ पाया जाता है तो उस व्यक्ति पर प्रथम बार में रू. 30.00 रू. द्वितीय बार 50 एवं तृतीय बार में 100 रू तक का जुर्माना किया जायेगा।**

**(अशोक कुमार खरवार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी**

**(आलोक तिवारी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी**

# मेडिकल कॉलेज में 52 सीटों पर पीजी की मिली मान्यता

- जनवरी माह से शैक्षणिक भवन में शुरू होगी पीजी की पढ़ाई
- प्राचार्य ने जताई खुशी, एनएमसी व शासन के प्रति जताया आभार


प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते प्राचार्य डॉ.सीपी पाल

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज को एक बड़ी सौगात दी है। एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज के 12 विभागों में पीजी की 52 सीटों की मान्यता प्रदान कर दी है। अब मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस स्टूडेंट्स को पीजी करने के लिए कहीं और नहीं भटकना होगा। साथ ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। गंभीर मरीजों को रेफर कर देने की परम्परा का भी समापन हो जाएगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व राजकीय पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ.संदीप कौशिक ने बुधवार को दोपहर प्राचार्य कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज में पीजी सीटो के लिए जून 2023 में आवेदन किया गया था। पीजी की 57 सीटों की मान्यता के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने यह प्रस्ताव पारित कर एनएमसी को भेज दिया था। इसके लिए मेडिकल कॉलेज ने करीब एक करोड़ की धनराशि का शुल्क जमा किया था। जिसकी एनएमसी ने जांच पड़ताल भी की। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद एनएमसी ने 57 के स्थान पर 52 पीजी सीटों के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। प्राचार्य के मुताबिक पीजी सीटो की काउंसलिंग दिसम्बर माह में शुरू होगी। एडमिशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन में जनवरी 2025 से विधिवत क्लास शुरू हो जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि पीजी की मान्यता मिलने के बाद यहां एमबीबीएस करने वाले स्टूडेंट्स को एमडी व एमएस की पढ़ाई के लिए कहीं और नहीं भटकना होगा। इसके साथ ही पीजी करने वाले 52 चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को भी देखेंगें। जिससे मरीजों को अब बेहतर उपचार मिल सकेगा।

**12 विभागों की 52 सीटों पर मिली मान्यता**

**तिर्वा।** एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के लिए तीन, एनस्थिसिया के लिए तीन, कम्युनिटी मेडिसिन की तीन, माइक्रोबॉयोलॉजी की पांच, आथोमोलॉजी की तीन, आर्थो पीडिया की पांच, जनरल सर्जरी की तीन, बायोकेमेस्ट्री की तीन, बाल रोग की पांच, स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की पांच, पैथोलॉजी विभाग की पांच व नाक, कान, गला की तीन सीटों पर मान्यता प्रदान की है।

# रंजिश व भूमि विवाद में हुई मारपीट, सात घायल

- कोतवाली पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की शुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर रंजिश व भूमि विवाद को लेकर जमकर लाठी-डंडे चले। तीन मामलों में महिला सहित सात लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मिश्रीपुर निवासी रुकुम पुत्र रामरक्ष पाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 नवंबर की शाम लगभग 3 बजे गांव के चन्द्रशेखर उर्फ पुष्पेन्द्र जितेन्द्र, उपेन्द्र व रामगोपाल ने उसे अपने दरवाजे के सामने रोक लिया और रंजिश को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम बिर्रा निवासी उर्मिला देवी पत्नी रामरक्षपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 नवंबर की शाम लगभग 06 बजे गांव के विपिन, संजीव, सुनील, विवेक उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। जब उसके पुत्र मनोज ने विरोध किया तो उसे व उसके पुत्र को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम गुगरापुर निवासी जगराम पुत्र स्वर्गीय बिन्ना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे उसका भाई खेत पर गया था। तभी गांव के रामसरन, शैलेन्द्र, अमित, आसू, अनूप ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया वा धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## धूमधाम से समधन में मनाया गया संविधान दिवस

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय संविधान दिवस गेस्ट हाउस परिसर में बड़े ही धूमधाम साथ मनाया गया संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्मदिवस मनाया गया मंगलवार को समधन नगर के ठाकुर द्वारा स्थित इरफान गेस्ट हाउस परिसर में समाजसेवी इरफान हुसैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर समाजसेवी इरफान हुसैन,फैसल हुसैन, मोहम्मद कामिल आदि मौजूद रहे।

# सेफ्टी चेकअप क्लिनिक में दिए सुरक्षा टिप्स

- एलपीजी से होने वाले हादसों से बचाव की दी जानकारी


सेफ्टी चेकअप क्लिनिक में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते इशरत खान।

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** एलपीजी गैस से होने वाले हादसों में गबराये नहीं। बल्कि जागरूक होकर पूरी सजगता से बताएं गए सेफ्टी नियमों का पालन करें। एलपीजी कंप्लेंट नंबर 1906 पर तत्काल फोन करें। जिससे एलपीजी कंपनी की ओर से आपको त्वरित सहयोग मिल सके। यह जानकारी इशरत खान ने दी। बुधवार को ग्राम मझपुर्वा स्थित एसयूएन नेशनल कॉलेज में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के ग्रीन क्रॉस इंडियन के तत्वाधान में सेफ्टी चेकअप क्लिनिक का आयोजन किया गया। जिसमें बताया कि सिलेंडर से कम से कम छह इंच ऊंचाई पर चूल्हे को रखना चाहिए। गैस इस्तेमाल करने के बाद हमेशा रेगुलेटर से बंद करना चाहिए। अगर इस बीच कोई हादसा हो जाए। एलपीजी कुकिंग गैस को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। घर में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी गैस से होने वाले हादसों में से बचने के उपाय बताए गए। बताया गया कि जागरुकता ही हादसे से बचाव का सबसे सरल तरीका है। इस दौरान प्रबंधक नाजिम खान, प्रधानाचार्य, शिक्षक व ग्रीन क्रॉस इंडेन के प्रबंधक इशरत खान, टेक्निकल नरेंद्र सिंह वर्मा, डिलीवरी मैन कश्मीर सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

## नगदी व जेवरात के साथ युवती को भगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मां व जीजा के सहयोग से युवक युवती को भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि हरदोई के थाना हरपालपुर ग्राम डिल्लिया घटवासे निवासी शिवम 23 नवंबर की सुबह लगभग तीन बजे घर में रखे 30 हजार रुपये व जेवरात के साथ उसकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जिसमें शिवम की मां मल्ना देवी व जीजा आशीष निवासी ग्राम मुर्रा थाना गुरसहायगंज ने भी सहयोग किया। कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।

# पीड़ित महिलाओं की एफआईआर में न करें देरी, दोषी के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई

- सदर तहसील में महिला जनसुनवाई में राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी समस्याएं


सदर तहसील में महिलाओं की शिकायतें सुनती सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय व अधिकारीगण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय ने तहसील सदर सभागार में महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हमें महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिये हर संभव सजग रहना होगा। इस संबंध में ग्रामीण स्तर पर भी ग्रामों में समन्वय बैठक की आवश्यकता है। जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होनें महिला थानाध्यक्ष से महिला उत्पीड़न की शिकायतों के संबंध में पूर्ण जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि पीड़ित महिलाओ की एफआईआर लिखने में किसी भी दशा में विलम्ब न किया जाये और न ही दोषी के प्रति लापरवाही बरती जाये बल्कि दोषी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये।

सदस्य ने 10 महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुये मौके पर शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेई, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना ठठिया क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने 10 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में ग्राम सिसैयनपुर्वा मौजा भदौसी निवासी ओमप्रकाश (55) पुत्र परशुराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा पंजीकृत के उपरांत पुलिस ने 24 घण्टे में अभियुक्त ओमप्रकाश को भदौसी बॉर्डर थाना ठठिया से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### महिला व युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने गेंहू की फसल बोने को लेकर गाली गलौज की और महिला व युवक को मारपीट कर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तमियामऊ निवासी राजन पुत्र राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बुधवार की सुबह खेत में गेंहू की फसल बोने के लिए अपने दरवाजे पर ग्राम सिंहपुर निवासी रामबेटी से वार्ता कर रहा था। तभी गांव के लोग उसके दरवाजे पर आए और गाली लौज की। विरोध करने पर उसे व महिला को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर दी है।

### दरवाजे पर आकर महिला से छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी युवक ने गांव की महिला के दरवाजे पर जाकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रसूलपुर निवासी महिला ने का दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 24 नवंबर की शाम लगभग 07 बजे पड़ोसी हाकिम सिंह ने उसके दरवाजे पर आकर उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे है। अभियान एनबीडब्लू निस्तारण के क्रम में थाना सकरावा पुलिस द्वारा एक वारण्टी को संजय कुमार पुत्र बडेलाल निवासी ग्राम डडौनी थाना सौरिख(हालथाना सकरावा) जनपद कन्नौज सम्बन्धित संबंधित वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# सकरावा रजवहा की मानक के अनुरूप सफाई न होने से किसान नाराज

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय किसानों की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रदेश महासचिव आदेश दुबे स्थानीय किसानों के साथ सकरावा रजवहा पहुंचे जहां रजबहा की मानक विहीन सफाई होने से प्रदेश महासचिव आदेश दुबे ने नाराजगी जताई और ने वहां पर कार्य कर रहे लोगों से बात करके काम को तत्काल रुकवाया और जिलाध्यक्ष कन्नौज राजा शुक्ला से इस संबंध में वार्ता की जिसके बाद अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग की सूर्यमनी सिंह को फोन पर किसानों की समस्या को अवगत कराया मौके पर कुछ देर बाद पहुंचे अधिशासी अभियंता सूर्यमनी सिंह मौके पर पहुंचे जहां उन्हें बताया कि जो रजबहा की सफाई के मानक है उनके विपरीत कार्य हो रहा है इसमें तत्काल सुधार किया जाए तथा जल्द से जल्द किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाए।जिसके बाद अधिशासी अभियंता ने किसानों को यह आश्वासन दिया की गेहूं की फसल को पानी मिलेगा जहां सफाई ठीक से नहीं कराई गई है वहां दोबारा कराई जाएगी। प्रदेश महासचिव आदेश दुबे ने मीडिया को बताया कि अधिकारी ने आश्वाशन तो दिया है लेकिन जिस गति से कार्य हो रहा है लगता नहीं ये अपना बाद पूरा कर पाएंगे अगर कार्य में तेजी न लाई गई तो जिलाध्यक्ष कन्नौज राजा शुक्ला के नेतृत्व में कन्नौज कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

# देश को हिंदू मुस्लिम मे बांटकर आपसी भाईचारे को खत्म करना चाह रही है सरकार



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लीटानगला मे नुक्कड़ बैठक कर आजाद समाज पार्टी की विचारधारा को प्रसारित किया। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुजनो का सिर्फ एक ही नेता सांसद एड चन्द्रशेखर आजाद है जो शोषित पीड़ित की आवाज को संसद से लेकर सडक तक बुलंद कर रहे हैं आज लोगों को विश्वास हो गया है चन्द्रशेखर आजाद ही हमारे हक अधिकारो की लडाई लड सकते हैं बीजेपी की सरकार देश को हिंदू मुस्लिम मे बांटकर आपसी भाईचारे को खत्म करना चाह रही है ये देश सभी का है और ये अधिकार हमारा संविधान देता है भाजपा सरकार संविधान को कमजोर कर रही है बीजेपी सरकार महंगाई,बेरोजगारी चर्म सीमा पर है व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक ने कहा कि बाबा साहब ने कहा शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो अपने बच्चों को शिक्षित करे और कहा भाजपा सरकार मे कोई सुरक्षित नही है आजाद समाज पार्टी विधानसभा का चुनाव मजबूती के साथ लडेगी और हमारे बगैर किसी सरकार नही बनेगी इस मौके पर जिला सचिव शेर सिंह,बदन सिंह,शेर सिंह कठेरिया, गौरव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने युवक को रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके भाई और मां को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम अनीभोज निवासी ओमजी पुत्र राजबहादुर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह मंगलवार की शाम करीब 06.30 बजे डेरी पर दूध देने जा रहा था। तभी गांव के रेशू यादव व सतेन्द्र यादव ने रंजिश के चलते उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आए उसके भाई रामजी व मां रेखा देवी को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने व्यवस्थाओं को परखा



कार्यक्रम को संबोधित करती महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय

**कन्नौज/ जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य ने जिला चिकित्सालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर पीकू वार्ड, महिला वार्डो में इमरजेंसी वार्ड तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होनें कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर 15 बच्चियों के माता-पिता को मिठाई, कंबल व बेबीकिट आदि वितरण की। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय तिर्वा में उपकरण वितरण शिविर में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग, मानसिक मंदित बच्चों को 11 ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, बेल किट आदि उपकरण वितरित किए। नसरापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के निर्देश देते हुये कहा कि मीनू के अनुसार नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा शिक्षक समय से उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन कर्तव्यनिष्ठ ढंग से सुनिश्चित करें। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति बसु सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा**

राज्य महिला आयोग सदस्य ने जिला कारागार अनौगी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महिला बैरक, किशोर बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकाारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

# कार्यशाला में निपुण ब्लॉक बनाए जाने के लिए किया प्रेरित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद के सभागार में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव और खण्डशिक्षा अधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित डीबीटी, आपरेशन कायाकल्प योजना, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय में गुणवत्ता परख शिक्षा, बालिका शिक्षा, उच्च प्राथमिक विद्यालयो में जिज्ञासा आधारित शिक्षा, प्री प्राइमरी शिक्षा, वाल वाटिका, विद्यालय प्रबंध समिति के पुनर्गठन एवं दायित्वों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी। इनके सफल क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान एआरपी सत्यपाल यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह, भोले शंकर चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, संकुल संकुल शिक्षक मदार बक्स, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, कोतवाल सिंह, आलोक दुबे, कमायानीशरण पांडेय, फराह शमीम, अनीता चौधरी, रामप्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहतशिम सहित आदि शिक्षक- शिक्षिकाएं रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल अबधनारायण ने किया।

# डग्गामार अवैध एंबुलेंस को कोतवाली में खड़ा कराया

- यातायात पुलिस ने कई लोडर और ट्रैक्टरों में सावरियां बैठाकर चलने वालों पर की वैधानिक कार्रवाई


ट्रैक्टर चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे वाहन चालकों पर यातायात पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाई कर रही है। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। बुधवार को कस्वा तिर्वा में प्रभारी यातायात आफाक खां ने अपनी टीम के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें मेडिकल कॉलेज तिर्वा गेट के पास अवैध रूप से संचालित हो रही दो डग्गामार एंबुलेंस को कोतवाली तिर्वा में निरूद्ध कर दिया। वही ठठिया चौराहे पर वाहन चेकिंग कर एक ट्रक (डम्पर) में नंबर प्लेट पर ग्रीस लगा हुआ पाया गया। जिसके विरुद्ध कार्रवाई की। ठठिया चौराहे के आसपास दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया। कई लोडर और ट्रैक्टरों में सावरियां बैठा कर चलने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की।

वाहन चालकों एवं सवारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। प्रभारी द्वारा बताया गया कि माल भाड़ा वाहनों में बैठकर चलना बेहद खतरनाक होता है। वहीं एक ऑटो चालक नशे की हालत में ऑटो चलाता हुआ पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेक किया गया तो अल्कोहल की मात्रा अत्यधिक होने के कारण आटो कोतवाली तिर्वा में निरूद्ध किया। चेकिंग के दौरान 28 वाहनों के चालान किए। इस दौरान यातायात उप निरीक्षक रवि नंदन माथुर, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम वर्मा, आरक्षी दीपक यादव मौजूद रहे।

# खाद्य पदार्थों की जांचकर, मिलावट खोरों पर करें कार्यवाही


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मानव स्वास्थ्य के लिये शुद्ध भोज्य पदार्थ मिलें। इसके लिए अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कराएं।

बाजार में मिलावट के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु जनपद में बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की चेंकिंग की जाएं मिलावटखोरों पर सख्ती से पेश आएं। यह निर्देश जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कैटर्स की सूची बनाकर उन्हें खाने में स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया जाये। साथ ही खाद्य पदार्थ की शुद्धता के संबंध में जागरूकता करें। फूड प्वांइजनिंग पर पैनी नजर रखें। कहा कि विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, हॉस्टल आदि में बनने वाले मिड-डे मिल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। मसालों का रखरखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, जिला अभिहीत अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी रहे।

**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RITA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1980 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम REETA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1978 है। REETA DEVI W/o of Army No-3001228L, रैंक-हवलदार जशरथ सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी- ग्राम पैलावर, पेलावर, जिला कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-209115

**कार्यालय ग्राम पंचायत नैगवां वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 — दिनांक 27/11/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नैगवां विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 28/11/2024 से दिनांक 04/12/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/12/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 28/11/2024 से दिनांक 04/12/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मोरपाल के घर से हेतराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3,13,325.35 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (दुर्विजय सिंह) — ग्रा0पं0 नैगवां, विकास खण्ड शमशाबाद — सचिव (अभय प्रताप सिंह)

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने प्रवीना के हाथ पीले कर अपना फर्ज किया पूरा

- एक गेस्ट हाउस में धूमधाम से हुई शादी, उपहार में दिया सभी सामान
- पीड़ित बोले डॉ. जितेंद्र सिंह यादव हमारे लिए मसीहा बनकर आये



पिता को शादी से संबंधित सामग्री सौंपते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन


शादी समारोह में पुत्री के माता-पिता के साथ मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के ग्राम उखरा में बीते दो माह पूर्व प्रशासन द्वारा बगैर नोटिस दिये करीब 25 मकानों को जमींदोज कर दिया गया था। इस दौरान पीड़ित गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी थी। इन्हीं में से एक पीड़ित अनिल कुमार का अशियाना भी इसमें शामिल था। उसको भी जमींदोज कर दिया गया था। 01 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर पीड़ितों की समस्यायें सुनी थीं और उन्हें दो तीन दिन तक आर्थिक मदद के साथ ही भोजन आदि की भी व्यवस्था की थी। साथ ही पीड़ित अनिल कुमार की पुत्री प्रवीना की शादी कराने की भी जिम्मेदारी ली थी। अनिल कुमार की पुत्री प्रवीना का विवाह जनपद कासगंज निवासी नगला बक्सी, पोस्ट नगला पोहपी निवासी राजीव यादव के साथ तय हुआ था। जो बुधवार को विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। 27 नवंबर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव/अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने अनिल कुमार की पुत्री प्रवीना की धूमधाम से नवाबगंज के माया गेस्ट हाउस में शादी सम्पन्न करायी और कन्यादान के रुप में खूब दान व उपहार देकर विदा किया। इस दौरान पीड़ित परिवार अनिल कुमार व उसकी पत्नी सरला देवी भावुक हो गयीं और डॉ. जितेंद्र सिंह यादव और नवाबगंज की ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका यह एहसान मैं जिंदगी भर नहीं भूलूंगी। जिस पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि कन्या दान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने तो अपना फर्ज पूरा किया है। इसे मेरा एहसान न समझें। वह हमेशा से गरीबों व पीड़ितों की मदद करते चले आये हैं और आगे भी करते रहेंगे। वहीं नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूँ जो आज मुझे एक गरीब की बेटी की शादी करवाने का शुभ अवसर मिला। इस दौरान पीड़ित परिवार को उपहार स्वरुप सेफ, सोफा, ड्रेसिंग टेबिल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सी आदि सामान दिया। इस दौरान सुरेन्द्र सिंह गौर, उदय प्रताप सिंह उर्फ भोला यादव, प्रदीप यादव टीटू, संजीव प्रधान, राजीव प्रधान, डॉ. नवरंग सिंह, सोनू यादव, अश्वनी यादव, अनुराग यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित बोला सरकार ने मेरी नहीं की कोई मदद

**फर्रुखाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर घर जमींदोज कर दिये गये थे। हम लोगों को इतना तक मौका प्रशासन ने नहीं दिया कि अपनी गृहस्थी का सामान निकाल लेते। यह बात विवाह समारोह के दौरान कन्या के पिता अनिल कुमार ने मीडिया से कही। बोले हम लोग रोते चीखते, गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी। सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। अपनी हैसियत के अनुसार पुत्री के विवाह के सामान इकट्ठा करके रखा था वह भी नष्ट हो गया था। प्रशासनिक अधिकारियों से रो-रोकर कहते रहे कि हमारी पुत्री के विवाह से संबंधित सामान है उसे निकाल लेने दो, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। न ही हमारी मदद स्थानीय किसी जनप्रतिनिधि और न ही जिला प्रशासन व सरकार ने की।


निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूछताछ करते डीएम

## डीएम को कन्या उ.प्रा.वि. बुढ़नामऊ में शिक्षा व्यवस्था मिली चौपट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढ़नामऊ ब्लॉक बढ़पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही खराब पाया गया। बच्चों में गणित के बेसिक ज्ञान का अभाव पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। पंखे गंदे पाये गये। विज्ञान कक्ष में समान भरा हुआ पाया गया। कुल पंजीकृत 100 बच्चों में से मात्र 46 उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा मिड-डे -मील में बने भोजन को खुद चखकर देखा गया। मसालों की क्वालिटी ठीक पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा खाने के सामान को हफ्ते के हिसाब से एक बार में खरीदने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 08 के बच्चों को बीओडीएमएएस का सिद्धांत पढ़ाया गया व गणित के सवाल हल कराये गये। जिलाधिकारी ने कमजोर बच्चों को 01 घंटे अलग से पढ़ाने के लिये अध्यापकों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित उपस्थिति रहे।

## दुर्घटनाओं के लिए चर्चित शुकरुल्लापुर ओवरब्रिज का अधिकारियों ने किया निरीक्षण


ओवरब्रिज का निरीक्षण करते अधिकारीगण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित शुकरुल्लहपुर रेलवे क्रासिंग जहां आवागमन की सुविधाओं को सुगम बनाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। निर्धारित समय सीमा तय होने के बावजूद भी ओवरब्रिज के निर्माण में वर्षों का समय लग गया।

इस ओवर ब्रिज के निर्माण में कुछ ऐसी कमियां थीं जो हमेशा दुर्घटनाओं का कारण रहीं। घुमावदार ओवरब्रिज शायद इसीलिए लोगों में चर्चा का विषय रहा। अक्सर ओवरब्रिज के ऊपर से गुजरने वाले लोग खासकर दुपहिया वाहन चालक जो अव्यवस्था के चलते दुर्घटनाओं का शिकार बने। कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर मौत के शिकार हो गए, तो तमाम लोग घायल हुए। लोगों के लिए यह ओबरब्रिज एक आश्चर्यजनक था, क्योंकि यहां आए दिन जानलेवा दुर्घटना होती थीं। अक्सर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते। बताते हैं आए दिन हो रही जानलेना दुर्घटनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशासनिक स्तर पर जांच की मांग की थी। बताते हैं बुधवार को एआरटीओ सुभाषचंद्र, पीडब्ल्यूडी के एक्सियन अशोक कुमार, मीठालाल, ब्रिज एक्सपर्ट अवनीश कुमार, इंजीनियर एनएचआई भूपेंद्र सिंह यादव, ईपीडब्ल्यूडी कृष्णा राजपूत, जेई पीडब्ल्यूडी सहित सभी अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के नजदीक मुख्य मार्ग पर बने ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया ओवर ब्रिज अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ। ओबरब्रिज के ऊपर सड़क पर गड्ढे टाइप हैं मिट्टी कुछ बैठी हुई है। उसी के चलते ऊपर कुछ ढलान है। फिलहाल अधिकारियों का कहना था जांच की गई है। संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी।


नोटिस चस्पा की कार्यवाही करती पुलिस

## माफिया अनुपम दुबे के भाई डब्बन दुबे के घर पर 82 का नोटिस चस्पा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माफिया अनुपम दुबे के फरार चल रहे भाई अनुराग उर्फ डब्बन दुबे के घर पर पुलिस ने पहुंचकर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया। जानकारी के अनुसार माफिया अनुपम दुबे के भाई अनुराग दुबे डब्बन पुलिस की आंखों में धूल झोंककर कई महीनों से फरार चल रहे हैं। पुलिस ने उनके ऊपर ईनामी भी घोषित कर रखा है, लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहे हैं। बुधवार को पुलिस ने उनके निवास पर जाकर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया। नोटिस में हिदायत दी गयी है कि अभियुक्त अनुराग दुबे उर्फ डब्बन दिनांक 02.12.2024 तक न्यायालय में हाजिर हों। अन्यथा उनके खिलाफ जो भी कानून कार्यवाही बनती है, वह की जायेगी।

## एक दिवसीय दिव्यांग कैंप का हुआ आयोजन

- कैंप में 32 लोगों का डाटा किया गया फीड

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कमालगंज में आज कैंप लगाकर दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें विभिन्न गांव से आए दिव्यांग बच्चों का डाटा फीड किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को विकास खण्ड कार्यालय परिसर में कैंप लगाकर दिव्यांगों बच्चों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान पंजीकरण कराने के लिए आधार कार्ड लेकर सैकड़ों दिव्यांग बच्चे पहुंचे, लेकिन आधार कार्ड में कुछ न कुछ कमी के चलते कई दिव्यांगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

जबकि 32 दिव्यांग बच्चों का ही पंजीकरण हो सका। जिला अस्पताल से मेडिकल टीम ना आने के कारण बच्चों को प्रमाण पत्र नहीं मिल पाए। जिसके चलते सभी बच्चों को सोमवार को जिला अस्पताल प्रमाण पत्र लेने के लिए जाना पड़ेगा। बताते चले आपको की जीरो से 14 साल तक के बच्चों का इस कैंप में पंजीकरण होना था, लेकिन जीरो से 5 साल बच्चों तक का आधार कार्ड नहीं बना था। जिसके कारण 6 से 14 साल तक के बच्चों का पंजीकरण किया गया। वहीं डॉक्टर मानसिंह ने बताया लगभग 12 बच्चे अर्थो के आए हैं जिनकी संख्या सबसे ज्यादा है तथा कुछ बच्चे आंख, कान के अलावा मंदबुद्धि आदि के कई बच्चे भी आए। इस मौक पर दिव्यांग विभाग से सर्वेश कुमार, कनिष्ठ सहायक डॉक्टर मानसिंह, शिक्षा विभाग से अमित कुमार, अखिलेश कुमार, बृजेश आदि लोग मौजूद रहे।


कैंप में मौजूद दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक

## खबरें एक नजर में

### पुलिस से की प्लॉट पर अवैध कब्जे की शिकायत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव रजीपुर निवासी राहुल राजपूत पुत्र पातीराम ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया मेरा एक प्लाट ग्राम उगरापुर में है। जिसकी खसरा संख्या 203 है। पीड़ित के प्लाट पर 24.11.2024 को उगरापुर निवासी सलाउद्दीन ने मेरे प्लाट पर पांच ट्राली मिट्टी डलवा दी। जब मैंने इसका विरोध किया, तो गाली-गलौज करने लगा तथा मेरे प्लाट को अपना बताने लगा। जिस पर पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से कमालगंज आ रहे युवक को कतरौली पट्टी गांव के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। कन्नौज जनपद के थाना तालग्राम के गांव निकवा निवासी गौरव सिंह मोटरसाइकल से कमालगंज आ रहा था। रास्ते में कतरौली पट्टी गांव के निकट अज्ञात वाहन ने गौरव सिंह के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे।

### कुत्तों के विवाद को लेकर महिला को मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चौकी महमदपुर निवासी चांदनी पत्नी अरुण कुमार ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 27.11.2024 सुबह 6.30 बजे लगभग पीड़िता अपने घर के बाहर गली में खड़ी थी, तभी कुत्ते के विवाद को लेकर मेरे गांव के पड़ोसी शीशराम पुत्र अच्छेलाल, दीपक पुत्र शीशराम, गीता पत्नी शीशराम, सरोजनी पत्नी दीपक उपरोक्त चारों लोग लाठी-डंडों, लोहे की रॉड से मारपीट करने लगे। मुझे बचाने मेरे पति एवं देवरानी सुनीता देवी पत्नी ध्रुव कुमार को उक्त चारों लोगों ने लाठी-डंडों से एवं लोहे की डंडियों से मारपीट करने लगे। बचाने आए मेरे देवर ध्रुव कुमार को भी बहुत मारापीटा। जिससे मेरे पति अरुण कुमार पुत्र जगदीश एवं देवर ध्रुव कुमार पुत्र जगदीश एवं देवरानी के शरीर में काफी गंभीर चोटें आई हैं एवं जान से मारने की धमकी देते हुए उपरोक्त लोग भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### पीड़ित बोला, सरकार ने मेरी नहीं की कोई मदद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर घर जमींदोज कर दिये गये थे। हम लोगों को इतना तक मौका प्रशासन ने नहीं दिया कि अपनी गृहस्थी का सामान निकाल लेते। यह बात विवाह समारोह के दौरान कन्या के पिता अनिल कुमार ने मीडिया से कही। बोले हम लोग रोते चीखते, गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी। सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। अपनी हैसियत के अनुसार पुत्री के विवाह के सामान इकट्ठा करके रखा था वह भी नष्ट हो गया था। प्रशासनिक अधिकारियों से रो-रोकर कहते रहे कि हमारी पुत्री के विवाह से संबंधित सामान है उसे निकाल लेने दो, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। न ही हमारी मदद स्थानीय किसी जनप्रतिनिधि और न ही जिला प्रशासन व सरकार ने की।

### बार एसो. ने अधिवक्ता साथी पर लगे मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, महासचिव नरेश सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर मांग की है कि अधिवक्ता सुनील राठौर के विरुद्ध जो थाना कादरीगेट में मुकदमा दर्ज कराया गया है वह झूठा है। उन्हें फंसाये जाने की कोशिश की जा रही है। बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता साथियों के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है कि मुकदमे की घटना 13 फरवरी 2022 को दर्शायी गई है जबकि अधिवक्ता सुनील राठौर भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र सिंह राठौर के चुनाव प्रचार में मोहम्मदाबाद के प्रथम क्षेत्र में अपने साथियों के साथ प्रचार कर रहे थे। अधिवक्ता सुनील राठौर का उस घटना से कोई सरोकार नहीं है। सुनील वादी को जानते भी नहीं है। उन्हें झूठा फंसाये जाने को लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। उसकी निष्पक्ष विवेचना करायी जाये।

## सामुदायिक शौचालय में अराजकतत्वों का कब्जा

- बरसों से पड़ा है ताला, खरपतवार के लगे ढेर
- खुले में शौचक्रिया जाने को मजबूर ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सार्वजनिक शौचालय के बाहर लगी खरपतवार

सरकार स्वच्छता मिशन को लेकर काफी सक्रिय है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान की अलख जगाकर लोगों को स्वच्छता अभियान के संबंध में जागरूक कर रही है। उन्हें यह भी बता रही आसपास साफ-सफाई व्यवस्था अपनाने से बीमारियां नहीं होती हैं। जहां बीमारियां नहीं होती उस क्षेत्र का आम जनमानस स्वस्थ होता है।

अच्छा स्वास्थ्य स्वच्छता की निशानी है। अफसोस यहां जिम्मेदारों की जिम्मेदारी नजरंदाज देखी जा रही। यही कारण है इस क्षेत्र में अधिकांश शौचालय अव्यवस्थाओं के शिकार बने हुए हैं। किसी की व्यवस्थाएं ठीक नहीं, तो किसी में केयरटेकर नहीं और तो और कोई शौचालय जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का शिकार होकर अंतिम सांसें गिन रहा। ऐसे ही हालात एक एक सार्वजनिक शौचालय के देखने को मिले। जहां ग्रामीणों के अनुसार निर्माण के बाद उक्त शौचालय का ताला आज तक नहीं खुला। परिणामस्वरुप सार्वजनिक शौचालय के आसपास गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा है। झाड़ियों में तब्दील सार्वजनिक शौचालय जहां आजकल ग्रामीण किसानों का कब्जा देखा जा रहा है। हम बात कर रहे हैं विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम समसपुर भिखारी मजरा ललौर जुन्नारदारान की। यहां पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लाखों रुपए की कीमत है एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने के बाद ग्रामीणों को खुशी थी कम से कम उन्हें शौचक्रिया के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कुछ दिन तक तो ग्रामीणों की खुशियां बरकरार रहीं, लेकिन कुछ समय बाद खुशियां काफूर हो गयीं। वर्ष 2020-21 में बनवाया गया सार्वजनिक शौचालय जो आजकल अव्यवस्थाओं का शिकार देखा जा रहा है। सार्वजनिक शौचालय के आसपास गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा। यहां ग्रामीण किसानों ने खरपतवार रखकर कब्जा जमा लिया। जिन ग्रामीणों को सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिलना चाहिए था उनको लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मजबूरन ग्रामीण, बच्चे और महिलाएं खुले में शौच जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से शौचालय का ताला खुलवाए जाने की मांग की। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी शमशाबाद को भी अवगत कराया। अफसोस यहां अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज भी शौचालय में ताला लगा हुआ देखा जा सकता है।

## देवर ने भाभी से की मारपीट शिकायत पुलिस से

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव कतरौली पट्टी निवासी बबलू गुप्ता पत्नी पवन गुप्ता ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया मेरे ससुर लख्मीचंद ने मुझे दो बीघा जमीन दी, जबकि मेरे हिस्से में तीन बीघा जमीन आ रही है।

पुलिस बोली मामले की जांचकर की जायेगी कार्रवाई

जब मैंने अपने हिस्से की एक बीघा जमीन और मांगी, तो मेरे ससुराल वाले देवर अरविंद, रमन, विपिन तथा सास मुन्नी देवी यह सभी लोग कहते हैं कि तुझे जमीन नहीं देंगे और जान से मारने की धमकी देते हैं। कहते हैं कि तेरा पति मर गया तुझे भी मार देंगे तथा बच्चों को भी मार देंगे। तेरा यहां कुछ नहीं है। बताते चले मेरे पति के मरने के बाद मैं अपने देवर विपिन के साथ में रहने लगी थी। मगर अब विपिन बोलता है कि जैसे तुम मेरे साथ में रही वैसे ही मेरे अन्य भाइयों के साथ भी रहो। भाइयों की अय्याशियों को पूरा करो। जब मैंने इस बात को मना किया, तो विपिन ने मेरे साथ मारपीट कर दी और मेरा गला दबा दिया। जिसकी शिकायत मैंने चौकी खुदागंज प्रभारी से की। जिस पर प्रभारी ने विपिन को समझा बुझाकर भेज दिया कि दोबारा मारपीट नहीं करोगे, लेकिन कल विपिन ने मेरे घर का ताला तोड़ दिया और मेरे घर की दीवार गिरा दी। जब हमने 1090 पर कॉल की तो 112 नंबर की गाड़ी आई और कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं की सुनीं समस्यायें



समीक्षा बैठक लेंती महिला आयोग की सदस्य

- घरेलू हिंसा के मामलों को निस्तारित करने के महिला थानाध्यक्ष को दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी द्वारा जनपद में निरीक्षण/समीक्षा/जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में 33 प्रकरण आए। जिसमें ज्यादातर केस दहेज, घरेलू हिंसा से सम्बन्धित थे।

महिला थाना को निर्देशित किया गया कि सभी केसों का समय से निस्तारण करें। तदोपरांत कंपोजिट विद्यालय वालीपुर एवं आंगनबाड़ी का विजिट किया। विद्यालय में शिक्षक को निर्देश दिया गए कि किसी पाठ का विषय कक्षा के सभी छात्रों को समझ आने के बाद ही अगले चैप्टर को पढ़ाया जाए।

विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रत्येक विषय के क्लास टीचर द्वारा ली जाए। जिला जेल के महिला कैदी वॉर्ड का निरीक्षण जेल अधीक्षक द्वारा कराया गया। बच्चों को स्वेटर और चॉकलेट दी गई। महिला हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गए।

साथ ही कहा कि सभी डॉक्टर ड्यूटी समय से करे और रोगियों को समय से दवाएं दी जाएं। डॉक्टर की कमी की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया जाएगा।

## पूर्व सैनिक के आत्मदाह करने के प्रयास के बाद चेता जिला प्रशासन, पैमाइश कर दिलाया कब्जा


पुलिस को समस्या से अवगत कराता पीड़ित पूर्व सैनिक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद की शिकायत का समाधान ना होने से खफा कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। बाद में अधिकारियों पीड़ित को कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मुड़गाँव निवासी रंजीत सिंह पूर्व सैनिक है। रंजीत सिंह ने बताया की उसकी एक बीघा भूमि माँ मुन्नी देवी के नाम है। जिसे गाँव के ही लोगों नें कब्जा कर लिया है। बीते दो महीने से जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों से शिकायत कर रहा है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बुधवार को रंजीत सिंह बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा और जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर खुद पर पेट्रोल डाल ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें देख लिया। एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय ने बाहर आकर मामले की जानकारी पीड़ित से की। सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने बताया कि आत्मदाह करने की जानकारी मिली थी। भूमि के मामले की जाँच के लिए टीम बनायी गयी है। भूमि यदि कब्जा है तो उसे मुक्त कराया जायेगा। वहीं देर शाम अधिकारियों के निर्देश पर राजस्व टीम गठित की गयी। जिसने मौके पर जाकर पैमाइश कराकर पीड़ित को उसका कब्जा दिलवा दिया तथा दोनों पक्षों में समझौता लिखवाया गया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का ब्रिगेडियर ने किया शुभारम्भ

- पहले दिन सुभाष सदन व पटेल सदन में रही टक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ की 19वीं द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रमन स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन सिखलाई रेजीमेण्टल सेण्टर के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने विद्यालय का ध्वज फहराकर किया। छात्रा प्रमुख दिव्यांशी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सच्चाई और ईमानदारी के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई। प्रतियोगितायें विद्यालय के अशोका, पटेल, रामानुजन और सुभाष सदन में छात्र-छात्राओं के बीच हुईं।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष जैन


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मीटर और 200 मीटर की वरिष्ठ और कनिष्ठ वर्ग के छात्र और छात्राओं की दौड़ की हीट्स करायी गयी। 100 मीटर की कनिष्ठ वर्ग के बालकों की फाइनल दौड़ में रामानुजन के आर्यन प्रथम, अशोका सदन के जैद अली द्वितीय और रामानुजन सदन के भावेश तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में पटेल सदन की दीप्ति ने स्वर्ण पदक, रामानुजन की अंशिका यादव ने रजत पदक तथा सुभाष सदन की आयुषी ने कांस्य पदक जीता। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में रिया स्वर्ण पदक तथा कशिश और प्रगति ने रजत और कांस्य पदक जीता। वहीं 400 मीटर कनिष्ठ बालिका वर्ग में पटेल की अर्चना स्वर्ण पदक, सुभाष की अदिति रजत तथा अशोका की खुशरबी ने कांस्य पदक जीता। 800 मीटर वरिष्ठ बालिका वर्ग दौड़ में सुभाष के कृष्णा पहले तथा रामानुजन के अमन और अभय दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

कनिष्ठ बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में रामानुजन सदन के सोयल कुमार स्वर्ण, सुभाष के सागर यादव रजत तथा पटेल के कार्तिकेय ने कांस्य पदक जीता। 400 मीटर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग संयुक्त रिले रेस में पटेल सदन प्रथम, सुभाष सदन द्वितीय और रामानुजन सदन तृतीय स्थान पर रहा। वरिष्ठ बालक वर्ग ऊंची कूद में सुभाष सदन के कृष्ण प्रताप सिंह स्वर्ण, पटेल सदन के दिव्यांश सिसोदिया रजत तथा सुभाष सदन के प्रथम कुमार पाण्डेय ने कांस्य पदक जीता। कनिष्ठ बालक वर्ग ऊंची कूद में अशोका के अहम और लकी ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। रामानुजन सदन के सोयल कुमार को रजत पदक से ही सन्तोष करना पड़ा। भाला फेंक प्रतियोगिता में अब्दुल रहमान स्वर्ण, आकाश थापा रजत और अमरजीत ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

वरिष्ठ बालक वर्ग में शौर्या स्वर्ण, तनिष्क ने रजत तथा दीवेश ने कांस्य पदक जीता। वरिष्ठ बालिका वर्ग की भाला फेंक प्रतियोगिता में सुभाष सदन की अनामिका ने स्वर्ण, रामानुजन सदन की गुनगुन ने रजत और पटेल सदन की प्रगति ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने-अपने सदन का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र और छात्राएं पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संचालन अक्षय और समृद्धि ने किया।

# एमआईसी में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 नवंबर 2015 से 26 नवंबर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाए जाने की श्रृंखला में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर छात्रों तथा शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर व वरिष्ठ प्रवक्ता मयंक रस्तोगी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के शिक्षक रामेश्वर दयाल, विश्वप्रकाश, अरविंद कुमार, डॉ. दिनेश चंद्रा आदि ने विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने कहा कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था, इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है। इसी संविधान के तहत हमारे देश के सभी कानून बनते हैं। संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट समेत देश की सभी अदालतें, संसद, राज्यों के विधानमंडल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत सभी इसी के तहत काम करते हैं। संविधान दिवस का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था, जिसका जश्न हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। हमारा देश जब 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। तब हमारे पास अपना कोई संविधान नहीं था। संविधान के बगैर देश नहीं चलाया जा सकता था, इसलिए इसको बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया। संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉ0 भीमराव अंबेडकर थे, इसलिए उन्हें संविधान निर्माता भी कहा जाता है। संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर 1949 को पूरा हुआ और इसे अपनाया गया। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। साल 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मयंक रस्तोगी, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा, शिवेंद्र आदि मौजूद रहे।



संविधान दिवस मनाते शिक्षक

# सुंदर काण्ड पाठ समिति के सदस्यों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सहायक अध्यापक शिवम दीक्षित के निवास पर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ। शिक्षकों एवं समाजसेवी व अन्य लोगों ने पहुंचकर सुंदर काण्ड पाठ में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक शिवम दीक्षित ने सभी आंगतुकों को भगवान श्रीराम दरबार का फोटो देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

सभी ने श्रद्धा भाव से सुंदर काण्ड पाठ में भाग लिया। इस मौके पर महेश पाल सिंह उपकारी, ऋषि पाल सिंह, अखिलेश त्रिवेदी, निद्रोश शुल्का, हरिभान सिंह, सतीश त्रिवेदी, वैभव सोमवंशी, विभोर सोमवंशी, अनुराग सोमवंशी, किशोर दीक्षित, सुब्रत सोमवंशी आदि लोगों ने सुंदर काण्ड पाठ में भाग लिया। प्रसाद के साथ सभी ने भगवान श्रीराम व हनुमान जी के जयकारे लगाये।


सम्मानित होते समिति के सदस्यगण

# दो दिवसीय पंचायत स्तरीय रबी गोष्ठी व किसान पाठशाला आयोजित

- द-मिलियन फार्मर्स स्कूल बी.ओ के तहत 4 से 20 दिसम्बर के मध्य अभियान के तहत कराया जा रहा है
- ड्यूटी पर लगे कर्मियों की लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर कृषि निदेशक (प्रसार) उप्र के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तरीय रबी गोष्ठी/ किसान पाठशाला दो दिवसीय द मिलियन फार्मर्स स्कूल बी.ओ का आयोजन 4 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के मध्य अभियान के रुप में कराये जाना है।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने जानकारी के देते हुए बताया कि जनपद की कृषि उत्पादकता बढ़ाये जाने एवं कृषकों की आय में वृद्धि करने की रणनीति के संबंध मे विकास खण्ड की औसत उत्पादकता और सर्वाधिक उत्पादकता के बीच अन्तर का न्यूनतम करने, क्षेत्राच्छादन सर्वाधिक है तथा ऐसे प्रगतिशील कृषकों को कार्यक्रम से सीधे जोड़ना जिनकी उच्च कृषि उत्पादकता पिछले तीन वर्षो में रही हो, ऐसे प्रगतिशील कृषकों का उद्धबोधन जनपद के 344 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय रवी गोष्ठीध/किसान पाठशाला करने के निर्देश प्राप्त हुये है। यह किसान पाठशाला ग्राम पंचायत के पंचायत भवन/प्राथमिक पाठशालाओं, उच्च प्राथमिक पाठशालाओं में अपरान्ह 2 से 5 बजे तक कुल तीन घण्टे का कार्यक्रम करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जनपद की ग्राम पंचायतों में गोष्ठियों/किसान पाठशाला के आयोजन हेतु निम्नलिखित विन्दुओं पर मानक के अनुसार ड्यूटी पर लगाये गये समस्त कार्मिक कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिये है। ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशालाओं के आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं एफपीओ के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायें। ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला आयोजन के उपरान्त एक मंच की बैनर के साथ सामने की फोटो पर आवश्यक रूप से अपलोड किया जाये। इस कार्यक्रम में प्रति ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशालाओं में न्यूनतम 80 से 100 कृषकों की सहभागिता करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में स्थानीय परिस्थितियों/एग्री क्लाइमेटिक जोन के अनुसार प्रमुख विषयों/फसलों के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक करना/क्षमता निर्माण के साथ-साथ अन्य विषयों दलहन, तिलहन, निलेट्स, प्राकृतिक खेती, पराली प्रबन्धन आदि विषयों को आवश्यकतानुसार सम्मिलित किया जाये। प्रतियोगिता पुरस्कार हेतु कृषकों के मध्य प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये तथा प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु अनुमन्य धनराशि 500 प्रतिग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/पाठशाला जैव कीटनाशी, कवकनाशी एवं शाकभाजी के बीजों को दिया जाये।

कार्यक्रम में नामित 02 प्रगतिशील कृषकों को प्रथम दिवस में एक कृषक एवं द्वितीय दिवस में द्वितीय कृषक द्वारा पहले आधा घण्टा उदबोधन कराया जाये। पिछले तीन वर्ष की सर्वाधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाले 5 प्रगतिशील कृषकों का चयन किया जाये। जिनको वि.खण्ड/ जनपद/ राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया हो। इन्ही चयनित प्रगतिशील कृषकों एवं कृषि सखियों आदि को ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठीयों/किसान पाठशालाओं में उदबोधन कराया जाये। ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि की सहभागिता व कृषकों की उपस्थिति पंजिका ग्राम प्रधान के द्वारा अनिवार्य रूप से सत्यापित होना चाहिये।ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी, किसान पाठशालाओं के आयोजन में ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि की सामान्य रूप से सहभागिता करायी जा सकती है, परन्तु कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरस्कृत/प्रगतिशील कृषकों द्वारा ही करायी जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु दो रबी फसलों को चिन्हाकिंत करने के उपरान्त उन्ही पर फोकस करते हुये पाठशाला/गोष्ठी में कृषकों को नवीनतम जानकारी देने हेतु चर्चा की जाये। पाठशाला के आयोजन में ग्राम पंचायत पर उपलब्धता के आधार पर एफपीओ के अध्यक्ष/सदस्य से वार्ता कराया जाना सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि इस पाठशाला के आयोजन में जिन कर्मियों को लगाया गया है उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई लापरवाही अगर की जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# राजकीय बालिका इ.का. में नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि नव प्रवर्तन जन जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नव प्रवर्तक किसान, मजदूर, शिल्फकार, मैकेनिक, कारीगर जिन्होंने कार्य को सरल बनाने हेतु कोई नवीन तकनीकी, औषधि, यंत्र, उपकरण आदि का अविष्कार किया हो। ऐसे लोगों को प्रोत्साहन हेतु जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जनपद के नव प्रवर्तकों ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। जिसमें पूनम पाण्डेय द्वारा बनाये गये गोमय उत्पाद को प्रथम स्थान, सेंसर युक्त स्वचलित दरवाजा बनाने हेतु अभिषेक चतुर्वेदी को द्वितीय स्थान, रेशम की चूड़ियां बनाने के लिए गीतांजलि चौहान को तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार में फेसवास बनाने हेतु पूर्णिमा दीक्षित, टिशुकल्चर लैव द्वारा आलू का संरक्षण में पूनम पाल, मानसिक व्यायाम में सौरभ प्रजापति, सिलाई में यासमीन बेगम, आलिया बेगम, आशुतोष राजपूत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मण्डल में डॉ. सौरव कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजना दीक्षित, डॉ. नागेन्द्र प्रसाद, बृजेश कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन सरिता त्रिवेदी ने किया। प्रतिभागियों का पंजीकरण शैलजा मौर्या, बबिता यादव ने किया। प्रथम पुरस्कार 8 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपये दिये गये।

पांच सांत्वना पुरस्कार 2 हजार रुपये व स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वेश शाक्य, प्रवक्ता ऋचा तिवारी, शिल्पी, निर्मला सिंह, गुलशन जहां मौजूद रही।


प्रशस्ति पत्र के साथ नव प्रवर्तक आदि

# ले. कर्नल दीपक शर्मा ने एनसीसी कैडेट्सों व छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 4-यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजयन्द्र शरद के मार्ग दर्शन में एनएकेपी महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी प्रो. ले. पारुल मिश्रा के सहयोग से सेना अस्पताल से आये दंत चिकित्सक ले. कर्नल दीपक शर्मा ने एनसीसी कैडेट्सों व छात्राओं को मुहं और दांतों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। ले0 कर्नल दीपक शर्मा ने कहा कि हमें मुहं की स्वच्छता की आवश्यता क्यों है, ब्रुश करने का सही तरीके होना चाहिए। हमारी खान-पान की प्रणाली की तरह हमारे दांतों को प्रभावित करती है। बहुत ही सहज ढंग से उन्होंने कैडेट्सों एवं प्रवक्ताओं की समस्याओं एवं उत्सुकताओं का समाधान किया। कैडेट्स का सेना में भविष्य देखते हुए उन्होंने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि सेना में भर्ती के समय दांतों का भी किस-किस तरीके से परीक्षण होता है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने ले. कर्नल दीपक शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. ले.पारुल मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर श्रुति गुप्ता, कु0 शालिनी धूसिया, डॉ. रंजना सिंह एवं हवलदार जगदीश धाकड़ व भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



जानकारी देते ले0 कर्नल दीपक शर्मा

# जिला वृक्षारोपण की बैठक में अनुपस्थित यूपी डास्प के मैनेजर का वेतन रोकने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। 20 जुलाई को हुये वृहद वृक्षारोपण के तहत लगाये गये पौधों की सुरक्षा व हरितमा वन एप द्वारा लगाये गए पौधों की जिओ टैगिंग की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभागों की स्थल व पौधों की जिओ टैगिंग में 03 दिन में पूर्ण करे, स्थलवार गणना पंजिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। 03 दिन के अंदर सभी नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों को उपवन योजना के प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिये। सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को एसटीपी का रास्ता सही कराने के निर्देश दिये। भैरो घाट पर सभी नालों की टैपिंग न होने पर नाराजगी जताई। एक सप्ताह में टैपिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिये। किसी भी बिना लाइसेंसी उद्योग को न चलने देने के निर्देश दिये। बिना एनओसी के भट्टो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। जैविक खेती के संबंध में न्याय पंचायत स्तर पर जन जागरण अभियान चलाने के निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित यूपी डास्प के मैनेजर का स्पष्टीकरण तलब करने व वेतन रोकने के निर्देश। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बायो मेडिकल बेस्ट उठा रही कंपनी अनुबंध की शर्तो का पालन कर रही है या नहीं इसका परीक्षण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण समिति की बैठक लेते डीएम

# स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रसव संख्या कम होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

- जननी सुरक्षा योजना के कंसल्टेंट अतुल गुप्ता को नोटिस जारी
- सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले सभी कर्मियों के बनाये जाये पहचान पत्र
- जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों पर हो कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने संस्थागत प्रसव की कम संख्या पर नाराजगी जताई। जिन सीएचसी व पीएचसी में जनपद एवरेज से कम प्रसव हुये है उनके प्रभारियों पर आवश्यक कार्यवाही करें, जननी सुरक्षा योजना के कंसल्टेंट अतुल गुप्ता का कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर नोटिस जारी करने के लिये सीएमओ को निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना में प्रसूताओं के अनुदान भुगतान की खराब स्थिति वाले केंद्रों की जांच व एक सप्ताह में भुगतान पूर्ण करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य समिति की बैठक में कुल 04 प्रस्ताव पेश किये गये। जिसमें नगरीय क्षेत्रों हेतु स्वीकृत 12 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन के लिये पोर्टल के माध्यम से ड्रग, डायग्नोटिक आदि के क्रय का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। जनपद में 04 नवीन एनबीएसयू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद, शमसाबाद, नवाबगंज, बरौन हेतु कुल धनराशि 14,80,000 के आवंटन के भुगतान को स्वीकृति। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई कार्यालय में कार्य हेतु 02 कम्प्यूटर मॉनीटर व 02 एचपी लेरजेट प्रिंटर स्कैनर की जैम पोर्टल से खरीद को मंजूरी दी गई। मॉडल इम्यूनाइजेशन सेन्टर डीडब्लूएच डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल हेतु 136700.00 व मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर यूपीएचसी हेतु 94400.00 की दर से आवंटित धनराशि द्वारा स्थापना का प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी सरकारी अस्पतालों में सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र निर्गत करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

लोहिया हॉस्पिटल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की जाँच के लिये सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम

# देश को मुद्दे से भटकाना चाहती है भाजपा: नीरज प्रताप सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने संभल घटना को लेकर जारी बयान में कहा कि यूपी में जंगल राज है। डबल इंजन की सरकार नफरत फैला रही है। संभल की घटना सोची समझी एजेंडे की कड़ी है। देश को मुद्दे से भटकाने की कोशिश की जा रही है। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष इंजी0 नीरज प्रताप शाक्य ने कहा नफरत की राजनीति को हवा दी जा रही है। धार्मिक स्थलों को तथा स्थिति में बने रहने का लिखित आदेश है। युवाओं को रोजगार न देकर नफरत फैलायी जा रही है। शिक्षा व स्वास्थ्य का सुधार न कर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने अडानी का नाम लेकर करोड़ों की रिश्वतखोरी का आरोप लगाया। संविधान विरोधी सरकार संविधान को तार-तार कर देश के नागरिकों में नफरत का जहर घोल रही है। देश की जनता देख रही है और इंडिया गठबंधन और समूचा विपक्ष एकजुट होकर संभल घटना की कड़े शब्दों में आलोचना करता हैं। सरकार नफरती एजेंडे को बंद करें। डबल इंजन सरकार हर मुद्दे पर फेल है। किसानों को खाद नहीं मिल रही, युवाओं को रोजगार नहीं, जवानों को पेंशन नहीं, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल हैं।


जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य

# नियम 267 पर सभापति के निर्णय का सम्मान होना चाहिए : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि नियम 267 पर सभापति के निर्णय का सम्मान होना चाहिए और इसे मतभेद का कारण नहीं बनाना चाहिए।



सभापति ने बुधवार को सदन में नियम 267 के अंतर्गत विपक्षी दलों के सदस्यों के 18 नोटिसों को अस्वीकार करते हुए कहा कि नियम 267 के अंतर्गत सभापति का निर्णय अंतिम होता है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों में नियम 267 के संदर्भ में सदन ने हर बार सामूहिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। ऐसा माहौल बनाया जाना चाहिए और चर्चा, संवाद, विमर्श और नियमों के पालन के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

श्री धनखड़ ने कहा कि यह सदन वरिष्ठ जनों का सदन है और उच्च सदन है, राज्यों की परिषद है। उन्होंने कहा कि सदन को उन परंपराओं का पालन करना चाहिए जो स्थापित हो चुकी हैं। सभापति के निर्णय का सम्मान होना चाहिए और इससे मतभेद का कारण नहीं बनाना चाहिये। सदन में आज दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति, उत्तर प्रदेश के संभल और मणिपुर में हिंसा तथा अडाणी समूह में कथित अनियमिताओं की जांच कराने के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने पर चर्चा कराने की मांग करते हुए 18 नोटिस दिये गये थे।

### ऐसा माहौल बनाएं जो चर्चा, संवाद का उदाहरण प्रस्तुत करे

सभापति ने कहा कि विभिन्न प्रावधानों और परिस्थितियों में इन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को नियमों के अनुसार उठाने के लिए अवसर मिलेगा। अन्य नियमों में प्रावधान है कि इन मुद्दों को किसी न किसी रूप में प्रस्तावों के माध्यम से उठाया जा सकता है। इसलिए इन नोटिसों को अस्वीकार किया जा रहा है। श्री धनखड़ ने कहा कि नियम 267 के संदर्भ में सदन की यात्रा को देखा जाना चाहिए। पिछले 30 वर्षों में, चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकार रही हो, इस नियम का उपयोग यदा कदा हुआ ही है। इसके उपयोग पर हर बार की पृष्ठभूमि में एक सामूहिक दृष्टिकोण सभी दलों के बीच संवाद और सभी पहलुओं पर विचार होता रहा है। श्री धनखड़ ने कहा, मैं इस सदन के सदस्यों से अपील करता हूं कि इस ऐतिहासिक दिन पर जो संविधान अंगीकरण के शताब्दी वर्ष के चौथे चरण का पहला दिन है, हम उत्पादकता का स्तर बढ़ाएं। हम एक ऐसा माहौल बनाएं जो चर्चा, संवाद, विमर्श और नियमों के पालन के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत करे।

## कांग्रेस ने उठाया बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की असुरक्षा का मुद्दा

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के असुरक्षा के माहौल पर चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को इसका ताजा उदाहरण बताया है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि भारत सरकार बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर दबाव डालेगी। पार्टी वक्तव्य के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी एक एक्स पोस्ट में इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के संत की गिरफ्तारी और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा की खबरें अत्यंत चिंताजनक है। उनकी केंद्र सरकार से अपील है कि इस मामले में हस्तक्षेप किया जाए और बांग्लादेश सरकार के समक्ष अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुद्दा मजबूती से उठाया जाए।

# अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाने की जरूरत : वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाने की जरूरत है। लोकसभा में सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि संसदीय स्थायी समिति को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में और सख्त कानून बनाने के लिए आम सहमति बनाने का आह्वान किया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि हम सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के युग में रह रहे हैं। हालांकि, लोकतांत्रिक संस्थान और प्रेस के पारंपरिक रूप, जो पहले जवाबदेही और सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संपादकीय जांच पर निर्भर थे, समय के साथ यह निगरानी कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह



की संपादकीय निगरानी के अभाव के कारण सोशल मीडिया स्वतंत्र मंच बन गया है। यह एक अनियंत्रित अभिव्यक्ति का स्थान भी बन गया है, जिसमें अक्सर अश्लील सामग्री भी शामिल होती है। सख्त कानूनों पर आम सहमति की जरूरत बताते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक संवेदनशीलता उन क्षेत्रों से बहुत अलग है, जहां ये प्लेटफॉर्म बनाए गए थे। इससे भारत के लिए मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाना अनिवार्य हो गया है। मंत्री ने संसदीय स्थायी समिति से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता के तौर पर लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर सामाजिक सहमति होनी चाहिए, साथ ही इस चुनौती से निपटने के लिए सख्त कानून भी होने चाहिए। दरअसल, मेरठ से सांसद अरुण गोविल (टीवी धारावाहिक रामायण के श्रीराम) ने लोकसभा में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अश्लील कॉन्टेंट को लेकर सवाल पूछा था, सोशल मीडिया पर अभी जो दिखाया जा रहा है, इसने हमारे नैतिक मूल्य और संस्कारों पर बहुत बड़ी चोट पहुंचाई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर जो दिखाया जा रहा है, बहुत अश्लील है, परिवार के साथ बैठकर नहीं देख सकते। इससे हमारे नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है। क्या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अश्लील और यौन सामग्री के अवैध प्रसारण को रोकने के लिए मौजूदा तंत्र प्रभावी है और क्या सरकार इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए कानूनों को और कठोर बनाने की योजना बना रही है?

# सेना प्रमुख ने मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की चार बटालियनों को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए

▶ जनरल द्विवेदी ने मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की व्यावसायिकता को सराहा



एजेंसी

नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की चार बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री सेंटर एंड स्कूल में एक भव्य समारोह के दौरान इन बटालियनों को राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय और सराहनीय सेवा के लिए मान्यता दी गई।

राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित होने वालों में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट की 26वीं और 27वीं और ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की 20वीं और 22वीं बटालियन हैं। सेना प्रमुख ने कलर प्रेजेंटेशन परेड की समीक्षा की और चार मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियनों के मार्चिंग और घुड़सवार दस्तों के बेदाग मानकों की सराहना की। राष्ट्रपति की ओर से उन्होंने बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करने के बाद सभी रैंकों, विशेष रूप से सम्मानित बटालियनों को बधाई दी और युद्ध और शांतिकाल में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की व्यावसायिकता को सराहा। भारतीय सेना के सबसे युवा और सबसे बहुमुखी लड़ाकू हथियारों के रूप में मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री अपनी वीरता और कौशल के लिए प्रसिद्ध है, जिनकी बटालियनें सभी थिएटरों और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात हैं। अपने संबोधन में थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि 1979 में अपनी स्थापना के बाद से मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री आर्म ने भारतीय सेना में आधुनिक और पेशेवर बल के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसने ऑपरेशन पवन, ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन स्नो लेपर्ड जैसे प्रमुख अभियानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में असाधारण साहस, अनुशासन और परिचालन दक्षता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे युद्ध स्वरूपों के बीच मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री का फ्यूचरिस्टिक इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, नाग मिसाइल सिस्टम, कैनिस्टर लॉन्च्ड एंटी-आर्मर सिस्टम, मिनी रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट और इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड टारगेट सिस्टम जैसी उन्नत प्रणालियों के साथ आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

## डीएम की छापेमारी से हड़कंप 73 कार्मिक मिले अनुपस्थित

हरिद्वार। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने नगर निगम कार्यालय में छापेमारी की। नगर निगम कार्यालय में पूर्वाह्न 10:10 बजे की गई छापेमारी के दौरान 73 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने छापेमारी के दौरान अनुपस्थित मिले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सूचना का अधिकार से सम्बंधित पटल का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि रजिस्टर को अपडेट किया जाए और सभी प्रविष्टियां सही से अंकित की जाएं। उन्होंने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि पत्रावलियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि फील्ड कार्मिकों की कार्य प्रणाली पर भी पैनी नज़र रखी जाए। शहर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम के रूटीन के कार्य किसी भी दशा में प्रभावित न हों।

# प्रयाग ग्रुप के दो निदेशक गिरफ्तार करोड़ों के चिटफंड घोटाले का आरोप

एजेंसी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों के चिटफंड घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल स्थित प्रयाग ग्रुप के दो निदेशकों बासुदेव बागची और अभिक बागची को गिरफ्तार किया है। यह कंपनी लंबे समय से ईडी और सीबीआई की जांच के दायरे में थी। ईडी ने कोलकाता में कंपनी से जुड़े कई स्थानों और दोनों निदेशकों के आवासों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाने के बाद इन्हें गिरफ्तार किया।

प्रयाग ग्रुप पर मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजनाओं के तहत लोगों से भारी धनराशि जुटाने, हवाला के जरिए पैसे को बाहर भेजने, निवेशकों को तय रिटर्न देने में धोखाधड़ी करने और मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए काले धन को सफेद करने के गंभीर आरोप हैं। यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों निदेशकों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले इन्हें सीबीआई ने ओडिशा में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय कंपनी पर पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा और असम में अवैध तरीके से जनता से धन जमा करने का आरोप लगा था। ईडी के अनुसार, प्रयाग ग्रुप ने विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग दो हजार करोड़ रुपये जुटाए। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों निदेशक पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी के बेहद करीबी हैं। पार्थ चटर्जी वर्तमान में स्कूल नौकरी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटालों का इतिहास काफी पुराना है। 1980 में संचित घोटाले के बाद राज्य में लंबे समय तक शांति रही, लेकिन 2012 में शारदा और रोज़ वैली जैसे घोटालों ने फिर से राज्य को हिला दिया। अब प्रयाग ग्रुप का यह मामला राज्य में चिटफंड घोटालों की कड़ी में एक और बड़ा मामला बन गया है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीलंका में मौसम खराब, सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त

कोलंबो। श्रीलंका में खराब मौसम को देखते हुए आज प्रभावित इलाके के सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। सरकार ने समुद्र के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया है। डेली मिरर समाचार पत्र के अनुसार, कृषि, पशुधन, भूमि और सिंचाई मंत्रालय के सचिव डीपी विक्रमसिंघे ने कहा कि पराक्रम समुद्र के निचले इलाकों में बाढ़ आने की आशंका है। उन्होंने सिंचाई विभाग और महावेली प्राधिकरण के अधिकारियों को अपने संबंधित स्टेशनों पर रहने के साथ अक्करापट्टुवा और नीलवाला गंगा क्षेत्रों के प्रभावित लोगों के लिए तत्काल आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। विक्रमसिंघे ने छुट्टियों पर गए कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस बीच बट्टिकलोआ के करैतिवु में कल बाढ़ में बहे ट्रैक्टर सवार 14 किशोरों में से आठ का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। गोताखोर उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। एक 15 वर्षीय लड़के का शव बरामद कर लिया गया है।

### यह सामूहिक प्रयासों का युग है : एस जयशंकर

फिउग्गी (इटली)। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को इटली के मध्ययुगीन शहर फिउग्गी में हिंद-प्रशांत के भागीदारों के साथ जी-7 विदेश मंत्रियों के सत्र में अहम बात कही। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयासों का युग है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को व्यावहारिक समाधान के साथ चतुर कूटनीति की जरूरत होगी। इसके अलावा अधिक समायोजन और अधिक खुली वार्ता की आवश्यकता होगी। जी-7 इसमें भागीदार हो सकता है। जयशंकर ने फिउग्गी के इस आयोजन के कुछ चित्र और संबोधन का विवरण एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने खासतौर पर छह बातों का जिक्र किया है। उन्होंने क्वाड के उभार को उल्लेखनीय घटनाक्रम करार देते हुए कहा है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र नए संबंधों और साझेदारी समेत महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि फिउग्गी में इंडो-पैसिफिक भागीदारों के साथ जी-7 विदेश मंत्रियों के सत्र में हिस्सा लेकर खुशी हुई। जयशंकर ने कहा कि सत्र में उन्होंने छह मुद्दों पर चर्चा की-1-समुद्री, अर्धचालक, आपूर्ति श्रृंखला आदि जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग। 2-अधिक संसाधन, बड़ी गतिविधियों और परियोजनाओं का समर्थन।

### प्रियंका गुरुवार को लेंगी संसद की सदस्यता की शपथ

नयी दिल्ली। केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी। श्रीमती वाड्रा के साथ ही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे। इससे पहले वायनाड के नेताओं ने बुधवार को श्रीमती वाड्रा को वायनाड संसदीय उपचुनाव का निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थिति रहे। श्रीमती वाड्रा ने वायनाड के लोगों का जबरदस्त समर्थन कर उन पर विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### बंगलादेश में हिंदुओं पर हिंसा के मुद्दे पर दबाव बनाए सरकार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि बंगलादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा गंभीर मसला बन गया है। वहां हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर भारत को बंगलादेश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कांग्रेस बंगलादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के सामने आ रहे असुरक्षा के माहौल पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। इस्कॉन संत की गिरफ्तारी इसका ताजा उदाहरण है। प्रवक्ता ने कहा कांग्रेस को उम्मीद है कि भारत सरकार बंगलादेश सरकार पर आवश्यक कदम उठाने और अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालेगी।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए संभावित न्यूजीलैंड टीम घोषित

एजेंसी

क्राइस्ट चर्च। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करेंगे। हालांकि टॉम लैथम ने अपनी टीम की प्लेइंग इलेवन का खुलासा नहीं किया, जो इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के शुरुआती मैच में मैदान पर उतरेगी, लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान ने खुलासा किया कि स्मिथ क्राइस्टचर्च टेस्ट में अपना पहला टेस्ट कैप पहनेंगे।

लैथम ने यह भी पुष्टि की कि पूर्व कप्तान केन विलियमसन थ्री लायंस के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी कमर की चोट से उबरकर लंबे प्रारूप में वापसी करेंगे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि केन विलियमसन के टीम में होने से टीम को मजबूती मिलेगी। आईसीसी ने लैथम के हवाले से कहा, केन जैसे खिलाड़ी की वापसी से टीम को मजबूती मिलती है। न्यूजीलैंड वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है और अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट में बेन स्टोक्स की टीम पर 3-0 की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बना सकता है। स्मिथ ने हाल के वर्षों में कीवी टीम के लिए घरेलू क्रिकेट में कुछ मजबूत प्रदर्शनों और इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की स्थिर शुरुआत के दम पर टेस्ट डेब्यू किया है। स्मिथ ने पिछले साल प्लंकेट शील्ड सीजन के दौरान 17.18 की औसत से 33 विकेट लिए थे और 26 वर्षीय खिलाड़ी का अपने करियर में प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी औसत 27.02 है। आईसीसी ने कीवी कप्तान के हवाले से कहा, वह (स्मिथ) ऐसा खिलाड़ी है जो गेंद को हवा में दोनों तरफ घुमा सकता है और विकेट पर काफी जोर से हिट कर सकता है।

## पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार मामले में बरी

ढाका। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को देश के उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया को चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया, जिसमें उन्हें 29 अक्टूबर, 2018 को निचली अदालत ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय ने बुधवार को निचली अदालत के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें श्रीमती जिया और दो अन्य को मामले में सजा सुनाई गई थी। गत 30 अप्रैल, 2019 को उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने भ्रष्टाचार मामले में श्रीमती जिया की दोषसिद्धि और कारावास को चुनौती देने वाली अपील स्वीकार कर ली और निचली अदालत के उस फैसले के एक हिस्से पर भी रोक लगा दी, जिसमें उन पर 10 लाख टका का जुर्माना लगाया गया था।

# सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ई-दाखिल शुरू हुआ, जल्द ही ई-जागृति भी शुरू की जाएगी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उपभोक्ता शिकायत दर्ज करने के लिए लागत प्रभावी और त्वरित प्लेटफॉर्म %ई-दाखिल पोर्टल% को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया है। जल्द ही ई-जागृति भी शुरू की जाएगी। ई-दाखिल पोर्टल उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने और समय पर न्याय सुनिश्चित करने में एक गेम-चेंजर है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि हाल ही में लद्दाख में ई-दाखिल पोर्टल लॉन्च किया है। इसे देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। वहीं, ई-जागृति के शुभारंभ की योजना पर काम चल रहा है। इसका उद्देश्य केस फाइलिंग, ट्रैकिंग एवं प्रबंधन को और बेहतर बनाना है, जिससे



उपभोक्ताओं और हितधारकों को एक सहज अनुभव प्रदान किया जा सके। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 को 20 जुलाई, 2020 को अधिसूचित और लागू किया गया था। ई-दाखिल पोर्टल को सबसे पहले 7 सितंबर, 2020 को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने लॉन्च किया था। 2023 के अंत तक इसे लद्दाख को छोड़कर 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लॉन्च किया गया। अब लद्दाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ. बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने 22 नवंबर, 2024 को लद्दाख उपभोक्ता आयोग में ई-दाखिल पोर्टल लॉन्च किया, यह प्लेटफॉर्म महानगरों से लेकर दूरदराज के इलाकों तक भारत के सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए सुलभ है। यह व्यापक कवरेज उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मंत्रालय के मुताबिक 7 सितंबर, 2020 को शुरू किया गया ई-दाखिल प्लेटफॉर्म उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए एक सरलीकृत ऑनलाइन प्रक्रिया की सुविधा देता है। ये उपभोक्ताओं को शारीरिक रूप से उपस्थित हुए बिना शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाता है। इसके तहत अबतक 281,024 उपयोगकर्ताओं ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 198,725 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 38,453 का समाधान किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# कौशल विकास कार्यक्रम के तहत युवाओं को दिया कंप्यूटर प्रशिक्षण



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। माण्डवी फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक उत्थान की पहल को आगे बढ़ाते हुए एसीएसआई कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सी-ब्लॉक राजाजीपुरम में एक विशेष कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम उन युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जो डिजिटल युग में रोजगार के नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी से लेकर माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट उपयोग, ग्राफिक डिजाइन और बेसिक प्रोग्रामिंग जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। प्रशिक्षकों ने सरल और व्यावहारिक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि हर उम्र और पृष्ठभूमि के प्रतिभागी इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में 50 से अधिक युवाओं प्रशिक्षण कार्यक्रम में ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे न केवल उनकी कौशल क्षमता बढ़ी है, बल्कि रोजगार के नए अवसरों के लिए भी मार्ग प्रशस्त हुआ है। माण्डवी फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, ÷हमारा लक्ष्य युवाओं को सक्षम बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण उन्हें डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगा। कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के संचालक अजय राजपूत ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की अपील की। समापन के बाद कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी युवाओ को उपहार स्वरुप कंप्यूटर से सम्बंधित किट गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में प्रज्ञा सिंह, सेनू गुप्ता, चांदनी पाण्डेय, मीनाक्षी देवल (मीना), सोनी रावत, सुधा शर्मा, जैसिका सिंह, साक्षी सिंह, आलोक त्रिपाठी, अंकित पाण्डेय, आलोक कश्यप, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिंह, जय सिंह, वीर राठौर आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

# एशियन राइफल व पिस्टल कप 2026 की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। एशियन शूटिंग कन्फेडरेशन (एएससी) की कार्यकारी समिति ने एशियन राइफल/पिस्टल कप 2026 की मेजबानी के अधिकार भारत को प्रदान किए हैं। यह घोषणा नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने की है। एएससी के महासचिव इंजीनियर दुआज अल ओतैबी की ओर से एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह को भेजे गए एक पत्र में होस्ट फेडरेशन से इस प्रतियोगिता के प्रस्तावित तिथियों की जानकारी मांगी गई है। इस निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, के. सुल्तान सिंह ने कहा, ÷हमें एक और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपे जाने पर बेहद खुशी हो रही है। हम एएससी की कार्यकारी समिति के प्रति अत्यंत आभारी हैं और हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करते हैं।÷ एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, ÷यह भारतीय शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते कद का एक और प्रमाण है, और हमें खुशी है कि हमारे निशानेबाजों को दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ घरेलू दर्शकों के सामने अपनी क्षमता साबित करने का एक और मौका मिलेगा। हम भारत सरकार, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं, जो उन्होंने हमेशा भारतीय शूटिंग को प्रदान किया है।÷ भारत ने इससे पहले 2015 में 8वीं एशियाई एयर गन प्रतियोगिता और उसके एक साल बाद एशियन ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी की थी। इसी अवधि में, भारत ने कुल छह शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) प्रतियोगिताओं की भी मेजबानी की, जिनमें दो वर्ल्ड कप फाइनल शामिल हैं। हाल ही में, पिछले महीने नई दिल्ली में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) इसका ताजा उदाहरण है।

# नाडा ने पुनिया को चार साल के लिए किया निलंबित

### पुनिया को चयन ट्रायल के दौरान डोप परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार करने पर की कार्रवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने मंगलवार को बजरंग पुनिया को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान 10 मार्च को डोप परीक्षण के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर चार साल के लिए निलंबित कर दिया है।

नाडा ने टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता पहलवान को इस अपराध के लिए सबसे पहले 23 अप्रैल को निलंबित किया था, जिसके बाद विश्व शासी निकाय यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने अनंतिम निलंबन के खिलाफ अपील की थी, और नाडा के अनुशासन-विरोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने 31 मई को इसे रद्द कर दिया था, जब तक कि नाडा ने आरोप का नोटिस जारी नहीं कर दिया।



इसके बाद नाडा ने 23 जून को पहलवान को नोटिस दिया। साथी पहलवान विनेश फोगट के साथ कांग्रेस में शामिल हुए बजरंग को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रभार दिया गया था। उन्होंने 11 जुलाई को लिखित रूप से आरोप को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और 4 अक्टूबर को सुनवाई हुई थी।

एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा, पैनल का मानना है कि एथलीट अनुच्छेद 10.3.1 के तहत प्रतिबंधों के लिए उत्तरदायी है और 4 साल की अवधि के लिए अयोग्य है।

### डोप विश्लेषण उद्देश्यों के लिए मूत्र का नमूना प्रदान करना जरूरी

निलंबन का मतलब है कि बजरंग प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं कर पाएंगे और अगर वह चाहें तो विदेश में कोचिंग की नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। नाडा ने अपनी कार्रवाई का कारण भी बताया, उन्होंने कहा कि चैपरोन/डीसीओ ने उनसे विधिवत संपर्क किया था और उन्हें सूचित किया था कि उन्हें डोप विश्लेषण उद्देश्यों के लिए मूत्र का नमूना प्रदान करना आवश्यक है। बजरंग ने अपने लिखित सबमिशन में कहा कि पिछले दो मामलों में नाडा के आचरण ने एथलीट के मन में अविश्वास पैदा कर दिया था, खासकर जब नाडा ने दोनों ही मामलों में डोपिंग नियंत्रण प्रक्रिया के प्रति उनके उदासीन दृष्टिकोण को स्वीकार करने या यहां तक कि प्रतिक्रिया देने में विफल रहा, अपने कर्तव्यों के वितरण से संबंधित उनकी कार्रवाई की जिम्मेदारी लेने में विफलता का मतलब था कि एथलीट नैतिक रूप से एक वरिष्ठ एथलीट के रूप में रिसॉर्ट में रुख अपनाने के लिए बाध्य था, जो खेल समुदाय में अपनी आवाज रखता है। बजरंग ने यह भी कहा कि यह सीधे तौर पर इनकार नहीं था। एथलीट हमेशा अपना नमूना प्रदान करने के लिए तैयार था, बशर्ते कि उसे पहले एक्सपायर किट के उपयोग के संबंध में नाडा से प्रतिक्रिया मिले हालांकि, नाडा ने कहा, फ्रडोप परीक्षण के लिए मूत्र का नमूना देने से एथलीट द्वारा साफ इनकार जानबूझकर किया गया था और एथलीट ने एंटी डोपिंग नियम, 2021 के अनुच्छेद 20.1 और 20.2 के अनुसार अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा का प्रदर्शन किया है।

वर्तमान मामले में, चूंकि एथलीट को अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था, इसलिए पैनल तदनुसार मानता है कि एथलीट की चार साल की अवधि के लिए अयोग्यता की अवधि उस तारीख से शुरू होगी, जिस दिन अधिसूचना भेजी गई थी, यानी 23.04.2024। आदेश में कहा गया, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि 31.05.2024 से 21.06.2024 तक की अवधि के लिए अनंतिम निलंबन को हटाने के कारण चार साल की अयोग्यता की कुल अवधि में कोई राशि नहीं जोड़ी जाएगी।